आजाद सिपाही

* ओड़िशा संस्करण

रांची 14 फरवरी, 2024, बुधवार, वर्ष 09, अंक 115, माघ, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2080, पृष्ठ :12, मूल्य : ₹3.00

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand

Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING: ANM GNM | POST BASIC B.SC. | BASIC B.SC./M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG | X-RAY OPHTHALMIC | ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

न्यूज रील्स

जब मेरे बयान पार्टी के नहीं तो महासचिव क्यों रहूं: मौर्य

लखनऊ। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि उन्होंने पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने मंगलवार शाम अखिलेश यादव को पत्र भेजा। इसमें उन्होंने लिखा कि मैंने पार्टी का जनाधार बढ़ाने की हर कोशिश की। जब मैं पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए कोई भी बयान देता हूं, तो पार्टी के कुछ छुटभैया और कुछ बड़े नेता इसे मेरा निजी बयान बताते हैं। बढ़ा हुआ जनाधार पार्टी का और जनाधार बढ़ाने का प्रयास और बयान पार्टी का न होकर निजी कैसे? अगर राष्ट्रीय महासचिव पद में भी भेदभाव है, तो में समझता हूं ऐसे भेदभाव पूर्ण, महत्वहीन पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए मैं महामंत्री पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

पूर्व सीएम अशोक चव्हाण भाजपा में शामिल

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे अशोक चव्हाण मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गये। उनके साथ कांग्रेस के पूर्व एमएलसी अमर राजुलकर ने भी भाजपा की सदस्यता ली। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलायी। सूत्रों के मुताबिक, चव्हाण को भाजपा राज्यसभा भेज सकती है।

दुमका: अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में सीएम ने की बड़ी घोषणा

2027 तक 20 लाख लोगों को देंगे पक्का मकान: चंपाई

- दुमका, जामताड़ा एवं देवघर के 25385 लाभुकों को सौंपा स्वीकृति पत्र
- डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त की राशि के रूप में 76 करोड़ 15 लाख रुपये का किया हस्तांतरण

आजाद सिपाही संवाददाता

दुमका। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि वर्ष 2027 तक झारखंड में हर गरीब का अपना मकान होगा। कोई भी व्यक्ति झुग्गी-झोंपड़ी, टूटे-फूटे और जर्जर घर में रहने को मजबूर नहीं होगा। सभी को तीन कमरे का पक्का मकान मिलेगा। राज्य सरकार ने अपने बलबूते 20 लाख गरीब, जरूरतमंद और आवासविहीन लोगों के अपना आशियाना होने के सपने को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ा दिये हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को दुमका जिले के जामा प्रखंड स्थित कमार दुधानी में आयोजित 'अबुआ आवास योजना' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने दुमका के 9827, जामताड़ा के 5711 और देवघर जिला के 9847 लाभुकों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त की राशि के रूप में 76 करोड 15 लाख 50 हजार रुपये हस्तांतरित किये।

बिचौलियों और गलत करनेवालों पर होगी कार्रवाई: मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ आवास योजना का गलत तरीके से लाभ लेनेवालों और बिचौलियों के साथ इसमें संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि वे पूरी पारदर्शिता के साथ प्राथमिकता सूची के तहत लाभुकों को मकान स्वीकृत करें।

कार्यक्रम में ये थे मौजूद: इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक नलिन सोरेन, स्टीफन मरांडी, सीता सोरेन, प्रदीप यादव, बसंत सोरेन, इरफान अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

आपके हर सुख-दुःख में सरकार आपके साथ

चंपाई सोरेन ने कहा कि आपने इस सरकार को चुना है। यह आपकी सरकार है। ऐसे में आपकी उम्मीदों, आकांक्षाओं-अरमानों और विश्वास को हम टूटने नहीं देंगे। इस राज्य में किसी से कोई भेदभाव नहीं होगा। हर किसी को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार मिलेगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

हेमंत की विकास योजनाओं को नया आयाम दे रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्थाओं में सुधार लाये बिना राज्य को आगे नहीं ले जा सकते हैं। इस बात को ध्यान में रख कर आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य समेत अन्य सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और मजबूत किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विपरीत परिस्थितियों के बीच भी अपने कुशल नेतृत्व में जिस तरह विकास को नया आयाम दे रहे थे, उसी को आगे बढ़ाने का काम हमारी सरकार कर रही है।

हर वर्ग एवं समुदाय के सशक्तिकरण पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़े, किसान-मजदूर, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला, बच्चे समेत हर वर्ग और तबके के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी बुजुर्ग, महिला, दिव्यांग और विधवा को पेंशन मिल रही है। किसान को सालों भर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसके अलावा भी अनेकों ऐसी योजनाएं हैं, जिनके जरिये लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। आप सरकार की योजनाओं से जुड़ें और राज्य के विकास में भागीदार बने।

बिना शिक्षा के समाज आगे नहीं बढ़ेगा

चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। क्योंकि, बिना अच्छी शिक्षा के समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना आदि के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड ग्रामीण परिवेश वाला राज्य है यहां के ज्यादातर ग्रामीण कृषि और मजदूरी पर निर्भर है ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अब 100 यूनिट की बजाय 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया है। इससे 30 लाख बिजली उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

दिल्ली जाने के लिए अड़े किसान

पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने रबर की गोलियां चलायीं, खनौरी बॉर्डर पर लाठियां चलीं

आजाद सिपाही संवाददाता

अंबाला। पंजाब से किसान दिल्ली चलो मार्च के लिए निकल चुके हैं। दिल्ली के आसपास के बॉर्डर पर किसानों को रोकने के चाक-चौबंद इंतजाम किये गये हैं। पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की गयी, तो पुलिस ने ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़े। हरियाणा में कई जगहों पर किसानों ने बैरिकेड हटा दिये। पंजाब के एक किसान ने बताया कि हम सूई से हथौड़ा तक सब लेकर चले हैं। हमारे पास पर्याप्त डीजल और पत्थर तोड़ने के औजार भी हैं। हम गांव से छह महीने का राशन लेकर चले हैं।

आंदोलन को देखते हुए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के बॉर्डर सील कर दिये गये हैं। हरियाणा के सात और राजस्थान के तीन जिलों में इंटरनेट बंद है। 15 जिलों में धारा 144 लागू है। हरियाणा और दिल्ली का सिंघु-टीकरी बॉर्डर, यूपी से जुड़ा गाजीपुर बॉर्डर सील है। दिल्ली में भी कड़ी बैरिकेडिंग है। यहां एक महीने के लिए धारा 144 भी लागू कर दी गयी है। उधर, शंभू बॉर्डर पर किसानों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने रबर बुलेट चलायी थीं। एक गोली सतवीर नाम के किसान की आंख पर लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि सरकार किसानों की मांगों को लेकर सीरियस नहीं है। उसके मन में खोट है। वह सिर्फ टाइम पास करना चाहती है। हम सरकार के प्रस्ताव पर विचार करेंगे, लेकिन आंदोलन पर कायम हैं।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2024
Empowering students for a brighter future
B.TECH PROGRAMMES IN ELECTRONICS
- Electrical & Electronics Engineering
- Electronics & Communication Engineering

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC & AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Accredited by NBA
- Ranked in QS World Rankings 2024

NIRF INDIA RANKINGS 2023
- 15th Best in University Category
- 27th Best in Engineering Category

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

राहुल गांधी न्याय यात्रा छोड़ कर दिल्ली रवाना

झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ने कहा: यात्रा जारी रहेगी

छत्तीसगढ़ में राहुल ने एमएसपी की लीगल गारंटी का वादा किया

आजाद सिपाही संवाददाता

अंबिकापुर/गढ़वा। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को अचानक रोक दी गयी। राहुल गांधी अंबिकापुर से विशेष विमान से दिल्ली रवाना हो गये। इससे पहले राहुल ने छत्तीसगढ़ में एमएसपी की लीगल गारंटी का वादा किया। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने बताया कि पंजाब-हरियाणा में किसान आंदोलन को देखते हुए राहुल दिल्ली पहुंच रहे हैं। वह आंदोलन कर रहे किसानों से मुलाकात कर सकते हैं। राहुल के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रवाना हुए हैं। वहीं, चर्चा है कि सोनिया गांधी बुधवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करेंगी। इसलिए वह गये हैं। उधर, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने गढ़वा में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि झारखंड में यात्रा जारी रहेगी। न्याय यात्रा गढ़वा के गोदरमना में बुधवार को प्रवेश करेगी। हालांकि राहुल गांधी इसमें शामिल नहीं होगें, उन्हें आवश्यक काम से दिल्ली लौटना पड़ा है।

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शेड्यूल के मुताबिक यात्रा को बलरामपुर के लिए रवाना होना था। यहां रात्रि विश्राम करने के बाद बुधवार 14 फरवरी को राहुल को झारखंड के लिए रवाना होना था। फिलहाल यात्रा बलरामपुर में ही है। इससे पहले अंबिकापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने किसानों को एमएसपी की लीगल गारंटी का वादा किया। राहुल ने कहा कि यह मुद्दा कांग्रेस के इलेक्शन मेनिफेस्टो में शामिल होगा। केंद्र में हमारी सरकार बनते ही इसे लागू किया जायेगा। फसलों के दाम कम होने पर भी सरकार इसकी भरपाई करेगी।

कोकर में रमेश गोप के घर पर इडी का छापा

मोबाइल और अन्य दस्तावेज जब्त कर ले गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जमीन कब्जा से जुड़े मामले में मंगलवार को जमीन कारोबारी रमेश गोप के कोकर के अयोध्यापुरी आवास पर छापेमारी की। लगभग छह घंटे तक इडी की टीम ने वहां जांच-पड़ताल की। रमेश गोप से इडी के अधिकारियों से लंबी पूछताछ की। जाने के क्रम में इडी के अधिकारी रमेश गोप का मोबाइल फोन और कुछ अन्य दस्तावेज अपने साथ ले गये।इडी की टीम सुबह 6 बजे रमेश गोप के घर पहुंची थी और करीब 1.30 बजे दोपहर में लौटी।

हेमंत की न्यायिक हिरासत 22 तक बढ़ी

इस बीच बरियातू की 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल के मामले में आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत की अवधि इडी कोर्ट ने मंगलवार को 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। बड़गाईं के उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 22 फरवरी तक निर्धारित है। गौरतलब है कि 31 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन को 1 फरवरी को इडी के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया था।

इसके बाद उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 13 फरवरी तक के लिए की गयी थी। मंगलवार को यह अवधि समाप्त हो रही थी, जिसे देखते हुए इडी कोर्ट ने हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत की अवधि आज बढ़ा दी है। अभी फिलहाल वह इडी के रिमांड पर हैं और उनसे पूछताछ चल रही है।

SUZUKI
EMBRACE FRESHNESS
WITH AMAZING SUZUKI OFFERS
CASHBACK OFFER UP TO ₹13000* ON MOTORCYCLES
LOAN UP TO 100%* ON SCOOTERS & MOTORCYCLES
NO HYPOTHECATION* ON SCOOTERS & MOTORCYCLES
EXCHANGE OFFER UP TO ₹20000* ON MOTORCYCLES
EXTENDED WARRANTY 8+2 YEARS** ON MOTORCYCLES ONLY

• Images are used for illustration purposes only. • *Finance scheme, rate of interest and loan approval through preferred financer partners at their sole discretion& no obligation on manufacturer. Scheme mentioned – No Hypothecation, No cost EMI & Loan up to 100% are three different scheme and cannot be clubbed together. The offer valid on select models and is subject to availability Financer(s) can withdraw this scheme anytime without prior notice. The above schemes are through our preferred partners. Exchange Bonus/cashback – The offer is valid for meeting the following criteria: Any Two-Wheeler manufactured in 2022, 150cc of engine capacity in case of Motorcycle and 110cc of engine capacity in case of scooter, mileage up to 20K kms, 1st owner only, non-accidental history, possession of valid RC (Reg. certificate), Valid Insurance, Non-Hypothecated vehicle & with Zero Traffic Violation fees. The exchange value of 50k is applicable on Motorcycle. Also, exchange value is subject to physical /actual evaluation and may vary based on the condition of the customer's two-wheeler before acceptance. The final price of old vehicle will be communicated and decided by the dealer at their sole discretion, wherein SMIPL do not have any role, responsibility, or obligation towards the exchange value. Valid service record of the vehicle should be available. SMIPL reserves right to reject any exchange request that does not meet the specified criteria. The offer is valid for limited time and is subject to change /terminate without prior notice.* Cashback up to ` 7000 on Gixxer/SF 250 & V-strom SX. Cashback up to ` 5000 on Gixxer SF/150 series. Exchange offer & Cashback offer are individual offers and cannot be clubbed *Extended warranty subjected to company policy, eligibility conditions. Limited time offer may change. For detailed warranty terms kindly refer owners-manual provided with the vehicle. Conditions apply normal operating guidelines must be followed.* • *** For the latest authentic information, kindly contact your nearest Authorized Dealer. V-Strom SX is available at Suzuki Premium Dealership only. All offer valid till stock last. • Company reserves the right to modify or withdraw any or all offers without any prior notice. Offers valid till 31st January 2024.

SUZUKI at your Doorstep
FEDERAL BANK | Bank of Baroda Credit Card | IN ASSOCIATION WITH IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS | AU Small Finance Bank | one card | SUZUKI WARRANTY COVERAGE UP TO 10 YEARS | SUZUKI ROADSIDE ASSISTANCE
Ride safe. Wear a helmet.

MAHALAXMI SUZUKI
(FIRST PREMIUM DEALER IN RANCHI)
Mahalaxmi Tower, Kishoreganj, Harmu Road, Ranchi
Mobile : +91 6206804200 / 02 / 05 / 09 /16

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,800 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो

खूंटी लोकसभा सीटः जातीय समीकरण और मुद्दों के बीच उलझ रहे राजनीतिक दल

जय श्रीराम, जय सरना, जय पत्थलगड़ी में विभक्त हैं मतदाता

■ सरना धर्मकोड और 1932 का खतियान भी गूंज रहा है कुछ क्षेत्रों में

■ फिलहाल भाजपा और कांग्रेस दोनों से दूरी बना रखी है कुरमी मतदाताओं ने

आजाद सिपाही विशेष

कहा जाता है कि विकास, मौजूदा सरकार के कामकाज, विपक्ष द्वारा उठाये जा रहे मुद्दे और भविष्य के वायदे पर चुनाव परिणाम टिके होते हैं। मतदाता इन्हीं सब बातों को देखते हुए वोट देते और जनप्रतिनिधि चुनते हैं। देश के अन्य हिस्सों में भले ही ऐसा होता हो, लेकिन बिहार और उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों में कम से कम ये बातें नीचले पायदन पर हैं। यहां चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण जातीय समीकरण है। इसके बाद मुद्दा आता है। चूंकि झारखंड का निर्माण वर्ष 2000 में बिहार से कट कर हुआ है, इसलिए यह राज्य भी अब तक चुनाव में जातीय समीकरण से उबरा नहीं। यहां भी उम्मीदवारों का चयन मतदाताओं की जातिगत स्थिति को आंक कर ही किया जाता है। मतदाता भी इसी जातीय समीकरण के इर्द-गिर्द रहते हुए वोट डालते हैं। लोकसभा 2024 के चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है। अगले एक महीने के भीतर चुनाव की घोषणा होने की संभावना है। इसलिए राजनीतिक दल अब लोकसभा सीटों का आकलन करने में जुट गये हैं। जातीय समीकरण को देखा जा रहा है। अपने-अपने दल के वर्तमान नेता (पिछले चुनाव के उम्मीदवार) का लेखा-जोखा देखा जा रहा। आगामी चुनाव में उम्मीदवारी के नये दावेदारों को परखा जा रहा है। क्षेत्र की जनता का नब्ज टटोलने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड के खूंटी जिले का राजनीतिक दल आकलन कर रहे हैं। इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में कोई भी पार्टी भाजपा हो या कांग्रेस या फिर झामुमो अपनी जीत के प्रति फिलहाल तो पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। जिले के ज्यादातर क्षेत्र में मतदाताओं के बीच जातीय समीकरण के साथ अलग-अलग मुद्दे तैर रहे हैं। क्षेत्र के मतदाता तीन भागों में बंटे हुए दिख रहे हैं। उनके बीच राम मंदिर से लकेर सरना धर्म कोड और पत्थलगड़ी जैसे मुद्दे हैं। कुछ इलाके ऐसे भी हैं, जहां के मतदाता फिलहाल मौन धारण किये हुए हैं। लिहाजा राजनीतिक दलों के लिए यह क्षेत्र एक चुनौती बन गया है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र का आकलन करती हमारे राजनीतिक संपादक प्रशांत झा की रिपोर्ट।

प्रशांत झा

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने तीन साल पहले अपनी रिपोर्ट में बताया था कि झारखंड में ओबीसी वर्ग की आबादी करीब 55 फीसदी है। समय-समय पर ओबीसी वर्ग से जुड़े अलग-अलग संगठनों द्वारा भी यह दावा किया गया कि झारखंड में 55 फीसदी के साथ ओबीसी वर्ग की आबादी सबसे ज्यादा है। वहीं, राज्य में दलित आबादी 16.33 फीसदी है, तो 28 फीसदी आदिवासी रहते हैं। जाहिर है कि जब जातीय समीकरण पर चुनाव होंगे, तो हर जाति के लोगों को अपने-अपने वर्ग का प्रतिनिधित्व चाहिए।

खूंटी की बात की जाये, तो यह जिला रांची से विभाजित होकर 2007 में बना। इसका क्षेत्र 2611 वर्ग किमी है। जनसंख्या 6 लाख के करीब है। जिला के अंदर छह प्रखंड, 86 पंचायत और 756 गांव हैं। इस क्षेत्र में सामान्य वर्ग के लोगों की जनसंख्या कम है। ओबीसी भी नहीं के बराबर हैं। इसलिए खूंटी लोकसभा सीट एसटी के लिए आरक्षित है। इसमें पूरा खूंटी और सिमडेगा जिला के अलावा रांची और सरायकेला-खरसावां जिले का कुछ हिस्सा भी शामिल है। लोकसभा के अधीन छह विधानसभा क्षेत्र खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, सिमडेगा और कोलेबिरा आता है। खूंटी लोकसभा में लगभग 90 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्र में रहती है। लोकसभा क्षेत्र के अनुसार यहां की आबादी लगभग 17 लाख के करीब है और मतदाता 11 लाख से अधिक हैं।

आदिवासी और ईसाई, क्षेत्र में सबसे अधिक

खूंटी जिला का जातीय समीकरण दूसरे जिलों से अलग है। लोकसभा सीट आरक्षित है, तो इसकी सभी छह विधानसभा सीटें भी आरक्षण के दायरे में ही हैं। यानी इतना तय है कि इस क्षेत्र में सवर्ण और मुसलिम की जनसंख्या बहुत ही कम है। खूंटी जिला में मुख्य रूप से मुंडा जनजातियों का प्रभुत्व है। यहां की प्रमुख निवासी मुंडा जनजातियां हैं। यहां जनजातीय आबादी की संख्या बहुत अधिक है। प्राप्त आंकड़ो के हिसाब से अनुसूचित जनजाति 59.87 फीसदी है, वहां अनुसूचित जाति 5.75 फीसदी।

इसके बाद ईसाई जाति के 26.84 फीसदी लोग हैं। जैन 0.04 फीसदी, बौद्ध 0.07 फीसदी, मुसलमान 5.01 फीसदी और सिख 0.06 फीसदी हैं। लिहाजा राजनीतक दल भी अपने उम्मीदवार जाति के हिसाब से चुनते हैं। मुंडा का वर्चस्व होने के कारण सभी दल इस जाति के नेता को प्रत्याशी के रूप में उतारना चाहते हैं। चूंकि सभी प्रतिद्वंद्वी लगभग एक ही जाति के होते हैं, इसलिए समीकरण के साथ-साथ क्षेत्र में मुद्दा भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

तीन मुद्दों के बीच घूम रहे मतदाता



खूंटी पांच जिलों रांची, प. सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, गुमला और सिमडेगा से घिरा है। रांची से चलते हैं, तो जिले के कर्रा और बुंडू प्रखंड पहले मिलता है।

इसी तरह गुमला से तोरपा, तो प.सिंहभूम से मुरहू प्रखंड पहले मिलेगा। खूंटी जंगल-झाड़, झरना, पहाड़ आदि से घिरा क्षेत्र है। जिले की साक्षरता दर 64.51 फीसदी है, जबकि लोकसभा क्षेत्र की साक्षरता दर 57.46 फीसदी है।

चूंकि 90 फीसदी से अधिक आबादी गांव में बसती है, इसलिए मुद्दे भी इसी तरह के हैं। खूंटी में मतदाताओं के बीच तीन तरह के मुद्दे तैर रहे हैं। पहला सरना धर्म कोड और पत्थलगड़ी, दूसरा राम मंदिर यानी हिंदुत्व और तीसरा स्थानीय सुविधा और योजनाओं के मुद्दे।

कुछ मतदाता हैं बंटे, तो कुछ हैं मौन

खूंटी आदिवासी बहुल क्षेत्र है। सवर्ण मतदाताओं की संख्या काफी कम है। ज्यादातर सवर्ण मतदाता शहरी क्षेत्र या इसके आसपास रहते हैं। इनमें प्रमुख रूप से राम मंदिर का मुद्दा है। वह इसके पक्षधर हैं। वह हर बात में जय श्रीराम कहते हैं। इनका भाजपा की तरफ झुकाव दिखता है, वहीं कुर्मी जाति के बीच थोड़ी नाराजागी दिखती है। उन्होंने चुप्पी साध रखी है। यह आबादी जय श्रीराम, जय सरना या जय पत्थलगड़ी से अपने को दूर किये हुए है। एक बात और है कि जहां सवर्ण जाति के मतदाता ज्यादा हैं, वहां मुसलिम मतदाता भी कमोबेश उतने ही हैं। जो भाजपा के विरोध में दिखते हैं। जहां जय श्रीराम का नारा गूंजता है, वहां वे अल्लाह-ओ-अकबर का नारा बुलंद करते हैं। यानी यहां मिलीजुली स्थिति होगी। इसी तरह एसटीएससी मतदाता भी बंटे हुए हैं। चूंकि आदिवासी मतदाताओं की तादाद सबसे अधिक है, इसलिए किसी प्रत्याशी की हार-जीत उन्हीं पर निर्भर करता है। जिले में जैसे-जैसे ग्रामीण क्षेत्र की ओर बढ़ते हैं राम मंदिर जैसी बातें कम जय सरना, सरना धर्म कोड और पत्थलगड़ी का मामला ज्यादा सुनाई देने लगता है। जहां सरना धर्म कोड और पत्थलगड़ी समर्थकों की संख्या ज्यादा है, वहां के मतदाताओं का भाजपा की तरफ झुकाव कम दिखता है। बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, आवास, विकास जैसे मुद्दे कुछ-कुछ आमजनों के बीच हैं, लेकिन मतदाता इन्हें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं में अंतर नहीं कर पाते। उन्हें इस बारे में समझा पाना भी आसान नहीं है। कुछ जगहों पर सरकार से नाराजगी है, तो कुछ जगहों पर संतुष्टि। लिहाजा मतदाता की राय भी उसी आधार पर बनती दिखायी देती है।

खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कुल 11.74 लाख मतदाता

खूंटी लोकसभा सीट में खूंटी और सिमडेगा जिला के अलावा रांची और सरायकेला-खरसावां जिले का कुछ हिस्सा भी शामिल है। लोकसभा के अधीन छह विधानसभा क्षेत्र खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, सिमडेगा और कोलेबिरा आता है। इस लोकसभा क्षेत्र के आधे से अधिक वोटर खूंटी जिला के हैं, जबकि कुछ वोटर सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां और रांची जिला में आते हैं। लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 11.74 लाख हैं।

पिछले चुनाव में कांटे की टक्कर

वर्तमान में लोकसभा सीट पर भाजपा का कब्जा है। लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच टक्कर रही है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र में भाजपा का दबदबा था। भाजपा का वोट प्रतिशत 37.7 था, जबकि कांग्रेस का वोट प्रतिशत 20.6 था। बीते लोकसभा चुनाव यानी 2019 में भाजपा को 45.9 फीसदी वोट मिले थे, वहीं कांग्रेस को 45.8 फीसदी वोट मिले थे। यानी दोनों दलों के बीच केवल 0.1 फीसदी वोटों का अंतर रहा। वर्ष 2019 में ही लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव हुए थे। इस क्षेत्र की दो-दो विधानसभा सीटों पर भाजपा, कांग्रेस और झामुमो का कब्जा है। बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा को 32.8 प्रतीशत, तो कांग्रेस को 23.9 और झामुमो को 13.4 फीसदी वोट मिले थे। यानी गठबंधन दल को 37.3 फीसदी वोट मिले, जो भाजपा से अधिक थे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा अर्जुन मुंडा ने चुनाव जीता था। उन्हें 3,82,638 वोट मिले थे, वहीं दूसरे नंबर पर कांग्रेस के कालीचरण मुंजा रहे थे। उन्हें 3,81,193 वोट मिले थे। अर्जुन मुंडा केवल 1098 वोट से चुनाव जीते थे। अगर लोकसभा क्षेत्र के अदीन आने वाले विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग परिणाम पर नजर डालें, तो लोकसभा चुनाव में भाजपा को केवल खरसावां और तमाड़ से बढ़त मिली थी। बांकी चार विधानसभा क्षेत्र तोरपा, सिमडेगा, खूंटी और कोलेबिरा से कांग्रेस ने बढ़त हासिल की थी।

वर्ष 2019 के चुनाव परिणाम

- कुल मतदाता-11,74,643 (पुरुष-5,89,866 और महिला-5,84,776)
- कुल मतदान केंद्र-1705
- कुल उम्मीदवार-10
- मतदान प्रतिशत-65.22
- उम्मीदवार और वोट मिले
- अर्जुन मुंडा (भाजपा)-3,82,638
- काली चरण मुंडा (कांग्रेस)-3,81,1193
- नोटा-21,245
- मीनाक्षी मुंडा (निर्दलीय)-10989
- अजय टोप्पो (झारखंड पार्टी)-8838
- इंदुमति मुंडू (बसपा)-7663
- नियारन हेरजन-(निर्दलीय)-4560
- सिबिल कंडूलना (राष्ट्रीय सेंगल पार्टी)-3895
- अविनाशी मुंडू (हम भारतीय पार्टी)-2373
- नील जेस्टाइन बेक (बीएमएसएम)-1864
- मुन्ना बड़ाइक (एएनपी)-1864

मतदाताओं को होगा साधना

लोकसभी चुनाव का एलान नहीं हुआ है, लेकिन मौजूदा परिस्थिति में भाजपा या कांग्रेस दोनों में किसी का पलड़ा भारी नहीं दिख रहा। पिछले पांच साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह जैसे नेताओं का खूंटी दौरा हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिरसा मुंडा की जन्म स्थली उलिहातू गांव तक पहुंच गये। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का रूट खूंटी रहा, हालांकि वह उलिहातू नहीं जा सके, लेकिन खूंटी में लोगों को संबोधित किया। अभी चुनाव में समय है। भाजपा और कांग्रेस दोनों को प्रत्याशी चयन से लेकर लोकसभा की सभी 1700 मतदान केंद्रों तक पहुंच बनाने की जरूरत है। मतदाताओं को साधना जरूरी है। तभी भाजपा या कांग्रेस अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हो सकती हैं।

झामुमो और कांग्रेस ने राज्य को लूटा, लुटवायाः बाबूलाल

कहा- इडी जब कार्रवाई कर रही है, तो झामुमो बौखलाहट में है

मलखान सिंह ने की भाजपा में घरवापसी

आजाद सिपाही संवाददाता

चांडिल। सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल अनुमंडल मैदान में भाजपा द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ इचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बाबूलाल मरांडी ने उन्हें सदस्यता ग्रहण करवायी।

लोगों को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने झामुमो और कांग्रेस पर हमला बोला। कहा कि आजादी के पूर्व से अलग झारखंड राज्य की लड़ाई चल रही थी लेकिन 65 वर्षों तक देश पर राज करनेवाली कांग्रेस पार्टी ने कभी भी झारखंड की जन भावनाओं को नहीं समझा। कांग्रेस यहां के आदिवासी मूलवासी को वोट बैंक समझती रही। वोट लिया और नोट देकर आंदोलन को खरीदा।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी केंद्र सरकार ने अपने वादे के अनुरूप जन भावनाओं का सम्मान करते हुए अलग राज्य का सपना साकार किया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्य का गठन किया। एक आदिवासी को राज्य का पहला मुख्यमंत्री बनाया।

उन्होंने कहा कि आज भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए आदिवासी होने का सहारा लिया जाता है, लेकिन राज्य की जनता जान चुकी है कि झामुमो-कांग्रेस के नेतृत्व में बनी झारखंड सरकार को राज्य की जनता की भलाई से कुछ लेना देना नही है।

उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन की बात कर सत्ता में आये झामुमो कांग्रेस के नेताओं ने राज्य के खान खनिज, कोयला, लोहा, पत्थर, बालू को लूटा और लुटवाया है। बिचौलिये- दलाल आज राज्य की सत्ता चला रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज जेल में हैं, तो वह लूट और भ्रष्टाचार के कारण। नाम बदल कर जमीन लूटने के कारण।

बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन ने हेमंत कुमार सोरेन बन कर राज्य को लूटा, शिबू सोरेन को शिव सोरेन बना दिया। बसंत सोरेन भी बसंत कुमार सोरेन बना दिये गये और दुर्गा सोरेन दुर्गा प्रसाद सोरेन बना दिये गये। उन्होंने कहा कि आज जब इडी की कारवाई हो रही है, तो झामुमो बौखलाहट में है। लेकिन किये की सजा आखिर उसे ही तो भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न खायेंगे, न खाने देंगे का संकल्प लिया है। आज देश भर में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। तीसरी बार मोदी सरकारः 400 पार का लक्ष्य पूरा करने में हम सब जूट जायें।

मिलन समारोह को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ही राज्य के निर्माण से लेकर विकास के लिए समर्पित और संकल्पित पार्टी है।कहा कि मलखान सिंह की घर वापसी हुई है। इनके पार्टी में पुनः सक्रिय होने से सिर्फ कोल्हान में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा।

इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, जिलाध्यक्ष शाहदेव , जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू और अन्य उपस्थित थे।

अबू-धाबी में पहला हिंदू मंदिर, मोदी आज करेंगे उद्घाटन

अंदर बहती है गंगा-यमुना, 108 फीट ऊंचा है मंदिर

एजेंसी

अबू धाबी /नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वह बुधवार को अबू धाबी में बने पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर का निर्माण कराने वाली संस्था बीएपीएस ने ही इसका भी निर्माण करवाया है। इस मंदिर के दोनों ओर गंगा और यमुना का पवित्र जल बह रहा है, जिसे बड़े-बड़े कंटेनर में भारत से लाया गया है। मंदिर प्राधिकारियों के अनुसार, जिस ओर गंगा का जल बहता है, वहां पर एक घाट के आकार का एम्फीथिएटर बनाया गया है।

गंगा और यमुना के पवित्र जल के अलावा मंदिर में राजस्थान के गुलाबी बलुआ पत्थर और भारत से पत्थरों को लाने में इस्तेमाल किये गये लकड़ी के बक्सों से बना फर्नीचर भी मंदिर की शोभा में इस्तेमाल किया गया है। अबू धाबी का यह मंदिर पहला हिंदू मंदिर है, जो देश के विभिन्न हिस्सों के योगदान से बना वास्तुकला का एक चमत्कार है और हिंदुस्तानी हुनर का प्रतीक है।



मंदिर की खासियतें

यह हिंदू मंदिर करीब 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया है, जो दुबई-अबू धाबी शेख जायेद हाइवे पर अल रहबा के समीप स्थित है। इसे बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था द्वारा बनाया गया है। मंदिर के अग्रभाग पर बलुआ पत्थर पर उत्कृष्ट संगमरमर की नक्काशी है, जिसे राजस्थान और गुजरात के कुशल कारीगरों द्वारा 25,000 से अधिक पत्थर के टुकड़ों से तैयार किया गया है। मंदिर के लिए उत्तरी राजस्थान से अच्छी-खासी संख्या में गुलाबी बलुआ पत्थर अबू धाबी लाया गया है। मंदिर स्थल पर खरीद और सामान की देखरेख करने वाले विशाल ब्रह्मभट्ट ने बताया कि मंदिर के निर्माण के लिए 700 से अधिक कंटेनर में दो लाख घन फुट से अधिक 'पवित्र' पत्थर लाया गया है। उन्होंने कहा कि गुलाबी बलुआ पत्थर भारत से लाया गया है। पत्थर पर नक्काशी वहां के मूर्तिकारों ने की है और इसे यहां के श्रमिकों ने लगाया है। इसके बाद कलाकारों ने यहां डिजाइन को अंतिम रूप दिया है। जिन लकड़ी के बक्सों और कंटेनर में पत्थरों को अबू धाबी लाया गया है, उनका मंदिर में फर्नीचर बनाने में इस्तेमाल किया गया है। बीएपीएस के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंध के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहारीदास ने कहा कि मंदिर में प्रार्थना सभागार, कैफेटेरिया, सामुदायिक केंद्र आदि में रखा गया फर्नीचर पत्थरों को लाने में इस्तेमाल किए बक्सों और कंटेनर की लकड़ी से बनाया गया है। मंदिर के कोने-कोने में भारत का अंश है। इस मंदिर का निर्माण कार्य 2019 से चल रहा है। मंदिर के लिए जमीन संयुक्त अरब अमीरात ने दान में दी है। मंदिर की आधारशिला 2017 में पीएम मोदी ने रखी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.8 °c	16.0 °c
सूर्यास्त (आज)	:	17.42 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.23 बजे

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in

चैंप स्क्वॉयर के छात्र-छात्राओं का जेइइ मेन में शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मंगलवार को जेइइ मेन परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। रांची शहर के विद्यार्थियों का इस प्रतियोगिता परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। शहर के चैंप स्क्वॉयर के छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। इस संस्थान का अस्तित्व 2015 में आया और प्रथम वर्ष से ही यहां के विद्यार्थी जेइइ मेन और एडवांड में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। यह संस्थान सामान्य क्षमता वाले छात्र-छात्राओं को भी उच्चस्तरीय ज्ञान एवं उच्च मानक समर्थन के बल पर, उनके अंदर रिजल्ट ओरियेंटेड भावना को जागृत कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सक्षम रहा है।

चैंप स्क्वॉयर का झारखंड में सर्वश्रेष्ठ चयन अनुपात रहा। इसके साथ प्रियांष प्राजंल 99.88 परसेंटाइल लाकर टॉपर, आयुषि 99.80 परसेंटाइल लाकर टॉपरा एवं अभिराज चौहान 99.01 परसेंटाइल लाकर पासआउट टॉपर ने संस्थान और शहर का मान बढ़ाया। कुल 396 से अधिक छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया।

इन शिष्यों ने अपने गुरुजनों एवं चैंप स्क्वॉयर में कार्यरत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपनी सफलता को अपने अभिभावक एवं शिक्षकों को समर्पित किया है। उनका मानना है कि चैंप स्क्वॉयर संस्थान उनकी पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम रहा। उनका कहना है कि चैंप स्क्वॉयर ने उनका सर्वांगीण विकास किया है। यहां की पढ़ाई एवं टेस्ट उनके लिए काफी लाभदायक रहा। बच्चों का उत्साह अप्रतीम था। वे अपने शिक्षकों को धन्यवाद दे रहे थे। इस संस्थान ने बारहवीं पास बच्चों का सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट दिया है। अब उनका लक्ष्य जेइइ मेन का दूसरा सेशन एवं एडवांस की तरफ है। पिछले कई वर्षों के छात्रों के अध्ययन से यह पता चलता है कि जिन छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत 85 या उससे अधिक है उनके विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत 95 रहा है। 99 परसेंटाइल से ऊपर लाने वालों में प्रियांश प्राजंल, आयुषि, निश्चल कुमार, अक्षय आनंद, अभिराज चौहान एवं रोहित राज हैं।

चैंप स्क्वॉयर में छात्रों की व्यक्तिगत समस्या निराकरण के लिए नियमित रूप में सुबह 10:00 से रात के 8:30 तक भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं गणित के शिक्षक उपलब्ध रहते हैं जिनसे किसी भी वर्ग के छात्र अपनी सुविधानुसार अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं।

छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय चैंप स्वॉयर के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद चैम्प स्क्वॉयर के द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मददगार रहा है।

संस्थान के निदेशक ने कहा कि एक बार फिर छात्रों की सफलता ने चैंप स्क्वॉयर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी चैम्प स्क्वॉर के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों का ज्ञान और उर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखायी और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम अशा जनक रहा।

न्यूटन ट्यूटोरियल्स का जेइइ मेन में फिर से शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। इस वर्ष जेइइ मेन सेशन-1 जनवरी 2024 की परीक्षा में हरिओम टावर, सरकुलर रोड, रांची स्थित न्यूटन ट्यूटोरियल प्रा लि के छात्रों ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन यहां के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में किया। यहां के संचालक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि से 207 विद्यार्थियों का शानदार प्रर्दशन रहा जिनमें निम्नलिखित ये छात्र हैं। यश कुमार 99.52 परसेंटाइल, पुष्कर कुमार 99.45, अवैस ईशान 98.62, निक्की कुमारी 98.16, अनमोल केसरी 97.97, आयुष कुमार 97.97, नेहरू शर्मा 97.95 आयुष राजगढ़िया 97.90, शगुन सिंह 96.43 दिव्यांशु कुमार 95.82, पायल सोनी 95.72, रोशन कुमार साहू 95.53, किसलय तेजस्वी 95.53, कृष्ण कुमार 95.12, प्रिया शर्मा 94.86, रितिक कुमार 94.71, हरेंद्र कुमार 94.62, अनीश राज 93.80, अर्पण कुमार 93.66, स्वाती सिंह 93.34, एमडी तमीम हक 93.34, पंकज कुमार 93.06, शुभम कुमार 92.79, ऋषभ कुमार 92.27, आर्यन राज 92.27 को जेइइ मेन सेशन-1 जनवरी 2024 में बेस्ट परसेंटाइल मिला है। निदेशक इमरान अली से इतने सारे छात्रों के सफल होने के सबंध में पूछने पर उन्होंने बताया कि यहां का स्टडी पैकैज जेइइ मेन और जेइइ एडवांस के अनुरूप ही बनाया गया है। यहां शिक्षक एवं छात्रों के बीच बहुत ही मिलनसार सबंध है। इसलिए छात्र बिना किसी संकोच के शिक्षक से अपना डाउट सॉल्व करते हैं। यहां डाउट सॉल्व करने के लिए एक अतिरिक्त शिक्षकों का दल सुबह 10.00 बजे से संध्या 7. 00 बजे तक रहता है। प्रणव सर, पंकज सर और यहां के सभी शिक्षकों ने इन सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

ब्रदर्स ऐकेडमी के श्रेयश संजय और मोहम्मद यलनाज बने टॉपर

ब्रदर्स ऐकेडमी के 350 से अधिक छात्रों ने जेइइ मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। ब्रदर्स ऐकेडमी के कुछ छात्र जिन्होंने उक्त परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, उनके नाम निम्नांकित हैं : श्रेयश संजय, मोहम्मद यलनाज, हर्षित आनंद, हर्षल राज, तुषार धानुका, भास्कर जालान, आकाश कुमार, यश कुमार, तान्या चौधरी, साहिल आकाश, सिद्धांत कुमार, समृद्धि केडिया, देव प्रकाश, रोहन कुमार एवं अन्य। छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय ऐकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है।सिलेबस की समाप्ति के बाद ऐकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है।

संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुऐ आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एकेडमी के शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों को ज्ञान और ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखायी और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशा जनक रहा।

द् पाठशाला के संतोष रवानी ने संस्थान का मान बढ़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेइइ मेन 2024 जनवरी सत्र के जारी परिणाम में द् पाठशाला के बच्चों का प्रदर्शन शानदार रहा है। संतोष रवानी ने 99.71 परसेंटाइल प्राप्त कर संस्थान के टॉपर बने हैं। पियूष 99.13परसेंटाइल प्राप्त कर संस्थान का मान बढ़ाया है। धैर्य पांडेय 98.57, निशा लक्ष्मी 98.15, रौनक 97.28, हर्ष वर्धन ने 97.28 प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। आदीतीरी 96.8, हर्षित 96.13, अभिनव 95.53, सार्थक 95.31, प्रिया 96.37, हर्ष, उर्कष, राजीव, ईशू, प्रखर, अभिनव प्रकाश, निलेश जेइइ मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का मान बढ़ाया है। पियूष 99.13 द पाठशाला के श्री इयर क्लाश रूम प्रोग्राम के छात्र हैं। धैर्य पांडेय 98.57 फोर इयर क्लाश रूम प्रोग्राम के छात्र हैं। निशा लक्ष्मी 98.15 गर्ल्स में वन इयर टारगेट बैच में टॉपर बने हैं। आदीतीरी 96.8 ने भौतिकी विषय में 99.53 प्राप्त की है, हर्षित 96.13 भौतिकी विषय में 99.13 परसेंटाइल प्राप्त किया है। सभी सफल छात्रों ने द् पाठशाला के सभी शिक्षकों के कुशलमार्गदर्शन को और स्टडी मेटेरियल को अपने सफलता का श्रेय दिया है। द् पाठशाला के निदेशक शिव शंकर कुमार ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और जेइइ एंडवास परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी हैं। निदेशक ने बताया कि सभी जेइइ मेन सफल छात्रों का रिव्यू क्लाश और एडवांस टेस्ट सीरिज के द्वारा तैयारी कराया जा रहा है। विगत वर्षों में द् पाठशाला ने बहुत ही उत्कृष्ट रिजल्ट दिये हैं। द् पाठशाला ने सभी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया है और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेइइ (मेन) की परीक्षा में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, प्रगति पथ, रांची के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। अभी तक प्राप्त परीक्षा परिणाम के आधार पर 113 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर जेइइ (एडवांस्ड) के लिए क्वालीफाई किया। पीयूष कुमार ने 98.98 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार सहित पूरे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। इसके साथ ही आनंद किशोर, देश दीपक और आयूष कुमार ने 98.88, 97.88 और 94.22 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसबीपी मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही होने वाली सीबीएसइ परीक्षा एवं जेइइ (एडवांस्ड) 2024 में अच्छे प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता, एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर रवि शेखर, परीक्षा नियंत्रक एके श्रीवास्तव एवं जूनियर विंग इंचार्ज राज किशोर शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा जेइइ (एडवांस्ड) 2024 में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। इस सफलता के लिए सभी ने विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया।

आवश्यकता
माँ संतोषी ऑटोमोबाइल
बरकट्ठा, हजारीबाग
सेल्समैन चाहिए
शिक्षा- ग्रेजुएट / इंटरमिडियट
(बेसिक कंप्यूटर शिक्षा)
संपर्क समय - 10 बजे से शाम 6 बजे तक
ब्लॉक के सामने जी टी रोड, बरकट्ठा,हजारीबाग
मो. 9934338508

14 को आदर्श विद्या मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम तिलोकरी में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा के अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, उद्घाटन कर्ता जानकी प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि प्रमुख अंजू देवी, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, डॉ बीएनपी बर्णवाल, सुरेंद्र भाई मोदी, मुखिया इंद्रदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य उमा देवी, वीरेंद्र मोदी होंगे। इस आशय की जानकारी आदर्श विद्या मंदिर के प्राचार्य नीलकंठ बर्णवाल ने दिया।

पशु तस्करी में दस गिरफ्तार

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि मरकच्चो रास्ते अवैध रूप से दो ट्रक में पशुओं की तस्करी को ले गया जा रहा था। वही गुप्त सूचना के आधार पर मरकच्चो थाना प्रभारी अब्दुलाह और एएसआई मदन मोहन शर्मा ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर 13 फरवरी की सुबह मरकच्चो बंधन चौक के समीप से दो ट्रक में लदे 48 मवेशी को जब्त कर थाना ले आये। वही दोनों ट्रको में 28 गाय, 18 बछड़ा, 1भैस और 1 भैंस का बच्चा को जब्त करते हुए दस अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। वही मरकच्चो थाना प्रभारी अब्दुलाह खान ने 12/24 मामला दर्ज करते हुए अभियुक्त दिलीप कुमार (उम्र 25 वर्ष पिता रामाधार यादव), उपेंद्र कुमार (25 वर्ष पिता स्व देवनारायण राय), प्रदुमन यादव (32 वर्ष पिता स्व विजय यादव), टुनटुन राय (61 वर्ष पिता शिवाजी राय), हरेंद्र यादव (35 वर्ष पिता ललन यादव), विजेंद्र कुमार (उम्र 21वर्ष पिता हृदयांद यादव), श्यामबाबू राय (उम्र 50 वर्ष पिता कैलाश राय), प्रमोद राय (उम्र 31 वर्ष पिता मिर्चाई राय) सभी साकीन बिरमपुर थाना कोईलवर जिला भोजपुर बिहार, वही ट्रक चालक महेश यादव (उम्र 23 वर्ष पिता रामविलास यादव), अनिल कुमार (उम्र 32 वर्ष पिता रविंद्र यादव) दोनों साकिन कुल्हडिया थाना मुफ्फसिल बक्सर जिला बक्सर बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

ऑटो चालक संघ की बैठक, 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल में शामिल होने का निर्णय

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। सीटू से सम्बद्ध झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के अंतर्गत ऑटो चालक संघ की बैठक पुराना नगरपालिका के पास झुमरीतिलैया में मो रफीक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मांगों को लेकर हुए प्रदर्शन की समीक्षा की गयी। जिसमें नगर पर्षद के द्वारा पुराना नगरपालिका के पास अस्थायी टैंपो स्टैंड बनाने का स्वागत किया गया। साथ ही केन्द्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के द्वारा 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के आह्वान पर हिट एण्ड रन कानून खिलाफ देशभर में चक्का जाम का आह्वान किया है। जिसका समर्थन करते हुए हड़ताल के समर्थन में झुमरीतिलैया में सीटू की रैली में टेम्पो चालक संघ के बैनर तले शामिल होने का निर्णय लिया गया। सीटू नेता प्रेम प्रकाश ने कहा कि टेम्पो चालकों के अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर संघर्ष तेज किया जायेगा। देश में बेरोजगारी चरम पर है, जिसके कारण पढ़ें लिखे युवा ऑटो और टोटो चलाने के लिए मजबूर है। अपने अधिकार के लिए इनके पास संघर्ष के सिवाय कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने मोदी सरकार की महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाली नीतियों और मजदूरों को गुलाम बनाने वाली चार लेबर कोड के खिलाफ 16 फरवरी की हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में मो रफीक खान, राजकुमार, चंदन सिहं, विजय शर्मा, कपिल पासवान, महेश वर्मा, अशोक पासवान, अमरदीप गिरी, दशरथ शर्मा, अजय दास, मंटु, दिलीप पासवान, बोधी साव, सुनील कुमार, प्रदीप साव, गणेश महतो, विजय साव, आशिष कुमार, मो सुल्तान, मनोज साव, राजन कुमार, बंटी, मनोज शर्मा, भोला कुमार पंडित आदि मौजूद थे।

नये डीपीआरओ ने संभाला पदभार

कोडरमा (आजाद सिपाही)। नवपदस्थापित जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार ने अपना पदभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि जिला जनसंपर्क कार्यालय प्रशासन और आमजनों के बीच कड़ी का कार्य करती है, ऐसे में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिले के सुदूर गांवों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी। जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा योजनाबद्ध तरीके से जनसंपर्क का दायरा बढ़ाते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना के प्रचार-प्रसार में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसलिए सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हुए मीडिया के माध्यम से सूचनाएं जनता के साथ साझा की जायेगी। इस मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार और अन्य कर्मी मौजूद रहे।

कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 21 बच्चों ने मारी बाजी

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। एक्सपीरियंस जापान द्वारा आयोजित 9वीं राष्ट्रिय जापान ऑन कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 21 बच्चों ने बाजी मारी है। इसमें स्वीटी कुमारी, हंसिका रानी, मानसी पांडेय, पी. किर्न्सलेन महिमा, पार्थ भारद्वाज, सूर्यांश शाह, वंदना रानी, अभिनव कुमार, हंसिका सोनी, आर्यन कुमार सिंह, रोली यादव, प्रत्यूष कुमार, साक्षी राज, जसकीरत सिंह, अनुष्का प्रगति, रिद्धिमा कुमारी, पीउ विश्वास, आयुषी प्रगति, रूपा पांडेय, अंजुम आरा अंसारी और किशन कुमार के नाम शामिल हैं। जिसमे स्वीटी कुमारी कक्षा 7 वीं और हंसिका रानी कक्षा 9वीं ने एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी परफॉरमेंस अवार्ड विजेता घोषित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बताया कि देश के 67 स्कूलों से लगभग 2500 प्रतिभागी ने अपनी प्रतिभा दिखाई, जिसमे सेक्रेड हार्ट स्कूल से 21 बच्चे चयनित हुए थे जिसमें 2 छात्राओं को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी परफॉरमेंस अवार्ड विजेता के ताज से नवाजा गया। यह अपने आप में और कोडरमा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सभी बच्चों को सर्टिफिकेट और विजेताओं को मैडल देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ड्राइंग शिक्षिका कुंतल जेठवा और कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार को भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

सीआरपीएफ और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

जंगल में दोनों ओर से दो घंटे तक फायरिंग हुई

बंटी मिश्र

विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के चुटे पंचायत से सटे गिधोंनिया जंगल में सीआरपीएफ और नक्सलियों के बीच घंटों मुठभेड़ हुई। मंगलवार (13 फरवरी) की सुबह करीब 6 बजे झुमरा पहाड़ के तलहटी में चैंयाटाड़ और दंडरा के बीच सुरक्षा बलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गयी। जंगल में दोनों ओर से दो घंटे तक फायरिंग हुई, जहां मुठभेड़ हुई, यह इलाका बोकारो के चतरोचटी थाना क्षेत्र में पड़ता है। सीआरपीएफ 154 बी और कोबरा बटालियन 203 की टीम ने इलाके की घेराबंदी कर ली मंगलवार सुबह इलाके में सुरक्षा बलों को देख नक्लसी पहाड़ी की ओर से फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों की टीम ने भी नक्सलियों पर गोली चलायी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सलियों का दस्ता चैंयाटांड़ के निकट जंगली इलाके में भ्रमण कर रहा है। इसी सूचना परसूचना पर सीआरपीएफ 154 बी और कोबरा बटालियन 203 की टीम ने इलाके की घेराबंदी कर ली। मंगलवार सुबह इलाके में सुरक्षा बलों को देख नक्लसी पहाड़ी की ओर से फायरिंग करने लगे, जवाबी कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों की टीम ने भी नक्सलियों पर गोलीचलायी. फिर पुलिस के बढ़ते दबिश को देख नक्सली भाग गये।

बारिश के बीच भी सर्च अभियान में जुटे हैं सुरक्षा बल

बताया जा रहा है कि मुठभेड़ के दौरान दोनों से ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही थी। क्षेत्र में गरज के साथ बारिश भी हो रही थी, फिर भी जवानों का सर्च अभियान जारी रहा। हालांकि बारिश की वजह से नक्सलियों के खिलाफ चल रहे सर्च अभियान में खलल पड़ रहा है, फिर भी पुलिस अभियान में जुटी है।

क्या कहते हैं बोकारो एसपी

मुठभेड़ की घटना पर बोकारो एसपी आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि सूचना मिली है कि सर्च अभियान के दौरान गोली चली है, लेकिन कितनी गोली चली। फिलहाल, कुछ बताया नहीं जा सकता पुलिस की टीम जंगल में सर्च अभियान में जुडी है। अभियान से वापिस लौटने के बाद स्थिति से अवगत किया जा सकता है।

स्व. विश्वनाथ मोदी की पुण्यतिथि पर विशेष

तीन बार विधायक रहे और हजारों पेड़ लगाये

संजीव

कोडरमा (आजाद सिपाही)। प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व विधायक स्व. विश्वनाथ मोदी की 13वीं पुण्यतिथि बुधवार 14 फरवरी को झुमरीतिलैया में मनायी जायेगी। स्व. विश्वनाथ मोदी का जन्म 20 जुलाई 1920 को हुआ था और 14 फरवरी 2011 को उन्होंने अंतिम सांस ली थी। स्वतंत्रता आंदोलन 1942 में वे 8 महीने तक जयप्रकाश नारायण के साथ हजारीबाग जेल में रहे। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्होंने आंदोलन कारियों के साथ डोमचांच में डाकघर को आग लगाया था। गिरफ्तारी के पहले अंग्रेजी हुकूमत ने उनकी खूब पिटाई करवाई और मरा समझकर गाड़ी पर फेंकवा दिया। कुछ दिनों बाद उनके जीवित होने की खबर आई तो इलाके में दीए जलाए गए थे। स्व. मोदी ने जीवनभर अभ्रख मजदूरों, किसानों के शोषण के खिलाफ लड़ाई लडी। वहीं 1975 में डॉ. राम मनोहर लोहिया के साथ भागलपुर व हजारीबाग जेल में बंद रहे थे। स्व. मोदी 1967, 1969 और 1977 में कोडरमा से विधायक रहे। 1977 में उन्होंने बिहार विधानसभा के लोक लेखा समिति के सभापति का भी दायित्व निभाया। 1965 में झुमरी तिलैया में कांग्रेस हटाओ देश बचाओ आंदोलन चलाया तथा 1969 के चुनाव में कांग्रेस की ओर से सुरेंद्र शर्मा के विरोध में चुनाव लडा था। कहा जाता है कि उस समय कांग्रेस की ओर से इंदिरा गांधी प्रचार के लिए झुमरीतिलैया पहुंची थी। एक तरफ इंदिरा गांधी का भाषण चल रहा था वहीं दूसरी ओर विश्वनाथ मोदी का। इनकी आवाज में बुलन्दी थी और तब श्रोताओं की संख्या दूसरी सभा से कम नहीं थी। स्वतंत्रता सेनानी विश्वनाथ मोदी को पर्यावरण से भी काफी लगाव था और गांधी स्कूल रोड स्थित अपने आवास परिसर 14 एकड़ में लगभग सात हजार पौधे लगाये थे, जिसमें अभी कई वृक्ष लगे हुए हैं। बताते हैं कि साल 1977 में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के गठन के बाद उन्हें जनता पार्टी से टिकट मिलना तय हो गया था पर राजनीतिक कारणों से उन्हें टिकट नहीं मिला और वे संसद नहीं पहुंच सके।

दो पुस्तकें भी लिखीं

स्वतन्त्रता सेनानी स्व विश्वनाथ मोदी ने 1977 में पांच साल में नया हिंदुस्तान कैसे बने पुस्तक लिखी थी। वहीं 1999 में जनता जाने बड़े नेताओं के बड़े अपराध पुस्तक भी लिखी थी जिसमें उन्होंने 1942 से देश में घटी महत्वपूर्ण घटनाओं का जिक्र किया था।

हत्या के आरोपी सास-ससुर को सश्रम कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या किये जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला और सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी फुलवा देवी और ससुर मथुरा पासवान (मदनगुंडी, चंदवारा) को 304 बी आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वही न्यायालय ने 498 ए के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। यह मामला वर्ष 2014 का है। इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 124 /14 दर्ज किया गया था। मृतका सरिता देवी के पिता शंकर पासवान, सरिया निवासी ने चंदवारा थाना में मामला दर्ज कराते हुए पति रंजीत पासवान, सास फुलवा देवी और ससुर मथुरा पासवान पर एक लाख रुपये दहेज के लिए उसकी पुत्री की हत्या कर दिए जाने का मामला दर्ज कराया था। दहेज हत्या के आरोप में मृतका के पति रंजीत पासवान को वर्ष 2017 में ही न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक गुप्ता एवं अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया।

एनटीपीसी ने आंगनबाड़ी केंदों में बांटे बर्तन

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशन में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर बड़कागांव प्रखंड के 157 आंगनबाड़ी केंदों में खाना बनाने का बर्तन वितरण किया गया। वितरण समारोह ढेंगा पुनर्वास और पुनर्स्थापना कॉलोनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित की गयी थी, जहां मुख्य अतिथि एलए/ आरएनआर विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी के हाथों आंगनवाड़ी विभाग के पर्यवेक्षिका अनुराधा पासवान, पूजा राय, रुखसाना परवीन को सुपुर्द किया गया। मौके पर महाप्रबंधक ध्यानी ने कहा कि हजारीबाग उपायुक्त के निर्देशन में बड़कागांव प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में खाना बनाने का बर्तन आपूर्ति की जा रही है ताकि केंद्र के बच्चों के लिए खाना बनाने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने आगे कहा कि एनटीपीसी सीएसआर और सामुदायिक विकास कार्यों के तहत जिले और पोषक क्षेत्र में कई विकास योजनाएं चल रही है। मौके पर विशिष्ट अतिथि सीएसआर विभाग के उप महाप्रबंधक संजीत कुमार सेनापति, वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक, सीएसआर कार्यपालक रजनीश कुमार, सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी की सेविका और एनटीपीसी के अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। एनटीपीसी के इस कार्यक्रम को आंगनबाड़ी के पर्यवेक्षिकाएं और सेविकाओं में धन्यवाद देते हुए कहा कि जो परेशानी आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही थी वह अब नहीं होगी।

सदर पुलिस ने एक बाइक चोर को पकड़ा

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के आनंदा चौक के पास से एक व्यक्ति को चोरी के मोटरसाईकिल के साथ सदर थाना की पुलिस ने पकड़ा। पुलिस पकड़ाये व्यक्ति की तलाशी के क्रम में उसके पास से मोटरसाईकिल चोरी में प्रयोग होने वाला मास्टर चाबी भी बरामद किया। पकड़ाए चोर ने पुलिस के सामने मोटरसाईकिल चोरी करने की बात स्वीकार किया है। पकड़ाये चोर की पहचान नाम पप्पू कुमार यादव पिता रूदल यादव बंजीफ्राकोडीह घाटो थाना मांडू जिला रामगढ़ स्थायी पता ग्राम+ थाना - कोईलवर जिला-भोजपुर (आरा) बिहार के रूप में हुई है । पकड़ाए चोर पर पूर्व में मोटरसाईकिल चोरी का का मामला दर्ज है जिनमें मुफस्सिल थाना कांड सं-203/23, मांडू कांड सं-222/2022, माडू (कुज्जु) थाना कांड सं-229/2022 मामला दर्ज है।

कल इचाक के छबेलवा में लगेगा पर्यावरण मेला

वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध लेंगे पर्यावरण बचाने का संकल्प

दीपक सिंह

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिल के इचाक प्रखंड स्थित मोक्तमा के छबेलवा वन में 15 फरवरी को पर्यावरण मेले का आयोजन किया गया है। यह आयोजन जन, जंगल एवं जल बचाव समिति मोक्तमा के द्वारा किया गया है। यह आयोजन प्राकृतिक प्रेमियों के सहयोग से मोकतमा के छवेलवा वन में वृक्षों का रक्षबंधन सह पर्यावरण मेला का आयोजन 2009 से किया जा रहा है। इस वर्ष भी 15 फरवरी को महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस मेले में हजारों महिला पुरुष पहुंच सृष्टि को जीवन देने वाली देव तुल्य वृक्षों का पूजा अर्चना करते है और मौन व्रत रखते हैं, उसके बाद वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध उन्हें बचाने का संकल्प लेते हैं। मुख्य संरक्षक जीतेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया की यह आयोजन टाटी झरिया के दूध मटिया में लगने वाले पर्यावरण मेले से प्रेरित होकर शुरू किया गया है। मैं 1995 से दुध मटिया के पर्यावरण मेले में शरीक होता था। मिल जुल कर बेलवा में रक्षा बंधन कार्यक्रम शुरू किया जो आज पर्यावरण मेले का रूप ले लिया। इस बड़े आयोजन में करियातपुर, मंगूरा, मोक्तमा, फुरुका, चंदा आदि गांव के लोगों का मुख्य भूमिका रहता है।

कार्यक्रम की समय सारिणी

प्रातः 6 बजे से अपराहन 9 बजे तक वृक्षों का पूजा अर्चना एवं मौन व्रत। प्रातः 10 बजे से अपराहन 3 बजे तक वन बचाव, वन्य जीव, जल बचाव, पर्यावरण बचाव जैसे विषय पर भाषण, गीत, नृत्य नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम। समय-समय पर वृक्षों को रक्षाबंधन एवं संध्या 3 बजे पुरस्कार वितरण कार्यक्रम।

हजारीबाग प्रेस क्लब कार्यालय में सरस्वती पूजा की तैयारी पूरी

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की आराधना को लेकर हजारीबाग प्रेस क्लब, हजारीबाग के पत्रकार समूह खासा उत्साहित हैं। हजारीबाग प्रेस क्लब के पदाधिकारी और सदस्य पखवाड़े से जिस सिद्दत के साथ सरस्वती पूजा की तैयारी में जुटे हैं वह पत्रकारों के सामूहिक एकता के साथ समाज में एकजुटता का सकारात्मक परिचायक है। हजारीबाग प्रेस क्लब के उदय के पश्चात पहली बार हजारीबाग के पुराने समाहरणालय परिसर में एक जर्जर भवन के क्लब हेतु आवंटन के पश्चात बड़े तेजी से जीर्णोद्धार किया गया और कल तक वीरान पड़े भवन को हजारीबाग प्रेस क्लब के रूप में विकसित कर इसे चमन बना दिया गया। हजारीबाग प्रेस क्लब परिसर को बेहद ही आकर्षक ढंग से विद्युतीय साज-सज्जा और टेंट- पंडाल के साथ प्रकृति की मनोहारी खूबसूरती के बीच आकर्षक सेल्फी प्वाइंट लगाये गये हैं। कलम के सिपाही विद्या की देवी मां शारदे के आराधना के लिए व्याकुल दिख रहे हैं। क्लब के द्वारा जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, अधिवक्ता, व्यवसाई, समाजसेवी, पत्रकार सहित अन्य सभी वर्गों को पूजा में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित भी किया गया है। पूजा के दौरान वर्तमान वर्ष हजारीबाग में हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित सरस्वती पूजा की अलौकिक छटा कुछ अलग और बेहतर होगी। हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्य इस उत्सव के साथ एक नयी ऊर्जा से परिपूर्ण होकर भविष्य में बेहतर करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

ट्रांसपोर्टिंग सड़क को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता

केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग हेतु सड़क निर्माण को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में एनटीपीसी के अधिकारी, स्थानीय भू रैयतों और अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवल के उपस्थिति में जोरदाग-लवानिया मोड ट्रांसपोर्टिंग सड़क को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने किया और इस बैठक में दर्जनों रैयत शामिल हुए। वही उपस्थित रैयतों से अंचलाधिकारी ने एनटीपीसी के द्वारा बनाये जा रहे लगभग दो किलोमीटर कच्ची सड़क निर्माण कार्य को लेकर बिचार विमर्श किया तभी रैयतों ने रैयती जमीन पर सड़क ना बनाकर जीएम लैंड जमीन पर सड़क बनाने पर सहमति बनी है। वही एनटीपीसी के लैंड अधिकारी ने सहमति जताते हुए फिर से सड़क का रूट चार्ट जल्द तैयार कर सड़क बनाने की बात कही है। इस मौके पर अंचलाधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल, एनटीपीसी के लैंड अधिकारी निलमाधव स्वाइन, पंचायत समिति प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम रंजन पासवान, वार्ड सदस्य कन्हैय माली, रामकुमार साव, हिरामन महतो, संतोष महतो, दिलीप महतो, मोहन साव सहित दर्जनों भू रैयत और एनटीपीसी के अधिकारी मौजूद थे।

झारखंड एकता परिषद के प्रतिनिधि काठमांडू रवाना

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। 14 से 19 फरवरी 2024 तक काठमांडू नेपाल की राजधानी में आयोजित विश्व सामाजिक मंच का सम्मेलन में भाग लेने झारखंड एकता परिषद की ओर से दो दर्जन प्रतिनिधियों के साथ हजारीबाग से शामिल होंने के लिए रवाना हुए। इस संबंध में बड़कागांव प्रखंड के ग्राम जुगरा निवासी रामदुलार गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि इस सम्मेलन में राष्ट्रीय एकता परिषद की ओर से 2 मुद्दों पर जीवन जीने के प्राकृतिक संसाधनो जल, जंगल ओर जमीन और शांति और न्याय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में नेपाल सहित कई देशों जैसे जर्मनी, फ्रांस, इग्लैंड, भारत, अफ्रीका, के सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हो रहें हैं, साथ हीं विश्व सामाजिक मंच द्वारा विभिन्न विषयों पर सम्मेलन में जानकारी दी जायेगी, ताकि गरीबी, शोषण, भ्ष्टार्चार, हिंसा, अन्याय विहिन, समाज की स्थापना के उद्देश्यो को लक्ष्य मान कर एक न्याय, समानता, सहभागिता आधारित नई दुनिया सम्भव हो। इस सम्मेलन के मार्गदर्शक एकता परिषद के संथापक मानसा, वाचा कर्मना के पथ पर चलने वाले पी वी राजगोपाल के नेतृत्व में संगठन के सैकड़ों प्रतिनिधि भारत से भाग लेंगे। एकता परिषद झारखंड के संरक्षक रामस्वरूप झारखंड से नेतृत्व करेंगे।

मांडू विधायक ने किया शिलान्यास

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) डीएमएफटी मद से प्रखंड के नागी में पनदना टांड़ से लेकर नागी पंचायत भवन तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य किया जायेगा। शिलान्यास के बाद मांडू विधायक ने नागी से जुड़ी जनसमस्याओं पर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उस पर जल्द निदान की बात कही। बातचीत के दौरान मांडू विधायक ने कहा कि मांडू विधानसभा के सभी क्षेत्रों में विकास मेरी पहली प्राथमिकता है, और इस काम मे मैं लगा हुआ हूं, और निरंतर विकास के कार्य किये जा रहे है। इस अवसर पर कनीय अभियंता रुस्तम आजाद, संवेदक संजय यादव, भागीरथ महतो, जयनारायण महतो, टेको महतो, चेतलाल महतो, फूलचंद महतो, अनिल रॉय, जय कुमार महतो, सुनील सोरेन, सुनील महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

सीबीएसइ ने जारी किया प्रवेश पत्र

कोडरमा (आजाद सिपाही)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 15 फरवरी से शुरू होने वाली 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। सीबीएसई के आधारिक वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश पत्र को डाउनलोड कर वितरित करने का अधिकार सिर्फ स्कूलों को होगा। प्रवेश पत्र पर ही बोर्ड ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान आवश्यक नियमों के पालन के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना जरूरी होगा। सीबीएसई ने चेतावनी देते हुए कहा है कि परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) घड़ी समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने पर रोक रहेगी। साथ ही परीक्षा में झूठी अफवाह फैलाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। परीक्षा समाप्त होने से पहले किसी भी परीक्षार्थी को केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। यदि किसी विद्यार्थी की पीडब्ल्यूडी (पर्सन्स विथ डिसएबिलिटीज) श्रेणी है तो केंद्र व्यवस्थापक सूची से मिलान कर छूट प्रदान करेंगे। निर्देशानुसार ही विद्यार्थी को उत्तर पुस्तिका में अनुक्रमांक तथा प्रश्न पत्र के सेट का उल्लेख करना होगा। प्रवेश पत्र पर स्कूल के प्रधानाचार्य का हस्ताक्षर और मुहर लगा होना जरूरी है। इसके बिना संबंधित विद्यार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं मिलेगा।

हंटरगंज में शांति समिति की बैठक

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में मंगलवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति-समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक अमरदीप कुमार और संचालन थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित लोगो ने सरस्वती पूजा को शांति-पूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया। सभी मुखिया से सरस्वती पूजा के मौके पर होने वाले आयोजन को लेकर जानकारी ली गयी। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे जानकारी मांगी गयी। कमेटी के लोगो को नाम और मोवाईल नंबर के साथ आवेदन जमा करने को कहा गया। डीजे पर अश्लील गाना बजाने पर रोक लगायी गयी। मुखिया को पंचायत स्तर पर शांतिपूर्ण तरीके से सरस्वती पूजा संपन्न करने की बात कही गयी। पुलिस इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी ने कहा की पूजा में बाधा डालने वाले को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जायेगा। पूजा कमिटी को कई आवाशयक निर्देश दिया है। जिसमें उपद्रवियों और असमाजिक तत्व के लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। शोशल मिडिया पर गलत अफवाह फैलाने पर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। मूर्ति विसर्जन के दौरान बच्चों के साथ गार्जियन को रहने के बात कही गयी। बैठक में एस आई नितीश दुबे, सुशील टुडू, अनंत शाह, आंचल के सहायक नरेश सिंह, मुखिया प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह, दिलीप दास, मिथिलेश श्रीवास्तव, वकील खान, बृज किशोर सिंह, मदन यादव, बसंती पन्ना, रूपन यादव समेत दर्जनों लोग मौजुद थे।

शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रारंभ

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और शिव प्राण प्रतिष्ठा के पांचवें दिन वृंदावन से लाये गये भगवान शिव जी की प्रतिमा की पूजा पाठ करने के बाद गाजे -बाजे के साथ नगर कीर्तन सह शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसे पूरे क्षेत्र में भ्रमण कराया जायेगा। यह कार्यक्रम अयोध्या से आये स्वामी रामाणचार्य वेदांनती के देख रेख में किया जा रहा है उनके द्वारा प्रत्येक दिन प्रवचन दी जा रही है। प्रवचन के दौरान लोगों को सभी धर्मो को सम्मान करने और गरीबों पर ध्यान रखने और भगवान के बताये मार्ग पर चलने का अह्वान किया गया। स्वामी जी ने कहा कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है। इस यज्ञ स्थल पर प्रत्येक दिन काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ मंडप में फेरी दी जा रही है। वही 15 फरवरी को विशेष भंडारे के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा का समापन किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिरुद्ध सिंह, मनोज सिंह, संतोष सिंह, वरुण सिंह, गौरव सिंह, कारू सिंह, सरजू मिस्त्री, रविंद्र यादव, जनार्दन सिंह, मुन्ना सिंह, पारसनाथ सिंह, नवल सिंह के अलावा कमेटी के सभी सदस्य और स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मी शामिल है।

ट्रेन लाइटिंग को विद्युत सामान्य के अंतर्गत करने से रेलकर्मियों में खुशी का माहौल

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के संघर्ष और रेलकर्मियों के सतत आंदोलन के फलस्वरूप जोनल रेलवे प्रशासन ने ट्रेन लाइटिंग और वातानुकूलित विभाग को विद्युत सामान्य विभाग के अंतर्गत करने के आदेश जारी किया गया। ज्ञात हो कि पूर्व में ट्रेन लाइटिंग और वाताकूलन विभाग विद्युत सामान्य विभाग का अंग हुआ करता था, लेकिन बाद में रेलवे बोर्ड ने इस विभाग को विद्युत सामान्य से हटा कर मैकेनिकल शाखा के सवारी और मालडिब्बा (कैरेज और वैगन) के नियंत्रण में करने के निर्देश दिये थे। विभाग परिवर्तन किये जाने से ट्रेन लाईटिंग और वाताकूलन विभाग के कर्मचारियों को जहां एक ओर अपने दैनिक कार्यों को करने में काफी परेशानी हो रही थी वहीं दूसरी ओर मैकेनिकल के सुपरवाइजर्स के लिए विद्युत के कार्यों के तकनीकी दक्षता नहीं होने के कारण कार्य नियंत्रण करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। इसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने उक्त जोनल आदेश के जारी होने पर संबंधित विभाग के कर्मचारियों को बधाई देते हुए बताया कि रेलकर्मियों की परेशानियों के मद्देनजर ही एआइआरएफ ने रेलवे बोर्ड से ट्रेन लाइटिंग और वाताकूलन विभाग को वापस विद्युत सामान्य विभाग के अंतर्गत करने के लिए आग्रह किया था, जिसके बाद इस मामले में व्यापक चर्चा के बाद रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2019 में इस विभाग को वापस अपने पहले के विभाग द्वारा नियंत्रण करने के निर्देश जारी किये थे। लेकिन जोनल स्तर पर उच्च पदाधिकारियों के उपेक्षा के कारण अभी तक इसका अनुपालन नहीं किया जा सका था।

करमा खुली खदान का निरीक्षण

कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य सह जनता मजदूर संघ के केंद्रीय सचिव रविन्द्र नाथ सिंह ने सीसीएल करमा परियोजना की खुली खदान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां पायी। ततपश्चात अधिकारियों को खामियों को जल्द से जल्द सुधार करने का दिशा निर्देश दिया। मौके पर संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, उमेश प्रसाद साव, नंदकिशोर प्रसाद, वेलफेयर सदस्य राजकुमार महतो, करमा शाखा सचिव ललन यादव मौजूद रहे।

सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति बैठक

कुजू (आजाद सिपाही)। सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर कुजू ओपी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार ने की। बैठक में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करने पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस दौरान ओपी प्रभारी विनय कुमार ने पूजा पंडाल आसपास के क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखने की बात कही। वही, शांतिपूर्ण ढंग से सरस्वती पूजा मनाते हुए आसामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों को देखते ही पुलिस को सूचना देने का निर्देश दिया। साथ ही, जुलूस में डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। मौके पर पुअनि कमलेश सिंह, कुमुद बागे, प्रभाष गोस्वामी, सुमित कुमार पांडेय, सअनि तालेबर महतो, साबिर हुसैन, हीरालाल मुंडू, बीरेंद्र कुजूर, कमल भगत, सुधीर कुमार ठाकुर, साक्षर पुलिस कुंजबिहारी चौबे, ज्ञानी महतो सहित ग्रामीणों में अमर सिंह, प्रेम प्रसाद, शिवकुमार प्रसाद, प्रदीप कुमार गुप्ता, गणेश सोनी, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, शंभुलाल ठाकुर, अशोक कुमार, धर्मराज राम, अरशद अंसारी, निर्मल करमाली, महेश महतो, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

वनभूमि पर उद्योगपति का भी है कब्जा जमीन खाली कराने की प्रक्रिया जल्द

श्रीराम पावर एंड स्टील प्लांट के खिलाफ भी वन विभाग में दर्ज है मामला

बीरू कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिले में जंगल की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों में रुंगटा ग्रुप का नाम भी शामिल है। कुजू ओपी क्षेत्र में श्रीराम पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड प्लांट के खिलाफ भी वन विभाग में मामला दर्ज है। इस प्लांट के मालिक ने वन विभाग की 50 डिसमिल जमीन पर अपना कब्जा जमा लिया है। यहां तक की उस क्षेत्र में प्लांट का सेटअप भी तैयार कर दिया गया है। वन विभाग के पदाधिकारी को जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने प्लांट मलिक को उस स्थान से अपना पूरा सेटअप हटाने का निर्देश दिया। लेकिन अबतक अतिक्रमित जमीन को खाली नहीं कराया गया है। जिसके कारण वन विभाग के पदाधिकारी को प्लांट के खिलाफ शिकायत दर्ज करनी पड़ी और अब प्लांट के प्रतिनिधि हर तारीख पर हाजिर हो रहे हैं।

नहीं दिखा पाये पुख्ता दस्तावेज तो कहा हटा लेंगे सेटअप: इस प्रकरण पर डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि जब श्रीराम पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने जंगल की जमीन पर कब्जा किया था, तो उस दौरान उनसे दस्तावेज की मांग की गई थी। उनके दस्तावेज भी जब जांच में कहीं नहीं टिके तो प्लांट के लीगल सेल ने लिखित तौर पर यह कहा है कि वह जल्द ही वन विभाग की जमीन से अपना पूरा सेटअप हटा लेंगे। अगर वह अपना सेटअप नहीं हटाते हैं तो उन्हें जबरन हटाया जायेगा। जिसके लिए पूरी कानूनी प्रक्रिया अपनाई जायेगी। अगर वह अपना सेटअप हटाते हैं तो उसके बावजूद उन्हें वन विभाग के नियमों के अनुसार पूरा हर्जाना भरना पड़ेगा।

लग्जरी कार से अवैध कोयले का खुलासा

कोयला लदा टवेरा जब्त, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। जिले में अवैध कोयले के कारोबारी पुलिस की आंख में धूल झोंकने के लिए अब नया तिकड़म लगा रहे हैं। ट्रक और अन्य माल वाहक वाहनों को छोड़ अब लग्जरी कार से अवैध कोयले की ढुलाई करने में जुट गये हैं। उनका यह खेल तब खत्म हो गया जब रामगढ़ पुलिस ने चुट्टूपालू घाटी में एक टवेरा कार को जब्त किया। मंगलवार को गस्ती के दौरान रामगढ़ पुलिस ने घाटी में ललकी घाटी मोड़ के पास एक टवेरा कार जेएच 10 जी 5923 को पकड़ा। पुलिस ने जब्त गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें लगभग 800 किलो कच्चा कोयला मिला। इस दौरान पुलिस ने तीन कारोबारी को भी पकड़ा, जिसमें संदीप साहू, मो सोनू उर्फ सैफ और रवि भुइंया शामिल हैं। इधर, पुलिस ने कांड संख्या 30/2024 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार तीनों को जेल भेज दी।

हेसागढ़ा से रांची ले जाया जा रहा था अवैध कोयला: रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि कोयले के कारोबारी मांडू थाना क्षेत्र के हेसागढ़ा से यह अवैध कोयला अपनी गाड़ी में लादकर रांची जा रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप पहुंच गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मो सोनू उर्फ सैफ पहले भी बाइक चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

पतरातू में पुलिस ने आठ अपराधियों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

पतरातू। पतरातू पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बासल थाना अंतर्गत से पुलिस ने अपराध की योजना बनाते हुए अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस को हथियार बरामद करने में सफलता मिली है। पतरातू एसडीपीओ कार्यालय में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार राम ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि 12 फरवरी को पतरातू पुलिस गुप्त सूचना मिली की बासल ओपी क्षेत्र अंतर्गत मुरकटी डैम के किनारे 7-8 अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए हथियारों के साथ जमा हुए हैं। सूचना के उपरांत पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिस इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताये गये स्थल पर छापामारी किया। यहां से पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी। गिरफ्तार किये गये अपराधियों के पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं। पतरातू के एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराधियों से पूछताछ के क्रम में एक अपराधकर्मी ने बताया कि 6-8-2023 को बासल ओपी क्षेत्र में व्यवसाय रोशन साव की हत्या में पकड़े गये एक अपराधी ने अपनी संलिप्ता स्वीकार किया है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये रियांश सिंह उर्फ स्वतंत्र उर्फ आरडीएक्स पिता मनोज सिंह धुर्वा रांची, शिवम राज पिता रंजीत कुमार धुर्वा रांची, अनिकेत कुमार उर्फ मोनू पिता धर्म देव साहू धुर्वा रांची को गिरफ्तार किया गया है।

एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देसी कट्टा और एक पिस्टल मिला है। उनके पास से एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। अपराधियों को गिरफ्तार करने वालों में पतरातू के एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, पुलिस निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, बासल ओपी प्रभारी सुरेंद्र कुमार कुंतीय, पुलिस अधिकारियों में राजदीप कुमार, मयंक प्रसाद, सोनू कुमार, मंटू चौधरी और सशस्त्र बल शामिल थे।

सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

मांडू (आजाद सिपाही)। सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक मंगलवार को मांडू थाना में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी थाना प्रभारी अनिल हेंब्रम ने की। बैठक में सभी पूजा समितियों के पदाधिकारियों से शांतिपूर्ण तरीके से पूजा मनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी पूजा समितियों से नशा मुक्त पूजा मनाने की बात कही। थाना प्रभारी ने पूजा समितियों को गुरुवार की संध्या प्रतिमा विसर्जन करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया बैजनाथ राम, अमरेंद्र कुमार गुप्ता, छअमित मुसहर, मो मिस्टर आलम, प्रभात कुमार, चौरंगी लाल, दासो हेम्ब्रम के अलावा सअनि रामाकांत सिंह, कोमल रविदास, समेत विभिन्न पूजा समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

महासचिव मनोज और प्रदेश उपाध्यक्ष बने अमित कुमार, दी गयी बधाई

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रांची के बूटी रोड़ स्थित गोविंदम हॉल में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार और अपराध नियंत्रण संगठन की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से संगठन के चैयरमेन और ब्रांड एंबेसडर मोहित नवानी, राष्ट्रीय महासचिव राज कुमार राज, राष्ट्रीय संयोजक अजय मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिपक तिवारी उपस्थिति थें। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। इस दौरान संगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने लादी-चिकोरी निवासी मनोज राम को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार और अपराध नियंत्रण संगठन का झारखण्ड प्रदेश महासचिव मनोनित किया। वहीं भुरकुंडा जवाहर नगर हनुमान गढ़ी निवासी अमित कुमार को झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। दोनों के मनोनयन पर संगठन के चैयरमेन और ब्रांड एंबेसडर मोहित नवानी ने संगठन का आइडी कार्ड और मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया। अपने मनोनयन पर खुशी व्यक्त करते हुए नवमनोनित प्रदेश महासचिव मनोज राम और प्रदेश उपाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा की जिस उम्मीद व विश्वास के साथ हमें यह दायित्व सौंपा गया उसका इमानदारीपूर्वक निर्वहन करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। दोनों के मनोनयन पर कुलदीप सोनी, राज सिन्हा, प्रभात सिन्हा, अमीत कुमार, अनिल नायक, सुरेन्द्र पाण्डेय, सुधीर मोदी, सोनु कुमार, शम्भु कुमार, राज कुमार रवानी, दिलीप कुमार, शंकर कालिंदी, गुड्डू कुमार, बबलू राम सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

अनमोल बचपन प्ले स्कूल में मना राष्ट्रीय महिला दिवस

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कोचिंग और अनमोल बचपन प्ले स्कूल में मंगलवार को पूरे धूमधाम से राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक पेंटिंग बनाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम निधि सिंह द्वारा अनमोल बचपन प्ले स्कूल की शिक्षिका नमिता मिश्रा, जयश्री गोस्वामी, मानसी कुमारी, सुशीला एंथोनी को फूल और टॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षिका नमिता मिश्रा ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी महिलाओं को अपने हक-अधिकार और बेहतर समाज के निर्माण के लिए कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। मानसी कुमारी ने कहा कि हमसभी को मयार्दा में रहकर देशहित में कार्य करने की आवश्यकता है, उर्मिला कुमारी ने कहा कि महिलाओं को पुरुषों की तरह ही हर क्षेत्र खेल-कूद, पढ़ाई-लिखाई और रोजगार के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जयश्री गोस्वामी ने कहा कि अपने परिवार और समाज के प्रति सकारात्मक सोच के साथ हमसबों को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वह शक्ति है जो अपने साहस, परिश्रम और दूरदर्शिता से असंभव को संभव कर दिखाती है। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हर माता-पिता को अपने-अपने बेटियों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का संकल्प लेना चाहिए। बेटियों को अपनी पसंद का कैरियर बनाने के लिए भी अभिभावको को प्रोत्साहित करना चाहिए।

JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi -834001

NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/19/2023-24
2nd Call (Short Notice Inviting Tender)

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) Department of Government of Jharkhand for the work as given below:

Sl. no.	Name of work	Estimated cost (Rs.)	Earnest money (Rs.)	Cost of tender fee (Rs.) (Non refundable) Including 18% GST	Class of Contractor	Time of completion (In days)
1	2	3	4	5	6	7
01	Repair and Maintenance work of Lady toilet of Main building of Jharcraft at Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi (Jharkhand)	2,82,557.00	6,000.00	885	IV	30 days
02	Renovation of Show Room at Main Building office of Jharcraft, Ratu Road, Ranchi (Jharkhand)	4,35,448.00	8,800.00	885	IV	45 days

a. Tender documents can be purchased from office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 16.02.2024 to 22.02.2024
b. Tender will be received on 23.02.2024 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 23.02.2024 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
Note: 1. The estimated cost mentioned above in column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.
2. For any information/complaints the department helpline no. / Mobile No. 82922 34107 may be Contacted.

Sd/- Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi
Ref. No. : 119 Date : 13.02.2024

नालको NALCO
A NAVRATNA COMPANY

National Aluminium Company Limited
(A Government of India Enterprise)
NALCO Bhawan, P/1, Nayapalli,
Bhubaneswar-751 013, Odisha, India
CIN : L27203OR1981GOI000920

Bauxite Mining Aluminium Smelter
Alumina Refinery Renewable Energy Power Generation
NALCO: EMPOWERING PROGRESS, NURTURING EXCELLENCE

Extracts of Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December 31, 2023

Rs. In Crore

Sl. No.	Particulars	Standalone						Consolidated					
		Quarter Ended			Nine Months Ended		Year Ended	Quarter Ended			Nine Months Ended		Year Ended
		31/12/2023 (Unaudited)	30/09/2023 (Unaudited)	31/12/2022 (Unaudited)	31/12/2023 (Unaudited)	31/12/2022 (Unaudited)	31/03/2023 (Audited)	31/12/2023 (Unaudited)	30/09/2023 (Unaudited)	31/12/2022 (Unaudited)	31/12/2023 (Unaudited)	31/12/2022 (Unaudited)	31/03/2023 (Audited)
1.	Total Income from Operations	3,346.90	3,042.42	3,297.19	9,568.68	10,584.00	14,254.86	3,346.90	3,043.42	3,297.19	9,568.68	10,584.00	14,254.86
2.	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and /or Extraordinary items)	668.21	274.97	364.80	1,414.09	1,388.73	1,954.99	668.21	274.97	364.80	1,414.09	1,388.73	1,954.99
3.	Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	668.21	274.97	364.80	1,414.09	1,388.73	1,954.99	650.35	256.06	347.27	1,361.69	1,305.78	1,845.16
4.	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	488.47	206.26	273.85	1,044.12	1,022.61	1,544.49	470.61	187.35	256.32	991.72	939.66	1,434.66
5.	Total Comprehensive Income for the period Comprising Profit/Loss for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)	487.59	196.80	323.34	1,041.50	1,094.65	1,602.14	469.73	177.89	305.81	989.10	1,011.70	1,492.31
6.	Equity Share Capital	918.32	918.32	918.32	918.32	918.32	918.32	918.32	918.32	918.32	918.32	918.32	918.32
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year						12,320.13						12,208.05
8.	Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs.5/- each) (not annualised):												
	1. Basic	2.66	1.12	1.49	5.68	5.57	8.41	2.56	1.02	1.40	5.40	5.12	7.81
	2. Diluted	2.66	1.12	1.49	5.68	5.57	8.41	2.56	1.02	1.40	5.40	5.12	7.81

The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the above financial results are available on the Stock Exchange websites, www.nseindia.com and www.bseindia.com; and Company's website, www.nalcoindia.com.

Notes :
(1) The financial results have been reviewed and recommended by the Audit Committee at the meeting held on 12th February, 2024 and approved by the Board of Directors in its meeting held on 13th February, 2024. Limited review as required under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 has been carried out by the Joint Statutory Auditors of the Company.
(2) Out of the four joint venture companies, financials for the quarter and nine months ended on 31st December 2023 of one joint venture company M/s. Utkarsha Aluminium Dhatu Nigam Limited have been consolidated on the basis of financials as certified by the Management, the effects whereof are not material. Further, consolidated financials for the quarter and nine months ended 31st December, 2023 does not include the financials of M/s. Khanij Bidesh India Limited, the joint venture company, due to non-availability of its financials, which is not material.
(3) The Board of Directors at its meeting held on 9th November, 2023 has approved interim dividend of ₹1/- per equity share (20% on face value of ₹5/- each) amounting to ₹183.66 crore for the FY 2023-24 and same was paid on 7th December, 2023. The 2nd interim dividend of ₹2/- per equity share (40% on face value of ₹5/- each) amounting to ₹367.33 crore for the FY 2023-24 has been approved by the Board of Directors at its meeting held on 13th February, 2024.
(4) Based on the recommendation of the Board, the shareholders of the Company has approved final dividend of ₹1/- per equity share (20% on face value of ₹5/- each) amounting to ₹183.66 crore for the FY 2022-23 at the 42nd Annual General Meeting held on 21st September, 2023 and the same was paid on 19th October, 2023. The total dividend pay out for the FY 2022-23 is ₹4.50/- per equity share (interim dividend of ₹3.50/- per share and final dividend of ₹1/- per share) amounting to ₹826.48 crore.
(5) Figures pertaining to previous periods have been regrouped, recasted and rearranged, wherever necessary.

Place : Bhubaneswar
Dated : 13th February, 2024

(CA Sridhar Patra)
Chairman-cum-Managing Director

भारत की बड़ी जीत

भारत के आठ पूर्व नौसेना कर्मियों का कतर की जेल से रिहा होकर सुरक्षित स्वदेश लौटना निश्चित रूप से भारत की एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी है। इन लोगों को पिछले साल कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनायी थी, जिसके बाद यह मामला सुर्खियों में आया था। यह मामला शुरू से रहस्यमय इस मायने में भी था कि कभी इससे जुड़े तथ्य सामने लाये ही नहीं गये। जब भारत के आठ पूर्व नौसेना कर्मियों को कतर की अदालत द्वारा फांसी की सजा दिये जाने की खबर आयी, तो सबका ध्यान इस तरफ गया। लेकिन किसी को पक्के तौर पर पता ही नहीं था कि फांसी की सजा क्यों दी गयी। इन पर लगे आरोपों को कभी सार्वजनिक नहीं किया गया। सूत्रों के हवाले से अपुष्ट खबरों में यह जरूर कहा जा रहा था कि उन पर इस्राइल को संवेदनशील सूचनाएं देने का आरोप है। लेकिन चूंकि आरोप सार्वजनिक नहीं हुए, इसलिए यह भी पता नहीं चला कि उनके खिलाफ किस तरह के सबूत पेश किये गये। ऐसे में भारत सरकार का काम खासा चुनौतीपूर्ण था। जहां देश के अंदर इन पूर्व नौसेना कर्मियों के लिए सहानुभूति थी, वहीं यह समझना भी मुश्किल नहीं था कि कथित आरोपों की गंभीरता को देखते हुए और खास कर इस्राइल का एंगल होने की वजह से कतर के लोगों के लिए भी यह मसला खासा संवेदनशील हो सकता था। जाहिर है, इस बारे में भी कोई ठोस नतीजा निकालना मुश्किल था कि अगर इनके खिलाफ किसी तरह की साजिश है, तो वह किस स्तर पर और किन लोगों के जरिए की गई है। स्वाभाविक ही विदेश मंत्रालय ने किसी तरह की बयानबाजी में पड़ने के बजाय इसे आपसी समझदारी से सुलझाने का फैसला किया। कतर और भारत के बीच बहुत अच्छे रिश्ते रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के बीच पर्सनल केमिस्ट्री भी अच्छी मानी जाती रही है। इसलिए कानूनी उपायों के साथ-साथ इन चैनलों का भी इस्तेमाल करना बेहतर माना गया। इन बहुस्तरीय प्रयासों का पहला बड़ा नतीजा तब दिखा जब सीओपी 28 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद अपीलीय न्यायालय ने इन सबकी फांसी की सजा को कम कर दिया। उसी समय से यह उम्मीद बनने लगी थी कि अब कुछ समय में दोनों सरकारों की रजामंदी से इन कैदियों को स्वदेश भेजने की व्यवस्था हो सकती है। बहरहाल, इसमें संदेह नहीं कि भारत सरकार और खास कर विदेश मंत्रालय ने इस मसले को जितनी गंभीरता और कुशलता से निपटाया, उससे न केवल देश की साख बढ़ी है, बल्कि यह विश्वास भी मजबूत हुआ है कि भारत सरकार दुनिया में कहीं भी मुसीबत में फंसे अपने नागरिकों का साथ नहीं छोड़ती।

कतर और भारत के बीच बहुत अच्छे रिश्ते रहे हैं और पीएम नरेंद्र मोदी व अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के बीच पर्सनल केमिस्ट्री भी अच्छी मानी जाती रही है। इसलिए कानूनी उपायों के साथ-साथ इन चैनलों का भी इस्तेमाल करना बेहतर माना गया।

अभिमत
आजाद सिपाही

पिछले महीने से सप्ताह दर सप्ताह नामित 5 व्यक्तियों पर हमें विचार करना होगा जिनमें कर्पूरी ठाकुर, लाल कृष्ण अडवानी, चरण सिंह, पीवी नरसिम्हाराव और एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं। यदि उन सभी को सम्मान के योग्य माना जाता, तो उन सभी का नाम 2015 में मोदी सरकार के पहले गणतंत्र दिवस पर रखा जा सकता था। आखिरकार जिन उपलब्धियों का श्रेय उन्हें दिया जाता है, वे बहुत पुरानी हैं। किसी भी स्थिति में, सभी 5 नामों की घोषणा इस साल के गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जा सकती थी।

आखिर नरसिम्हाराव को भारत रत्न के लिए 33 वर्षों का इंतजार क्यों करना पड़ा

संजय बारू



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल के आखिरी महीनों में जिस तरह से भारत रत्न देने की बात को आगे बढ़ाया है, उससे देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान भारत रत्न का अवमूल्यन हुआ है। निःसंदेह वह पहले प्रधानमंत्री नहीं हैं, जिन्होंने किसी राष्ट्रीय सम्मान का राजनीतिकरण किया है। हालांकि चुनाव से पहले अपनी साप्ताहिक घोषणाओं से उन्होंने राजनीतिकरण को स्पष्ट कर दिया है। पिछले महीने से सप्ताह दर सप्ताह नामित 5 व्यक्तियों पर हमें विचार करना होगा जिनमें कर्पूरी ठाकुर, लाल कृष्ण अडवानी, चरण सिंह, पीवी नरसिम्हाराव और एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं। यदि उन सभी को सम्मान के योग्य माना जाता, तो उन सभी का नाम 2015 में मोदी सरकार के पहले गणतंत्र दिवस पर रखा जा सकता था।

आखिरकार जिन उपलब्धियों का श्रेय उन्हें दिया जाता है, वे बहुत पुरानी हैं। किसी भी स्थिति में, सभी 5 नामों की घोषणा इस साल के गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जा सकती थी। जिस तरह से इन नामों की घोषणा की गयी है, उसे देखते हुए यह संभव है कि चुनाव पूर्व पाइपलाइन में और भी नाम हो सकते हैं। इन नामों में बीजू पटनायक, एनटी रामाराव, एचडी देवेगौड़ा और जयललिता शामिल हैं। ये सभी राजनीतिक दलों के नेता जो संभावित सहयोगी हैं, को भारत रत्न क्यों नहीं?

ऐसे भी उदाहरण हैं, जब राष्ट्रपति ने सर्वोच्च सम्मान के लिए किसी नाम का चयन करने की पहल की।

नरसिम्हाराव का नामांकन अभी किया गया है न कि 2021 में उनके जन्म शताब्दी वर्ष के दौरान। जब तेलंगाना राज्य विधायिका ने सर्वसम्मति से तेलंगाना के सबसे बड़े राजनीतिक नेता और एक ऐसे प्रधानमंत्री के सम्मान की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया, जिन्होंने भारत और भारतीय अर्थव्यवस्था को बदल कर इतिहास रच दिया। अब मौकापरस्त राजनीति की गंध आती है। आज शायद यह उम्मीद है कि कर्पूरी ठाकुर और चरण सिंह की तरह और भी कुछ होगा। भारत में कई प्रधानमंत्री हुए लेकिन सभी ने इतिहास नहीं बनाया। जवाहर लाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में अपने भारत रत्न के हकदार थे और इंदिरा गांधी बंगलादेश के निर्माण के लिए इस सम्मान की हकदार थीं। नरसिम्हाराव के पास राजीव गांधी का नाम लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं था लेकिन वह खुद इस सम्मान के बड़े हकदार थे।

यह राव का राजनीतिक नेतृत्व था जिसने भारत के आर्थिक बदलाव और उसके बाद के उत्थान के लिए वास्तव में नए और उभरते भारत की नींव रखी। राव को इस राष्ट्रीय सम्मान को हासिल करने के लिए 1991 के बाद 33 साल का इंतजार करना पड़ा। अपनी ओर से प्रधानमंत्री राव एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने जनवरी 1992 में जेआरडी टाटा का नाम लेते हुए किसी उद्योगपति को भारत रत्न के रूप में नामित किया था। जेआरडी की पसंद न केवल इसलिए महत्वपूर्ण थी, क्योंकि वह इतना सम्मानित होने वाले पहले और एकमात्र व्यापारिक नेता थे, बल्कि इसलिए भी क्योंकि यह राव की नयी आर्थिक नीतियों और अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के मद्देनजर बॉम्बे के लिए नयी दिल्ली का नीतिगत संकेत था। उनकी अन्य दो पसंद मौलाना आजाद और सत्यजीत रे थे।

भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न एक ऐसा पुरस्कार है, जिसके लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को व्यक्तिगत रूप से किसी व्यक्ति का नाम देने की शक्ति मिलती है। अन्य सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं के चयन की एक प्रक्रिया है। अधिकारियों और गैर-अधिकारियों का एक समूह बाद वाले को विश्वसनीय नेता माना जाता है। तत्कालीन सरकार द्वारा सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं की एक सूची तैयार करने के लिए कई दिनों तक बैठना पड़ता है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री अधिकारियों की इस समिति को नामों का सुझाव दे सकते हैं। इससे पहले कि उनकी सूची अनुमोदन के लिए प्रधानमंत्री को भेजी जाये और उसके बाद राष्ट्रपति को भेजी जाये।

पिछले दशक में इस प्रक्रिया को और अधिक विस्तृत बना दिया गया है और बड़े पैमाने पर जनता को उचित माध्यम से पद्म पुरस्कार के लिए किसी व्यक्ति का नाम देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

ऐसे भी उदाहरण हैं, जब राष्ट्रपति ने सर्वोच्च सम्मान के लिए किसी नाम का चयन करने की पहल की। ऐसा पहला मामला तब था, जब 1955 में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने प्रधानमंत्री नेहरू का नाम चुना था। कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि यह राष्ट्रपति प्रसाद ही थे, जिन्होंने सबसे पहले एक वर्तमान प्रधानमंत्री का नाम देकर पुरस्कार का राजनीतिकरण किया। संयोगवश चूंकि पुरस्कार की घोषणा और इसे सौंपना राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है, इसलिए प्रसाद को तब तक इंतजार करना पड़ा, जब तक वह राष्ट्रपति नहीं रहे, ताकि प्रधानमंत्री नेहरू उनका नाम तय कर सकें। सीएस राजगोपालाचारी को छोड़ कर पहले कुछ पुरस्कार विद्वतापूर्ण व्यक्तियों को देकर नेहरू ने स्वयं एक अच्छी मिसाल कायम की।

शायद पहली बार भारत रत्न पूरी तरह राजनीतिक हो गया, जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने पूर्व पार्टी अध्यक्ष और तमिलनाडु के कांग्रेस पार्टी नेता केके कामराज को सम्मानित किया। वह निःसंदेह एक लोकप्रिय राजनेता और मिलनसार व्यक्ति थे, लेकिन उनका बड़ा योगदान देश की बजाय अपनी पार्टी के लिए था। इंदिरा गांधी ने अपने दूसरे कार्यकाल में मदर टैरेसा और गांधीवादी आचार्य विनोबा भावे का नाम लेकर खुद को बचा लिया। उसके बाद राजीव गांधी ने मरणोपरांत एमजी रामचंद्रण का नाम लेकर इस रिकार्ड को और धूमिल कर दिया।

हालांकि मोदी भारत रत्न का राजनीतिकरण करने वाले पहले प्रधानमंत्री नहीं हैं। हाल के वर्षों में उनके पूर्ववर्तियों ने इस सम्मान की प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एमएस सुब्बुलक्ष्मी, सी सुब्रह्मण्यम, जयप्रकाश नारायण, अमर्त्य सेन, गोपीनाथ बोरदोलोई, पंडित रविशंकर, लता मंगेशकर और उस्ताद बिस्मिल्लह खान का नाम लिया, लेकिन वाजपेयी और राव दोनों ने राजनीतिक लाभ के लिए राजनेताओं का नाम लेने से परहेज किया। मनमोहन सिंह ने भीमसेन जोशी, सचिन तेंदुलकर और वैज्ञानिक सीएनआर राव का नाम लेते हुए उनका उदाहरण दिया।

चंद्रशेखर जैसे अल्पकालिक प्रधानमंत्रियों ने इस अवसर का उपयोग कुछ राजनीतिक विकृतियों को ठीक करने के लिए किया और बीआर आंबेडकर तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल को मरणोपरांत सम्मान दिया। मोरारजी देसाई का नाम लेने के उनके फैसले का विरोध किया जा सकता है लेकिन इतना सम्मानित होने वाले एकमात्र गैर-भारतीय नेल्सन मंडेला का नाम रखना बुद्धिमानी भरा फैसला था।

(लेखक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड(1999-2001) के सदस्य और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सलाहकार थे।)

जमशेदपुर की खबरें

नारायणा आइआइटी नीट एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने की सफलता अर्जित

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। साकची स्थित नारायणा आईआईटी नीट एकेडमी जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने जेईई (मेन) जनवरी 2024 में अपार सफलता अर्जित की। मंगलवार को नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने जानकारी देते हुए कहा जेईई (मेन)जनवरी 2024 के रिजल्ट में नारायणा का देश भर से एम. साई तेजा,शेख सुरज,आर्यन प्रकाश, एम. अनुप, रोहन साई,एच. विदित, टी. दिनेश रेड्डी और अमोध अग्रवाल ने 100 प्रतिशत लाकर संस्था का नाम रोशन किया। साथ ही नारायणा जमशेदपुर सेंटर से 85 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 88 है, जिसकी गणना अभी भी जारी है। नारायणा जमशेदपुर सेन्टरे से फिजिक्स में 100 प्रतिशत पाने वाला छात्र किलय कर्ण सिंह है। नारायणा जमशेदपुर से जे.ई.ई.(मेन) जनवरी 2024 में 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की सूची जारी की गई है। श्री भूषण ने छात्रो के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा आगामी जेईई मेन और एडवान्स - 2024 की परीक्षा में भी शहर के टॉपर होंगे। उन्होंने कहा नारायणा आई.आई.टी.नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण और एक एकेडेमिक कैलेण्डर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी कराती है। छात्रों को इंजीनियरिंग, चिकित्सा और सिविल सेवाओं में बेहतर भविष्य के लिए व्यापक शैक्षणिक कार्यक्रम और संसाधन भी प्रदान करती है, जो करियर-उन्मुख छात्रों के विविध व्यावसायिक लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता देते हैं।

घाटशिला में थाना दिवस पर थाना परिसर में हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। घाटशिला थाना परिसर में घाटशिला एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर की अध्यक्षता में मंगलवार को थाना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर थाना परिसर में आयोजित एक बैठक में शांति समिति के सदस्य, जन प्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए. बैठक को संबोधित करते हुए घाटशिला एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर ने कहा कि जमीन संबंधी मामलों और आपसी विवाद में समझौते को लेकर थाना दिवस आयोजित हुआ। बैठक में सरस्वती पूजा कमिटी से भी आयोजन की जानकारी ली गई तथा उनकी समस्याएं सुनी गईं. इस मौके पर जिला पार्षद देवयानी मुर्मू, घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन डे, महिला थाना प्रभारी अनिता सोरेन, एसआइ गोविंद कुमार, विवेक कुमार, महबा मिंज, तापस चटर्जी, फकीरचंद्र अग्रवाल, शिवरतन अग्रवाल, मुखिया प्रफुल्ल हांसदा, माला डे, शेख भोलू, ब्रजेश सिंह, प्रदीप रॉय, राजहंस मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की हुई बैठक

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआइ जांच हो: सहिस

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक कदमा मंगल सिंह अखाड़ा क्लब में की गई। मंगलवार को आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अथिति पूर्व मंत्री सह केन्द्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस शामिल हुए। बैठक में आजसू पार्टी के संगठन की मजबूती के साथ केंद्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश पर सदस्यता अभियान व छात्र इकाई द्वारा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। मौके पर जमशेदपुर लोकसभा चुनाव की मजबूती पर चर्चा की गई। आजसू पार्टी पुरें दम खम से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। साथ ही पार्टी द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के लिए प्रभारी सह प्रभारी के आलावे चुनाव को देखते हुए प्रखंड प्रभारी की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता भोला तिवारी अपने समर्थको के संग आजसू पार्टी में हुए शामिल हुए। उनके साथ हरी दत्त तिवारी,जयपाल यादव, ब्रजेश यादव, जय हरी प्रमाणिक, सुमित कुमार चौधरी, मनीष कुमार ठाकुर, रौशन सिंह नीतेश कुमार्ज बिट्टू कुमार केदारनाथ,विजय साहू समेत दर्जनों लोगो ने सदस्यता ग्रहण की। बैठक का संचालन जिला सचिव अरूप मल्लिक व धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष सोमू भौमिक ने किया। मौके पर अतिथि केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा बताया वर्तमान सरकार की नियत ठीक नही है। क्योंकि मुख्यमंत्री स्वयं शपथ लेते वक्त ही कह दिया मैं भी वही राह पर चलूंगा जिस पथ पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चला है। वैसे आजसू पार्टी पूर्व से ही आंदोलन करते आई है। पूर्व की सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। हाल ही में युवाओं के जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पत्र लीक होने के कारण वर्तमान सरकार लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ की। आजसू पार्टी इसे गंभीरता से लिया है। पूरे घटनाक्रम की सीबीआई जांच की मांग करती है। इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व छात्र संघ के साथ सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। उन्होंने बताया वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।प्रशासनिक महकमे में भ्रष्टाचार छिपा है। सहिस ने कहा आजसू पार्टी राज्य के ताजा हालातों पर नजर गड़ाए हुए है। उचित समय पर माकूल जबाब देगी। साथ ही सांगठनिक विषयो के साथ साथ पार्टी द्वारा जन संग्रह, धन संग्रह कार्यक्रम में अत्यधिक लोगो को शामिल करना होगा। बैठक में स्वप्न सिंह देव, प्रो रविशंकर मौर्या, सागेन हांसदा, डोमन टुडू, नंदू पटेल, दीपक अग्रवाल,प्रणव मजूमदार, फणिभूषण महतो, बुल्लू रानी सिंह सरदार,प्रकाश विश्वकर्मा, अशोक मंडल, राजेश कर्मकार, संजय सिंह,अप्पू तिवारी, अमोल महतो,ललन झा,ठाकुर दास महतो, सरवन सिंह सरदार, संतोष सिंह, आकाश सिन्हा, मृत्युंजय सिंह, चंद्रेश्वर पांडेय, शैलेंद्र सिन्हा, अरूप मल्लिक, तनवीर राजू, प्रवीन प्रसाद,समीर खान, सरफराज खान, हेमंत पाठक, बबिता सिंह, धनेश सिंह गुड्डू, सुधीर सिंह , अशीस नामता, नवीन महतो, संजय सिंह, प्रमोद चौबे, सौरभ राहुल सिंह, नवीन महतो, लख्खी राय, धनेश कर्मकार, अभय सिंह, ललित सिंह, शकील सिद्धकी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

जमशेदपुर के प्राचीन शिव मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मानगो दाईगुट्टू के प्राचीन शिव मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को हजारों महिलाओं ने बोल बम के नारों लगाते हुई सुवर्ण रेखा नदी से जल लेकर नाचते झूमते कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा में शिव पार्वती और शिव परिवार की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। मानगो नदी से कलश यात्रा मानगो दाईगुट्टू के प्राचीन शिव मंदिर पहुंची। जहां तीन दिवसीय नर्मदेश्वर शिवलिंग के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर मंदिर कमिटी के अध्यक्ष गिरीश सिंह ने बताया दाईगुट्टू प्राचीन शिव मंदिर का शिवलिंग खंडित हो गई था। मध्य प्रदेश के उज्जैन के समीप नर्मदा नदी से निकलने वाले नर्मदेश्वर शिवलिंग को पांच सदस्य कमिटी के ध्वर लाया गया। उसके बाद पूरे विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में बजरंगबली और मां दुर्गा के मंदिर का निर्माण कर मूर्ति के लिए प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। बनारस के पंडितो द्वारा तीन दिवसीय अनुष्ठान का कार्यक्रम आरंभ किया गया। दूसरे दिन भगवान को नगर भ्रमण कराया जायेगा। तीसरे दिन हवन के बाद महा भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम में पूरे बस्ती वासियों को आमंत्रित किया गया। मौके पर विकास सिंह,गिरीश सिंह, राम अवतार यशवाल, अनिरुद्ध सिंह,राजेंद्र राम, अवधेश कुमार सिंह, शेखर यादव , नुनु बाबु गुप्ता,मिथलेश कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह, अरुण कुमार सिन्हा, एस के सिंह, मनोज सिंह ,हिमांशु गिरी, भीम सिंह, राम प्रताप सिंह, डॉ अरुण कुमार सहित हजारों लोग शामिल रहे।

युवक ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। पेड़ से लटककर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के कृष्णापुर गांव निवासी सरोज बिहारी (गोरा) सतपथी के 38 वर्षीय बड़े पुत्र सत्यम सतपथी के रूप में हुई. घटना मंगलवार दोपहर बाद की है. किसी ने पेड़ से लटका सत्यम का शव देखा, जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गयी. मौके पर परिजन पहुंचे और शव को देखते ही दाहाड़ मार कर विलाप करने लगे. तत्काल स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी गयी। इसके बाद मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी और थाना प्रभारी पूजा कुमारी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंची और शव को फंदे से उतारकर कब्जे में ले लिया।

झूठ, फरेब ज्यादा दिनों तक नहीं चलनेवाला, जल्द हमारे बीच होंगे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन: मिथिलेश

200 करोड़ की लागत से बनेगी गढ़वा की तीन महत्वपूर्ण सड़कें, कैबिनेट ने दी स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिले की तीन अति महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जायेगा। राज्य कैबिनेट ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन तीनों सड़कों के निर्माण पर करीब 200 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। पथ निर्माण विभाग झारखंड (पीडब्लूडी) द्वारा इनका निर्माण किया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल गढ़वा अन्तर्गत डेंटल मोड़ एनएच 75 से हूर चारमुहान होते हुए नावादोहरी एनएच 343 तक 15 किमी सड़क का निर्माण किया जायेगा। करीब 98 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सड़क निर्माण में भूमि अधिग्रहण भी शामिल है। इसके निर्माण से फरठिया, महुपी, मधेया, हूर, नावादोहरी आदि गांव सीधे पीडब्ल्यूडी सड़क से दोनों एनएच से जुड़ जायेंगे। यह सड़क सात मीटर चौड़ी अर्थात डबल लेन की होगी। इस पथ के निर्माण होने से एक अतिरिक्त बाईपास की सुविधा भी मिल सकेगी। दूसरी सड़क भी अति महत्वपूर्ण है। यह एक ओर एनएच 75 तो दूसरी ओर राज्य राजपथ को जोड़ती है। यह सड़क एनएच 75 से बिकताम, दलेली होते हुए मंझिआव पीडब्ल्यूडी पथ को जोड़ेगी। लगभग नौ किमी की इस सड़क के निर्माण पर भूमि अधिग्रहण सहित करीब 40 करोड़ की लागत आयेगी। यह सड़क भी डबल लेन सात मीटर की होगी तथा एक बाईपास का कार्य भी करेगी। तीसरी सड़क की मांग भी कई वर्षों से नगर उंटारी और गरबांध की जनता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाता रहा है। यह सड़क नगर उंटारी एनएच 75 से गरबांध होते हुए रोहिनिया पीडब्ल्यूडी तक जायेगी। 15.7 किमी लंबी इस सड़क के निर्माण पर लगभग 62 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह पथ झारखंड और यूपी को जोड़ने वाली एक लिंक का कार्य करेगी। आदिवासी और नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र के लिए यह सड़क एक बड़ा सामाजिक और आर्थिक बदलाव लायेगी। उन्होने कहा कि गढ़वा जिले में पिछले चार वर्षों में जो अभूतपूर्व विकास हुआ तथा अगले वर्षों में विकास का विजन के साथ जो ब्लू प्रिंट तैयार हुआ है वह पूर्णरूप से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच और गढ़वा के प्रति उनके असीम स्नेह का ही परिणाम है। गढ़वा की समस्याओं, यहां के लोगों की तकलीफों को उन्होंने न सिर्फ देखा था, बल्कि महसूस किया था। आज एक साजिश के तहत उन्हें पदच्युत किया गया है, पर जल्द ही सच सामने आएगा और वे पुनः हमारे बीच होंगे। झूठ, फरेब की बुनियाद लंबी नहीं होती। उन्होंने कहा कि इस सरकार को अपने कार्यकाल पूरा करने में अभी लगभग दस महीने बाकी हैं। आगे भी गढ़वा की विकास गाथा की नयी कहानियां लिखी जायेगी। गढ़वा की जनता का प्यार, स्नेह और आशीर्वाद इसी तरह मिलता रहा तो आने वाले समय में गढ़वा को सबसे विकसित और बेहतर जिला बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

जनता दरबार में डीआरडीए निदेशक ने सुनी समस्याएं

गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन द्वारा समाहरणालय के सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आज के जनता दरबार में अबुआ आवास, भूमि सीमांकन, म्युटेशन समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी गयी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। सर्वप्रथम नगर मेराल प्रखंड के अरंगी पंचायत के कुंभी निवासी सोनी देवी द्वारा आवेदन देकर अबुआ आवास की मांग की गयी है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास के लिए योग्यता रखने पर भी अबुआ आवास का लाभ नही मिला है। इसी प्रकार भवनाथपुर प्रखंड के बुका निवासी सुशीला देवी, गढ़वा प्रखंड के हरैया निवासी कुंदन राम एवं नवादा पंचायत की सबीना बीबी तथा कांडी प्रखंड अंतर्गत सरकोनी पंचायत के महुली के ग्रामीण जनता लक्ष्मी देवी, संतोष मिस्त्री, भरदुल राम, ललिता देवी, बुद्धिनारायन पांडेय व अन्य ने सामूहिक हस्ताक्षरित आवेदन देकर अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन दिया। आमजनों से प्राप्त शिकायतों का समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को आवश्यक कार्रवाई हेतु को निर्देशित किया गया।

चलाया गया फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

रंका (आजाद सिपाही)। सरकार की ओर से दिशा निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाये जा रहे फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों, बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों के साथ साथ घर-घर जाकर स्वास्थ्य सहिया गीता देवी और स्वयंसेवक समाजसेवी अमरेंद्र कुमार के द्वारा फाईलेरिया रोधी दवा खिलाया गया और आगे भी जारी है।

हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें 1000 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा का शुभारंभ बंशीधर मंदिर ट्रस्टी राजेश प्रताप देव समाजसेवी राजेश पांडे और विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडे ने और संयुक्त रूप से भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप खीर को श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय समाजसेवी और युवा नेता विकास बल्लभ पांडे, बजरंग संयोजक उत्कर्ष जायसवाल, विश्व हिंदू परिषद संगठन मंत्री राहुल, विकास, पिंटू, बादल, निखिल, ललित, अखिलेश, विजय, राहुल, बादलआदि ने अपना-अपना योगदान दिया।

प्रेमिका के साथ शारीरिक संबंध बनाकर हत्या करने के आरोप में उसका प्रेमी गिरफ्तार

गढ़वा (आजाद सिपाही)। मझिआंव पुलिस ने प्रेमिका के साथ शारीरिक संबंध बनाकर हत्या करने के आरोप में उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त मझिआंव थाना क्षेत्र के भाटोलिया गांव निवासी का नाम शेख सलीम बताया गया है। पुलिस ने दो मोबाइल फोन के अलावा घटना में प्रयुक्त खून लगा पत्थर, महिला का पर्स, चादर, बस टिकट और अन्य सामान बरामद किया है। प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि 8 फरवरी को मझिआंव थाना अंतर्गत कोइनबार टोला हरैया में एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि मृतिका की पहचान चंद्रपुरा गांव निवासी अफसा तबस्सुम के रूप में की गयी थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शेख सलीम ने पूछताछ के दौरान बताया कि मृतिका मझिआंव थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव निवासी अफसा तबस्सुम के साथ उसका प्रेम था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विवाद के बाद अभियुक्त मृतका के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया तथा बदनामी से बचने के लिए उसकी हत्या पत्थर से कुचलकर कर दी। एसपी ने बताया कि छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस उपाधिकारी नीरज कुमार के अलावा मझिआंव पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, विकास कुमार, स्वामी रंजन ओझा, चालक आरक्षी मिथलेश तिवारी, सहायक पुलिस ओम प्रकाश चौधरी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

करचाली में भाजपाइयों ने लोगों से संवाद किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने गढ़वा जिला के भंडरिया मंडल कंजिया करचाली ग्राम अंतर्गत बूथ क्रमांक 395 में भाजपा गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत करचाली गांव के लोगों से संवाद किया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने बताया कि 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 पार करेगी भाजपा के द्वारा प्रदेश से लेकर बूथ स्तर पर पार्टी के जनप्रतिनिधि नेता कार्यकर्ता सभी लोगों ने बूथ स्तर पर प्रवास किया। मौके पर कंजिया करचाली ग्राम के प्रभारी रूपेश कुमार बैठा संजय गुप्ता प्रमाणंद ठाकुर सत्यम केशरी, भरत साव, नवल किशोर उपाध्याय, नौशाद और अन्य भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पत्रकार की आकस्मिक मृत्यु पर शोक सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

मझिआंव। लातेहार के राष्ट्रीय नवीन मेल के ब्यूरो चीफ पत्रकार अजय सिन्हा की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत पर मझिआंव प्रखंड सभागार में सभी पत्रकार के द्वारा उनके चित्र पर श्रद्धांजली अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया गया। तथा सभी ने इस दुःख की घड़ी में दिवंगत पत्रकार के परिजन को इस विकट घड़ी में उन सभी को दुःख सहने की कामना की गयी। बताते चले की 11 फरवरी के दिन ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रमंडल अध्यक्ष सह लातेहार राष्ट्रीय नवीन मेल के ब्यूरो चीफ अजय सिन्हा का शव छत वीछत अवस्था में रेलवे ट्रैक के किनारे मिला था। जहां परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। शोक सभा के दौरान पत्रकार अखिलेश ठाकुर ने कहा कि हम सभी पत्रकार विकट परिस्थिति में भी समाचार संकलन करते हैं, तथा हम सभी को कोई सुरक्षा नहीं मिलता है। आये दिन पत्रकारों पर हमला हो रहा है जो काफी खेद जनक है। प्रशासन से सुरक्षा की गारंटी की मांग भी की गयी। ताकि आने वाले समय में पत्रकार साथी निर्भीक होकर समाचार संकलन कर सकें। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार पत्रकारों के बारे में फर्स्ट निर्णय ले और बेहतर कानून बनाएं ताकि देश के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार अपने कार्यों को निर्भीक होकर करें। इस मौके पर अखिलेश ठाकुर, विनय कुमार, उपेंद्र कुमार, सत्यम जायसवाल, अनुप कुमार सिंह, अमित कुमार मेहता, रवि मेहता, कुमारी दीपिका सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पूर्व सांसद घुरन राम ने राजद से नाता तोड़ा

इंडिया गठबंधन में घुटन महसूस हो रही थी : घुरन राम

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय सचिव, राजद संसदीय बोर्ड के सदस्य पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद घुरन राम ने पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, संगठन सचिव उमेश सिंह, डंडई प्रखंड अध्यक्ष सुभाष चंद्र मेहता, गढ़वा नगर कमिटी अध्यक्ष अरविंद पटवा, सन्नी चंद्रवंशी आदि ने भी झामुमो छोड़ दिया है। घुरन राम ने मंगलवार को शहर के चिनियां मोड़ स्थित होटल कृष्णा हरि में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। जानकारी देते हुए पूर्व सांसद श्री राम ने बताया कि वे पार्टी में लगातार उपेक्षित महसूस कर रहे थे। वर्तमान में झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार है। इसमें अनुसूचित जाति के लिए कहीं कोई जगह नहीं है और न ही कोई मान सम्मान है। झारखंड में अनुसूचित जाति को न तो कोई मंत्री बनाया गया और न ही किसी बोर्ड, निगम में ही स्थान दिया गया। राजद और इंडिया गठबंधन में रह कर हम अपने लोगों को भला नहीं कर पायेंगे, इसलिए पार्टी छोड़ना ही बेहतर है। उन्हांने कहा कि अनुसूचित जाति यहां काफी उपेक्षित महसूस कर रहा है। अभी तो इस्तीफे की शुरूआत हुई है। इंडिया गठबंधन से दलित समाज के लोगों का इस्तीफा का तांता लगेगा। उन्हांने कहा कि झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। मौके पर उक्त सहित फजील अहमद, कुर्बान अंसारी, राजेंद्र राम, अनिल कुमार, जितेंद्र चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

जल ही जीवन।

स्वच्छता प्राण।।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति-कोडरमा

Email- eedwsd.jhumaritellaiya @gmail.com

पंत्राक .... दिनांक...............

सूचना

विज्ञापन सूचना संख्या PR274317 D.W &S (2022-23) D के अंतर्गत जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत की संविदा पर नियुक्ति से संबंधित लेखापाल एवं **BLOCK WASH COORDINATOR** दक्षता मूल्याकंन परीक्षा के उपरांत अंतिम मेधा सूची तैयार कर प्रकाशित की जा रही है जिसे WWW.KODERMA.NIC.IN पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, कोडरमा

PR 318851 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

समाहरणालय, सिमडेगा
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, पर्यटन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–93/ दिनांक– 29.01.2024 के द्वारा झारखण्ड पर्यटन द्वारा कांके डैम राँची, खेलगाँव तथा पतरातु डैम, रामगढ़ में National Institute of Watersports, Panaji,Goa के सहयोग से Life Saving Techniques-Watersports (LST-WS),Power boat Handling –Tiller (PBH-T) Training के निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन माह– मार्च 2024, के पहले सप्ताह में संभावित है। झारखण्ड राज्य के सिमडेगा जिला अन्तर्गत जलाशयों/जलप्रपातों के निकट रहने वाले स्थानीय नाविक, पर्यटन मित्र एवं प्रशिक्षण के लिए अन्य इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु दिनांकः– 15.02.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष के मध्य हो अपना आवेदन जिला खेल कार्यालय, सिमडेगा में कार्यालय अवधि में दिनांकः– 20.02.2024 तक जमा कर सकते हैं।
(नोटः– आधार कार्ड में अंकित जन्म तिथि मान्य नही होगा, आधार कार्ड का छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा)

अनुलग्नक – यथोक्त्।

ह०/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 318809 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)#D

ओबीसी समाज को जागरूक करने के लिए आंदोलन शुरू हो चुका है: ब्रह्मदेव प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता और अधिकार मंच के तत्वावधान में मेदिनीनगर में आयोजित पलामू प्रमंडलीय कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने पर मंच के प्रमंडलीय संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। साथ ही उन्हांने कहा कि ओबीसी समाज को जागरूक करने के लिए यह आंदोलन एक शुरूआत है। यदि राज्य और केंद्र सरकार ने ओबीसी समुदाय को पूरा हक और अधिकार नहीं दिया तो आंदोलन आगे राज्य स्तर से लेकर देश स्तर तक जारी रहेगा। श्री प्रसाद ने मंगलवार को गढ़वा स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही।

उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर में आयोजित पलामू प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में गढ़वा, पलामू और लातेहार से काफी संख्या में ओबीसी समाज के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया। लोगों ने राज्य और केंद्र सरकार को इस माध्यम से संदेश भी दिया कि यदि उन्हें 52 प्रतिशत आरक्षण, शैक्षणिक और राजनीतिक क्षेत्र में पूरी हिस्सेदारी, केंद्र और राज्य की योजनाओं में हिस्सेदारी नहीं मिलती है, सरकारें ओबीसी समाज के मांग को अनदेखी करती हैं तो ओबीसी समाज के 65 प्रतिशत आबादी सरकार को सत्ता से बेदखल कर देगी। मौके पर मुख्य रूप से राजनारायण पटेल, प्रमोद सोनी, विरेंद्र साव, प्रमोद चौधरी, रविंद्र नाथ ठाकुर, जितेंद्र कुमार, अब्दुल मन्नान आदि लोग उपस्थित थे।06

बीडीओ ने नहीं लिया महिलाओं का आवेदन, कहा मेरे बस का नहीं है कुछ

बंशीधरनगर(आजाद सिपाही)। कुशदंड पंचायत के दर्जन भर महिलाओं ने सोमवार को नगर उंटारी के प्रभारी बीडीओ संजय कुमार को आवेदन देकर पंचायत में अबुआ आवास के वरीयता सूची में भारी अनियमितता को लेकर शिकायत किया है। जिसमें पंचायत के कोल्हुआ और अधौरी ग्राम के गरीब, विधवा, विकलांग प्राथमिकता सूची में ग्रामीणों का नाम सूची में शामिल नही किया गया है। गुर्जर पंचायत को मिले अब वह आवास के लक्ष्य में 86 आवास में मंत्र तीन व्यक्ति अधूरी के विकलांग विधवा हम गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले किसी भी व्यक्ति का नाम प्राथमिकता सूची में नहीं है। महिलाओं ने बीडीओ को दिये आवेदन में उपर्युक्त शिकायतों को लेकर अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त शिकायत पर ध्यान देते हुए पंचायत के सभी योग्य लाभुकों को केटेगरी के अनुपात में अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची में शामिल किया जाये। आवेदन देने वाली महिलाओं में कांता देवी, देवंती देवी, मानकुवर, मीना, लालो, शारदा, बसंती, रीना देवी, उषा देवी, ममता देवी, शिखा कुमारी, पिंकी, अनीता, अमरावती, सोनी, शीला, सुषमा देवी, मोहरमती देवी, सोनी देवी, रीता, कविता, आरती, पूजा, अमृता देवी, उमेश राम (विकलांग) के नाम शामिल है।

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

63वीं औपबंधिक सूची
जिला– सिमडेगा (पार्ट–02)

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
	विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुवनेश्वर सेनापति, दामियन हेरेंज, नरोत्तम प्रसाद तथा अजयदान कुजूर द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा शपथ पत्र के माध्यम से पहचान के आधार पर।	
43.	1. आवेदन क्र0–20/24 2. आवेदक–कुलदीप कुमार कैथवार , पिता–भुटका कैथवार 3. ग्राम–तिनसोगड़ा , पोस्ट–सिकोरदा , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
44.	1. आवेदन क्र0–21/24 2. आवेदक–घुरा लोहरा , पिता–सुकरू लोहरा 3. ग्राम–सोय, सेमर टोली , पोस्ट–बानो , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो 4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में काला दाग।	कंडिका–2(ix)
45.	1. आवेदन क्र0–22/24 2. आवेदक–मो0 महमूद , पिता–स्व0 मो0 सत्तार 3. ग्राम–इस्लामपुर, भट्टी टोली , पोस्ट–सिमडेगा , थाना–सिमडेगा , प्रखण्ड–सिमडेगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आंख के बगल में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
46.	1. आवेदन क्र0–23/24 2. आवेदक–संजय कुमार केशरी , पिता–सुन्दर साव 3. ग्राम–तामड़ा , पोस्ट–सिमडेगा , थाना–सिमडेगा , प्रखण्ड–सिमडेगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हथेली में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
47.	1. आवेदन क्र0–24/24 2. आवेदक–उमेश प्रसाद , पिता–कैलाश प्रसाद 3. ग्राम–बीरू–रावतटोली , पोस्ट–बीरू , थाना–सिमडेगा , प्रखण्ड–सिमडेगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
48.	1. आवेदन क्र0–25/24 2. आवेदक–अरूण बागे , पिता–जोलेन बागे 3. ग्राम–फरसा बेड़ा , पोस्ट–खूँटी टोली , थाना–सिमडेगा , प्रखण्ड–सिमडेगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
49.	1. आवेदन क्र0–26/24 2. आवेदक–जासेन केरकेट्टा , पिता–तिन्तुस केरकट्टा 3. ग्राम–फरसा बेड़ा , पोस्ट–खूँटी टोली , थाना–सिमडेगा , प्रखण्ड–सिमडेगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
50.	1. आवेदन क्र0–27/24 2. आवेदक–शैलेन्दर साव , पिता–स्व0 जगदीश साव 3. ग्राम–कुंजनगर, सिमडेगा , पोस्ट–सिमडेगा, थाना–सिमडेगा , प्रखण्ड–सिमडेगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने जांघ में काला दाग।	कंडिका–2(ix)
51.	1. आवेदन क्र0–28/24 2. आवेदक–नारायण राम , पिता–स्व0 रिझन राम 3. ग्राम–हरिपुर , पोस्ट–सिमडेगा , थाना–सिमडेगा , प्रखण्ड–सिमडेगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ अंगूठे के नीचे काला दाग।	कंडिका–2(ix)
52.	1. आवेदन क्र0–29/24 2. आवेदक–दिनेश रावत , पिता–स्व0 गोकुलचन्द्र रावत 3. ग्राम–देवबहार , पोस्ट–देवबहार , थाना–रेंगारी , प्रखण्ड–ठेंठईटांगर 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में मासा।	कंडिका–2(ix)
53.	1. आवेदन क्र0–30/24 2. आवेदक–सुधीर सुरीन , पिता–कलेप सुरीन 3. ग्राम–रेंसियाँ , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
54.	1. आवेदन क्र0–31/24 2. आवेदक–हितेश्वर प्रसाद , पिता–शिवशंकर प्रसाद 3. ग्राम–बरवाडीह , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
55.	1. आवेदन क्र0–32/24 2. आवेदक–बलराम यादव, पिता–स्व0 भागीरथ यादव 3. ग्राम–लरबा , पोस्ट–अघरमा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें बाँह में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
56.	1. आवेदन क्र0–33/24 2. आवेदक–मनी राम , पिता–धरमु राम 3. ग्राम–लचरागढ़ , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां आंख के सामने तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
57.	1. आवेदन क्र0–34/24 2. आवेदक–अरूण सिंह , पिता–स्व0 कलिन्दर सिंह 3. ग्राम–पुरना टोली, जाम टोली , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
58.	1. आवेदन क्र0–35/24 2. आवेदक–छोटेलाल उरॉंव , पिता–स्व0 फिरू उरॉंव 3. ग्राम–बोकबा कोयनार टोली , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर का मध्यमा अंगुली उठा हुआ है।	कंडिका–2(ix)
59.	1. आवेदन क्र0–36/24 2. आवेदक–उम्बलन सेम तोपनो , पिता–प्रभु सहाय तोपनो 3. ग्राम–कुन्दुरडगा, बांधडीपा , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में कनिष्ठ अंगुली के पास मासा निशान।	कंडिका–2(ix)
60.	1. आवेदन क्र0–37/24 2. आवेदक–बसंत केरकेट्टा , पिता–स्व0 विकसल केरकेट्टा 3. ग्राम–शिवनाथपुर , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां आंख के नीचे मासा का निशान।	कंडिका–2(ix)
61.	1. आवेदन क्र0–38/24 2. आवेदक–कस्तु राम , पिता–स्व0 हुलास राम 3. ग्राम–कोम्बाकेरा , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में मासा का निशान।	कंडिका–2(ix)
62.	1. आवेदन क्र0–39/24 2. आवेदक–युजीन बागे , पिता–स्व0 मिखाएल बागे 3. ग्राम–तेतरटोली, रैसिया , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा 4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में मासा।	कंडिका–2(ix)
63.	1. आवेदन क्र0–40/24 2. आवेदक–कनिल राम , पिता–स्व0 धरमू राम 3. ग्राम–टिनगिना , पोस्ट–कोनमेरला , थाना–जलडेगा , प्रखण्ड–जलडेगा 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–गले पर काला दाग।	कंडिका–2(ix)
64.	1. आवेदन क्र0–06/24 2. आवेदक–लखीन्द्र यादव , पिता–स्व0 भागीरथ यादव 3. ग्राम–लरंगो , पोस्ट–लरंगो , थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई 4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के नीचे घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
65.	1. आवेदन क्र0–07/24 2. आवेदक–लखन राम , पिता–स्व0 बाबुलाल राम 3. ग्राम–अम्बेडकर नगर, गुमला , पोस्ट–गुमला , थाना–गुमला , प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो)	(नरसिंह मुर्मू)	(दुर्गा उरॉंव)
सदस्य	सदस्य	अध्यक्ष

PR 318863 Home (23-24)_D

गन्ने के खेत में लगी आग से हुआ लाखों का नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा / लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम में शरारती तत्वों द्वारा गन्ने की खेत मे आग लगा दिया गया। आग लगने के कारण राजू महतो, सद्दीक अंसारी, प्रदीप महतो, रिझु महतो, रेयासत अंसारी का लगभग 6 एकड़ खेत मे लगे गन्ना का फसल जल कर नष्ट हो गया। गन्ना जलने से सभी किसानों को करीब 8 से 10 लाख का नुकसान होना बताया जा रहा है। वहीं इस संदर्भ में किसानों द्वारा कहीं आवेदन अभी तक नहीं दिया गया है। वहीं इस संदर्भ में प्रदीप महतो और रेयासत अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गन्ने की खेत मे आग कैसे लगा किसने लगाया इसकी पूरी जानकारी नही है। परंतु यह काम किसी शरारती तत्वों का है। जब खेत से आग की लपटें उठने लगा और धुंआ दिखाई दिया तब पता चला कि हम लोगों का खेत में आग लग गया है। जिसे खेत पहुंच कर आनन फानन में आग को बुझाया गया। पिछले वर्ष भी बरही ग्राम में अन्य किसानों का गन्ने की खेत मे आग लग गया था। जिसे किसानों को काफी नुकसान हुआ था। किसानों का कहना है की खेत मे लगा गन्ना का फसल जलने से नष्ट हो जाता है। परन्तु धान या गेंहू जैसा गन्ने का बीमा नहीं होने के कारण काफी नुकसान होता है। सरकार की ओर से गन्ना का फसल बीमा होने से कुछ सरकारी लाभ मिलने पर सहयोग होता और नुकसान की भरपाई होती जिसे राहत मिलता है।

लातेहार में कांग्रेस प्रभारी का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

कांग्रेसी नेताओं ने फूल माला पहनाकर किया स्वागत
मनिका। गढ़वा जाने के क्रम में कांग्रेस झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजाद अनवर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय का स्वागत मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, कांग्रेस बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान,युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, के द्वारा फूल का माला पहनकर उनका स्वागत किया।

लातेहार। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पलामू और गढ़वा में आज से होने वाली है। उसी में शामिल होने के लिए कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर रांची से पलामू जा रहे थे। हालांकि इस कार्यक्रम में राहुल गांधी शामिल नहीं होंगे। इसी क्रम में वे परिसदन में कुछ समय के लिए रूक। उनके साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी पलामू जा रहे थे, जिनका लातेहार कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। ज्ञात हो कि राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ के रास्ते झारखंड के गोदरमाना से इन करेगा और उसके बाद यह गढ़वा और पलामू होते हुए बिहार में चला जायेगा। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, लातेहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव दिपु सिन्हा, पलामू लोकसभा प्रभारी भीम कुमार, झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अफताब आलम, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, लातेहार युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित यादव, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेन्द्र उरांव, लातेहार जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, युवा कांग्रेस लातेहार विधानसभा अध्यक्ष टिंकु बाबू, लातेहार युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. साजिद असगर अली, गंगेश्वर उरांव, मो. वाजिद अंसारी, मो. अख्तर, लुलु दुबे, मनोज पासवान, रविन्द्र कुमार सिंह आदि कांग्रेस जन ने स्वागत किया।

मौसम बदलने से जनजीवन अस्त व्यस्त

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अचानक सोमवार देर शाम से मौसम में आये बदलाव के बाद के देर रात से मंगलवार दोपहर तक रूक रूक कर झमाझम बारिश जारी है। वही हल्की बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल गये हैं। बारिश से खेतों मे लगीं आलू, मटर, गोभी, लहसुन, प्याज, टमाटर, बैंगन, गेंहू विभिन्न तरह के साग सब्जी एवं अन्य फसलों को काफी फायदा मिल रहा है। वहीं सरसों या अन्य तैयार फसल को नुकसान होने का संभवना लगाया जा रहा है। साथ ही अचानक बारिश होने से तापमान में गिरावट हुआ है। बारिश होने से जहां किसानों का चेहरा खिल गया। वही प्रति दिन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने वाले मजदुरों को काफी परेशानी हुई। बारिश होने से खेतों कि जुताई कोड़ाई तथा सिंचाई करने के लिए किसानों को काफी राहत मिल गया। बारिश के कारण रास्ते मे जलजमाव और कीचड़ होने से पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानी हो रही है।

लोहरदगा से अयोध्या जायेगी आस्था स्पेशल ट्रेन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम में रामलाल के दर्शन हेतु 'आस्था स्पेशल ट्रेन' लोहरदगा जिले के लगभग 1300 राम भक्तों को लेकर मार्च के प्रथम सप्ताह में फूल मालाओं से सजधज कर रवाना होगी। यात्रा की जानकारी देते हुए भाजपा कार्यकर्ता संजय बर्म्मन ने बताया कि दशरथ, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, जटायु, नील, अंगद, शबरी, महर्षि भारद्वाज, जनक, वाल्मीकि, सुग्रीव आदि 20 कोच इनके नाम से रखे गये हैं। अयोध्या पहुंचने पर स्टेशन से बसों के द्वारा 80 एकड़ में बने मिथिला, आंजनरी, प्रयाग, चित्रकूट, वाल्मीकि विशिष्ट, पंचवटी नाम के टेंट सिटी में दर्शनार्थी रहेंगे। जहां भारत के चार हिस्सों के कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने की व्यवस्था व जिस जोन के श्रद्धालु होंगे। उनके अनुरूप भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। सुगमता पूर्वक दर्शन करने की पुरी व्यवस्था बनाई गई है। ट्रेन तथा वहां रहने के दौरान भोजन, स्टेशन से बस द्वारा टेंट सिटी आने-जाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। श्री बर्मन ने यह भी जानकारी दी कि जाने को इच्छुक श्रद्धालु प्रति व्यक्ति ट्रेन का किराया 1300 के साथ अपना आधार कार्ड की छाया प्रति वह दो मोबाइल नंबर 15 फरवरी तक गुदरी बाजार स्थित कंचन ज्वेलर्स में जमा कर सकते हैं। साथ ही अपने साथ चादर, तकिया वह निजी उपयोग में आने वाली चीजों को ले जाना होगा।

सरस्वती पूजा को लेकर बच्चों में उत्साह

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सरस्वती पूजा को लेकर प्रखण्ड क्षेत्र केछात्र छात्रओं और बच्चे बच्चियों में उत्साह व उमंग दिख रही है. बेमौसम बारिस के बावजूद लोग उत्साहित नजर आ रहे हैं। ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती पूजा को लेकर पूरे प्रखंड क्षेत्र के लोगों मन मे उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार से ही छात्र छात्राएं व बच्चे मां सरस्वती की प्रतिमा खरीद कर ले जाते देखे गये। प्रखंड क्षेत्र में लगभग 150 विद्यालयों तथा 100 अन्य जगहों पर पूजा की जा रही है। इस वर्ष पूजा के अवसर पर प्रशासन द्वारा विशेष निर्देश दिये गये हैं। डीजे में अश्लील गाना बजाने आदि पर पूर्ण पाबंदी लगायी गयी है। प्रतिमा विसर्जन या जुलूस में पूरी सावधानी बरतने तथा संयम और शांति बनाये रखने का निर्देश दिया गया है। सभी सरकारी विद्यालय महाविद्यालयों के अलावे निजी शैक्षणिक संस्थानों चौक चौराहों और घरों में भी विद्या की देवी माता सरस्वती का पूजा अर्चना की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। बसंत पंचमी के अवसर पर मनाये जाने वाले इस पर्व को लेकर लोगों में खासकर छात्र छात्राओं और युवक युवतियों में काफी उत्साह व उमंग है। पिछले कई दिनों से पूजा पंडाल को सजाया जा रहा है। साथ ही कई जगहों पर भंडारा एवं भव्य पूजा आयोजन करने को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। वही मूर्तिकार बिनोद प्रजापति ने बताया कि महंगाई के कारण एक मूर्ति 800 से 1500 रुपये में बिक रहा है। साथ ही कहा कि मांग के अनुसार ही मूर्ति बनाया गया है। जिसे मूर्तियों की बिक्री को लेकर मूर्तिकार बिनोद प्रजापति भी काफी खुश हैं।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए बालूमाथ पहुंचे पूर्व मंत्री योगेंद्र साव

संतोष सिन्हा

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव बालूमाथ पहुंचकर पलामू में होने वाले कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं वैश्य समाज के लोगों के साथ प्रखंड स्थित मनोकामना होटल में बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी देश के गांव और मोहल्ले में घूम-घूम कर नफरत की जगह मोहब्बत फैलाने कि कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस की न्याय यात्रा आगामी 14 फरवरी को पलामू प्रमंडल में कई जगहों पर पहुंचेगी। इस मौके पर उनके साथ झारखंड के कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी सहित कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं वैश्य समाज के लोगों को आह्वान किया कि आप इस कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में पहुंचकर राहुल गांधी के बातों को सुनकर यात्रा को सफल बनाएं। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, वैश्य समाज के विजय साव, बिनोद साव, बालूमाथ उपमुखिया अमित कुमार गुप्ता, सोनू कुमार के अलावा कई लोग मौजूद रहे।

गांव चलो अभियान के तहत भाजपाइयों ने किया दिवाल लेखन

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरा। भाजपा के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम गांव चलो अभियान के तहत भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के महासचिव गुलाम मुस्तफा के नेतृत्व में उदरंगी के कई मतदान केंद्र के पोषक क्षत्रों में दिवाल लेखन कार्य किया गया। इसकी जानकारी देते हुए गुलाम मुस्तफा ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, किसान निधि के लाभूको से वातार्लाप किया गया और बताया गया कि केंद्र में जबसे मोदी आयें है। विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी योजना चला कर लोगों को उत्थान कर रहें है। दीवाल लेखन कार्यक्रम के तहत दीवार पर कमल फूल का चिन्ह बना व एक बार फिर से मोदी सरकार लिखा गया। गुलाम मुस्तफा ने ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। नरेंद्र मोदी के विजन का परिणाम है कि पूरे देश में गरीबों को मुफ्त में अनाज मिल रहा है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया गया। पाकिस्तान बांग्लादेश और अफगानिस्तान के धर्मों के अल्पसंख्यकों को नागरिकता संशोधन कानून में भारत की नागरिकता देने की शुरूआत की गयी। पहली बार पाकिस्तान के संरक्षण में छिपे आतंकियों पर सर्जिकल स्ट्राइक किया गया। महिलाओं को धुंआ से मुक्ति मिली, देश भर में 816 करोड़ लोगों को मुफ्त में गैस चुल वे सिलेंडर का लाभ दिया गया। स्वरोजगार अपनाने के लिए 31 करोड़ स्क्रीन की स्वीकृति की गयी। पूर्व सैनिकों को सम्मान देते हुए वन रैंक वन पेंशन की समस्या को समाधान किया गया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत जैसी योजना शुरू की गयी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कोरोना संक्रमण के खिलाफ विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान अपने देश में चला। कोरोना से बचाव के लिए 77 करोड़ से अधिक लोग अब तक टीका लगा चुके हैं, जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। पूरे विश्व को भारत के नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मार्गदर्शन भी मिल रहा है।

मां सरस्वती की पूजा आज, पंडाल सज-धज कर तैयार, बाजारों में उमड़ी भीड़

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। विद्यादायिनीमां सरस्वती की पूजा बालूमाथ प्रखंड में बुधवार को धूमधाम के साथ मनाने की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। सरस्वती पूजा को लेकर हाट-बाजार में काफी चहल पहल देखा गया। पंडालों, शैक्षणिक संस्थानों एवं घरों में स्थापित करने के लिए श्रद्धालु मां सरस्वती की प्रतिमा की खरीददारी कर ले जाते देखे गए। शहर सहित पूरे बालूमाथ के चौक चौराहों पर मां सरस्वती पूजा के लिए छोटे- बड़े पंडाल बनाये गये हैं। वहीं स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से थीम का चयन किया गया है। सरस्वती पूजा के मद्देनजर फल दुकानों एवं पूजा समाग्री की दुकानों में खरीदारी के लिए लोगों की काफी भीड़ लगी रही। बाजारों में दर्जनों स्थानों पर फल के दुकान सजे रहे। बैर, गाजर, सेव, केला, मिठा आलू आदि फलों की मांग बाजार में काफी रहा। वहीं फूलों की दूकान में गेंदा फूल की काफी खरीदारी की गई। पूजा समाग्री की दुकान से हवन-पूजन की समाग्री की खरीदारी करते श्रद्धालुओं को देखा गया। मां शारदे की पूजा सुबह आरंभ होगी। मां सरस्वती को पुष्पांजलि देने के लिए सभी तैयारी श्रद्धालुओं ने तैयारी पूरी कर लिया है। पूजा को लेकर बच्चों में खासकर विद्या कोचिंग सेंटर, दून सेन्ट्रल पाब्लिक स्कूल,गुरूकुल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सहित विभिन्न सरकारी गैर-सरकारी स्कूलो के स्कूली छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बुधवार को उपवास रखकर लोग मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करेंगे। पूजा को लेकर भक्ति एवं फिल्मी गीतों से बालूमाथ शहर गूंज उठा है।

हल्की हवा से ही जलनल के टावर का सोलर प्लेट गिरा

मुकेश कुमार सिंह

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा के कामता पंचायत के ग्राम हिसरी के पाहन टोला में मंगलवार को समय करीब दस बजे दिन में हल्की हवा पानी में जल जीवन मिशन योजना के तहत लगे हर घर जलनल की टावर का सोलर जमीन पर गिर गया। ग्रामीणों की शिकायत पर कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने गांव पहुंचकर टावर और जमीन पर गिरे सोलर का मुआयना किया।

ग्रामीण लालू पाहन, सुरेन्द्र उरांव, सधन गंझू, गुलटन गंझु, माधो गंझु, संजय गंझु, गंगा उरांव, गंदरा उरांव, सोहराई गंझु ने बताया कि हल्की बारिश और हवा चलने से नलजल की टावर का सोलर उड़कर जमीन पर गिर गया। यह गनीमत रही कि उस समय टावर के आसपास कोई नहीं था नहीं तो जान-माल की नुकसान हो सकता था। पंसस अयुब खान ने कहा कि शुरूआत से ही हिसरी भुसाढ और चटुआग में नल-जल योजना में बरती जा रही अनियमितता की शिकायत लगातार की जा रही है। लेकिन इस ओर पीएचडी के अधिकारियों का ध्यान क्यों नहीं जा रहा है। यह वही जानें परंतु हल्की हवा पानी से नल-जल योजना की सोलर उड़कर जमीन पर गिरने से अनियमितता की पोल खोल दी है।

इधर श्री खान ने आरोप लगाया है कि नल-जल योजना के ठेकेदारों और पदाधिकारियों की मिलीभगत से जल जीवन मिशन योजना में जमकर अनियमितता और धांधली की गयी है। नल-जल योजना अगर दम तोड़ रही है तो उसका जिम्मेदार विभाग के पदाधिकारी ही जिमेवार है। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने पाहन टोली में जल्द से जल्द नल-जल की टावर में सोलर लगाने की मांग उपायुक्त महोदया गरिमा सिंह से की है।

इधर इस सम्बंध में जिले के कार्यपालक अभियंता से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कार्य मे कुछ अनियमिता है तो हम जांच करायेंगे।

'कुकिंग प्रतियोगिता' आयोजित, कुटमु प्राथमिक विद्यालय प्रथम

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। निदेशक, झारखण्ड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, रांची के निदेशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन 2024 का आयोजन कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ शम्भू नाथ चौधरी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, लोहरदगा, अभिषेक झा, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा, अम्बुज्य कुमार पांडेय, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा जयनाथ महतो, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, भंडरा, जयमंगल लोहार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, कुडू उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में जिले के सभी सात प्रखंडों के रसोइया सह सहायिकाओं द्वारा अपनी पाक कला का प्रदर्शन सीमित संसाधनों से किया गया। जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम-राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा (सुमन उरांव और टीम) व द्वितीय - राजकीकृत मध्य विद्यालय, ककरगड़, कुडू(अनिता देवी और टीम) रही। विजेता को रु 5000.00 और उपविजेता को रू 2500.00 की प्रोत्साहन राशि, मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी रसोईया सह सहायिकाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में मुख्य असैनिक एवं शल्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पदाधिकारी, लोहरदगा,विद्यालय से एक बाल संसद के प्रधानमंत्री, एक स्वच्छता मंत्री और एक पोषण मंत्री थे। उक्त प्रतियोगिता में जिला एमडीएम सेल, सभी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के रसोईया सहित शिक्षा कर्मी, पदाधिकारी उपस्थित थे।

लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का वितरण

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कल्याण विभाग के द्वारा लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत व पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप चंचला कुमारी, मंगलू उरांव, कृष्णा उरांव, नेहा कुमारी, सुखु भगत, संजीव भगत, नितेश उरांव, सुनैना देवी, जितेंद्र उरांव, सहदेव उरांव, सुमन कुमारी, अंजू उरांव, धरमु उरांव सहित 37 लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। वहीं लाभुकों को बताते हुए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने कहा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण उठायें और आत्मनिर्भर बने। साथ ही कहा कि सरकार ग्रामीणों का उत्थान करने के उद्देश्य से जनता को आत्मनिर्भर बनाने के लिये विभिन तरह की जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिस के तहत गाय, बकरी, मुर्गी, बतख, सुकर पालन कर जीविकोपार्जन कर आत्मनिर्भर हो सकते हैं। वही प्रयेक लाभुकों के बीच 15 - 15 बतख चूजा का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह के अलावे जगमनी उरांव, विकास उरांव, सोनामती उरांव, कलावती उरांव, गौरी देवी, संतोषी कुमारी, सुमन्ती देवी सहित अन्य सभी लाभुक उपस्थित थे।

प्रधामंत्री कृषि सिंचाई योजना फेज दो में लातेहार पहले स्थान पर: विवेक मिश्रा

रूपेश अग्रवाल

लातेहार (आजाद सिपाही)। काम करो ऐसा कि एक पहचान बन जाये, हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जाये, यहां जिंदगी तो हर कोई काट लेता है, मगर काम इस कदर करो मिसाल बन जाये। इस वाक्य को धरातल पर उतारने में लगे हैं लातेहार के भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा। विवेक कहते हैं की जब वे जून 2023 में लातेहार जिले के भूमि संरक्षण पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया था तब लातेहार जिला राज्य के रैंकिग में अंतिम से दूसरे नंबर पर आता था। तब मैने ठाना था कि चाहे जो हो जाए हमें पहले पायदान पर आना है। इसके लिए हमने अपनी पूरी टीम के साथ दिन रात एक कर दिया और पहले पायदान पर आने के लिए पूरी मेहनत काम करते रहे। इसमें लातेहार की आम जनता उपायुक्त और उप विकास आयुक्त का भी भरपूर सहयोग मिला। फिर 19 जनवरी को वो दिन आया जब राज्य सरकार के ग्रामीण विभाग के द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार हमारा लातेहार जिला सभी को पीछे छोड़ते हुए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना फेज दो की रिपोर्ट में टॉप पर पहुंच गया। आज हमारे विभाग के द्वारा 31 महिला स्वयं सहायता समूह के बीच मिनी ट्रेक्टर, राइस मिल, पम्पिंग सेट का वितरण किया गया।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा से बातचीत करने पर पूछा गया कि पदभार लेने से पहले लातेहार जिला अंतिम पायदान से दूसरे स्थान पर था, आज पहले स्थान पर है, कितनी बड़ी उपलब्धि है?

यह लातेहार जिले के बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैने जब लातेहार भूमि संरक्षण पदाधिकारी के रूप में पदभागर ग्रहण किया था तो प्रधामंत्री सिंचाई योजना फेज टू में जिले की गिनती राज्य के पिछड़े जिलों में की जाती था। टीम वर्क, कार्य में तेजी, वाटर सेट कमिटी मेंबरों, जिला तकनीकि विशेषज्ञों, किसानों को और उपायुक्त व डीडीसी सहित पूरा सहयोग मिला जिसके चलते आज हम पहले पायदान पर काबिज हैं।

गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण हजारों पौधे मरे

आजाद सिपाही संवाददाता

कुडू / लोहरदगा। सरकार और जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से सकारात्मक प्रयास किया जाता रहा है, लेकिन जिम्मेवार कर्मियों की लापरवाही के वजह से पर्यावरण को बढ़ावा नहीं मिल पाता है। ऐसा ही एक मामला कुडू प्रखंड में देखने को मिला है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के पश्चिमी सुदूरवर्ती पंचायत सलगी में वन विभाग की ओर से उपलब्ध कराये गये पौधे समय से नहीं लगाने के कारण सूखकर नष्ट हो गये। इसकी जानकारी मिलने पर पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल उरांव ने पौधों का अवलोकन किया और नष्ट होते पौधों को देख नाराजगी जताते हुए दुर्भाग्यपूर्ण बताया। बाबूलाल उरांव ने कहा कि समय रहते यदि पौधों को लगा दिया जाता तो वर्तमान समय में पौधे जिंदा रहते और इससे पर्यावरण को बढ़ावा मिलता। जल्द ही लापरवाही बरतने वाले सभी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु विभागीय अधिकारियों से मिलकर बात रखी जायेगी।

24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन आयोजित

भंडरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बेदाल बुची टोली में गांव स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजन किया गया है। हरिकीर्तन के मंत्रोच्चारण राम सिया राम जय राम जय जय राम के नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय में डूबा हुआ था। बूढ़े-जवान यहां तक की युवा पीढ़ी से लेकर बच्चों को भी हरिकीर्तन के रस में डूबो दिया। हरिकीर्तन में एक से बढ़कर एक कलाकारों ने कई धुनों पर राम हनुमान के जयकारे का उच्चारण किया। हरिकीर्तन में आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

पेपर लीक मामले को लेकर आजसू ने निकाला मशाल जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू पार्टी) के द्वारा आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो के निदेर्शानुसार पूरे झारखंड में छात्र हित में आंदोलन किये जा रहे हैं। इसी निमित्त सिमडेगा शहर में भी छात्र संघ जिला अध्यक्ष फूलसिंह बड़ाईक के नेतृत्व में भव्य मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और झारखंड सीजीएल परीक्षा में हुए पेपर लीक की सीबीआइ जांच एवं छात्रों के साथ न्याय हो, इसके लिए जम कर नारे बाजी की गयी। जुलूस सिमडेगा थाना के पास से निकल कर शहर के हृदय स्थल महावीर चौक तक गयी।

मौके पर आजसू पार्टी जिला सचिव विकास बड़ाईक ने कहा

की 8 सालों के लंबे इंतजार के बाद छात्रों और उनके माता-पिता अभिभावकों के चेहरों पर खुशी दिखी थी कि अब हमारे बच्चे झारखंड के अधिकारी-पदाधिकारी बनेंगे। परंतु झारखंड को लुटने वाले लोगों ने झारखंड के होनहार छात्रों के भविष्य का सौदा कर दिया। जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक की घटना में कहीं ना कहीं कार्यपालिका और विधायिका दोनों फेल हुई है। 6.50 लाख परिक्षार्थियों के वेदना एवं उनके भावनाओं के साथ न्याय के लिए झारखंड के महामहिम राज्यपाल और माननीय मुख्यमंत्री से पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग किया हैं और इस मामले में सम्मिलित दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई और उनके संपत्तियों को जब्त करते हुए परिक्षा देने वाले छात्रों को मुआवजा देने की मांग की ताकि भविष्य में झारखंड इस तरह की कुकृत्य घटना न हो।

छात्र संघ जिला अध्यक्ष फूलसिंह बड़ाईक ने कहा की छात्र एकजुट होकर लड़ाई लड़ने में सहयोग करें। जिससे परीक्षा जल्द से जल्द नये सिरे से हो और झारखंड के युवाओं को नौकरी मिले।

केंद्रीय सचिव निर्मला डुगं डुगं ने कहा की माता पिता, अभिभावक अपने बच्चों के अच्छी शिक्षा देने के लिए दिन रात मेहनत मजदूरी कर, अपना पेट काट कर पढ़ाते है और बड़े बाबू साहब लोग उन बच्चों का हकमारी करते हैं। मौके पर केंद्रीय सदस्य गायत्री नन्दन मौर्य, जिला प्रवक्ता शिवनाथ डेहरी, जिला सक्रिय सदस्य संतोष बड़ाईक, ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय, सिमडेगा प्रखंड सचिव देवेन्द्र साहु, सफिरा बरवा,सरोज नाग, चन्द्रभान प्रसाद संजीत तिर्की, सौरभ कुमार नाथ सहित सैकड़ों के संख्या में नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भतीजी के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। थाना क्षेत्र के आदर पंचायत में रिश्ता को सर्मसार करने वाली घटना घटी है। चाचा ने भतीजी का किया दुष्कर्म पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को भेजा जेल। इस संबंध में सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव व थानेदार अमित कुमार चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना की जानकारी दी। सीडीपीओ ने पत्रकारों को बताया कि बीते रविवार को आदर पंचायत की एक 20 वर्षीय युवती अपनी सहेली के साथ आदर बाजार आयी थी। घर लौटने के दौरान सहेली ऑटो में चली गयी। जिसके बाद युवती पैदल ही अपना घर जा रही थी, इस दौरान गांव से कुछ दूर पहले जिलिंगसिरा नदी के समीप जैसे ही युवती पहुंची। पीछे से एक युवक ने युवती का बाल पड़कर खींचने लगा जब युवती पीछे मुड़कर देखी तो पता चला कि वह उसका चाचा 25 वर्षीय सुदेश्वर उरांव है। काफी बचने का प्रयास युवती ने किया पर युवती की एक ना चाली इसके बाद जबरन उठाकर उसे झाड़ी में ले जाकर युवती के चाचा ने दुष्कर्म किया। युवती घर पहुंच कर अपनी मां से घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां पीड़िता को लेकर थाना पहुंची और घटना के संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी को बताया जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए थानेदार ने आरोपी चाचा सुदेश्वर को उसके घर से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है।

डीसी का फेसबुक में बनाया गया फेक आइडी, डीसी ने सावधानी बरतने की अपील की

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नाम से किसी के द्वारा फेसबुक में फेक आईडी बनाया गया है। जिसको लेकर साइबर सेल गुमला व सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने लोगों को सचेत किया है। बताया गया कि उपायुक्त गुमला के नाम से निर्मित किसी अन्य फेक आईडी से किसी को फ्रेंड रिक्वेस्ट प्राप्त होता है या किसी प्रकार का असमान्य मैसेज प्राप्त होता है तो उस आईडी को रिपोर्ट करते हुए तत्काल ब्लॉक कर दे और इसकी सूचना तुरंत साइबर सेल गुमला अथवा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को दी जाये। बता दे की पूर्व में भी उपायुक्त सहित जिले के अन्य पदाधिकारीयों के नाम से फेक आईडी बनाई गई थी। वही साइबर सेल पूरे मामले की जांच कर रही है और लोगों को सचेत भी किया जा रहा है।

सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े युवक को लोगों ने पहुंचाया सदर अस्पताल

गुमला (आजाद सिपाही)। फसिया पंचायत के बरटोली के समीप एक युवक को कुछ लोगों ने घायल अवस्था में सड़क के किनारे अचेत अवस्था में देखा। इसके बाद उसे ऑटो से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान युवक बेहोशी की हालत में था। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत उसे होश आया, लेकिन वह कुछ बोल नहीं रहा था सिर्फ एक टक सभी लोगों को देख रहा था। जानकारी के मुताबिक सोमवार के अपराहन कुछ लोगों ने बरटोली के समीप एक युवक को सड़क किनारे अचेत अवस्था में देखा इसके बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं युवक की पहचान नहीं हो पायी है।

बेहोश युवक को एंबुलेंस चालक ने पहुंचाया सदर अस्पताल

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला लोहरदगा रोड स्थित चंदाली के समीप घायल अवस्था में पड़े युवक को एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सोमवार की शाम कुछ लोगों ने फोन कर चंदाली के समीप घायल अवस्था में पड़े एक युवक के होने की सूचना 108 में कॉल कर दी। वहीं लोगों ने बताया युवक को कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारकर घटना स्थल से फरार हो गया है। इसके बाद कुछ लोगों ने घायल युवक को सड़क के किनारे लिटा दिया वह उसके शरीर के कई हिस्से में चोट लगी थी गहरी। युवक का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पायी है।

मोरेंग में गांव चलो अभियान आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। भाजपा द्वारा आयोजित गांव चलो अभियान के तहत मंगलवार को मोरेंग गांव में भाजपा नेता शैलेश कुमार साहू के नेतृत्व में अभियान चलाया गया साथ ही दीवारों पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल छाप एवं मोदी सरकार का उल्लेख भी किया गया।इस दौरान भाजपा नेताओं द्वारा केंद्र के भाजपा सरकार के जनकल्याण में किये गए कार्यो से भी लोगो को अवगत कराया गया।इसके साथ ही बूथ कमेटी का विस्तार भी किया गया। इस मौके पर राजेश्वर साहू, तेजू साहू, मनोज लोहरा,प्रताप सिंह, बालचंद सिंह, मोहन लोहरा, दिलीप लोहरा, शेरशाह खान, बुधु लोहरा, लल्लू लोहरा, विनोद लोहरा, गायत्री देवी, विरास देवी, कलावती देवी अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

लापता हुई महिला, पति ने खोजबीन की गुहार लगायी

गुमला (आजाद सिपाही)। पति सामुवेल तिर्की ने अपने पत्नी जसिंता तिर्की को खोज बीन करने का आज मजदूर संघ सीएफ टी यु आई गुमला जिला वा झारखंड प्रदेश कार्यालय में लिखित आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में पति सामुवेल तिर्की ने कहा है कि मैं मजदुरी का काम किया करता हूं। गौवा से मजदुरी करके घर आया कुछ दिन पहले उसके बाद सबकुछ सही चल रहा था किसी तरह का कोई विवाद भी नहीं हुआ है। मेरे दो बच्चे हैं एक 12साल बेटी, 5साल का लड़का है हम अपने अस्तर से काफी खोजबीन किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिला। जिसके बाद सारे मामला को लेकर मजदूर संघ सीएफ टी यु आई प्रदेश सचिव जुम्मन खान को लिखित आवेदन दिया है।

विद्या की देवी की पूजा अर्चना के दौरान किसी तरह का सामाजिक विद्वेष न फैले: सुरेश प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों जगह होने वाली सरस्वती पूजा में शांति व्यवस्था को लेकर मंगलवार को थाना में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता सीओ नितेश रौशन खलखो व संचालन थानेदार मीनकेतन कुमार ने किया।

एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा करने,तय रूट चार्ट पर निर्धारित समय पर विसर्जन करने और पूजा पंडाल व विसर्जन के दौरान अश्लील गाना नहीं बजाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि विद्या की देवी के पूजा अर्चना के दौरान किसी तरह का सामाजिक विद्वेष न फैले इसका हम सबों को मिलकर प्रयास करना होगा। इसके बावजूद कोई शांति भंग करने का प्रयास करते हैं तो प्रशासन उसे कड़ाई से निपटेगी।

जीप अध्यक्ष किरण बाड़ा, प्रमुख मीना देवी, सीओ व थानेदार ने भी अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर मनोज वर्मा,लक्ष्मी नारायण यादव, निरंजन सिंह, रोहित शर्मा, मनीष बाबू, लालमोहन साहु, छोटेलाल साहु, शोभा देवी, सुनीता देवी, अलबीना देवी, महमूद आलम, रहमान अंसारी, उमर फारुख अंसारी, असफाक अंसारी, समसामुल अंसारी, राजा अंसारी, परवेज अंसारी, आफताब अंसारी, एसआई सरिक अली, दिवाकर मिश्रा, सहित कई सामाजिक प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

वन विल प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। प्रखंड मुख्यालय बसिया में मंगलवार को ग्रामीणों की समस्यायों को लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के साथ वन विल प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। मौके पर बीडीओ सुप्रिया भगत एवं सीओ नरेश कुमार मुंडा उपायुक्त से ऑनलाइन जुड़े। कार्यक्रम में पहला मामला कोनवीर पंचायत की मुखिया अमृता देवी ने उपायुक्त के समक्ष रखा, उन्होंने उपायुक्त से पुल में बार बार हो रहे सड़क हादसा को लेकर दक्षिणी कोयल नदी के संकीर्ण पुल की चौड़ीकरण एवं पुल में लाइट की मांग की, साथ ही अबुवा आवास में हो रही समस्या से भी उपायुक्त को अवगत कराया, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके अलावे पेंशन वह राशन कार्ड एवं जमीन की ऑनलाइन संबंधित शिकायतों को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए समस्याओं का निदान जल्द से जल्द करनेबक निर्देश बीडीओ एवम सीओ को दिया। इसके अलावे जगजोर स्थित नवनिर्मित पोलटेक्निक कॉलेज को चालू करने और कुम्हारी स्थित नवनिर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र को चालू करने की मांग उपयुक्त से की गयी। साथ ही ग्रामीणों को उपयुक्त ने समसयाओ का समाधान करने का भरोसा देते हुएकहा की उनकी सभी समस्याओं का समाधान जल्द कर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वीडिओ सुप्रिया भगत, सीओ नरेश कुमार मुंडा, सभी पंचायत के मुखिया एवं बसिया प्रखंड के ग्रामीण उपस्थित थे।

पिता ने लगाया आरोप, चालक ने जानबूझ कर कुचला बेटे को

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला जिला व थाना क्षेत्र के भंडारिया तेतर टोली के मनिया उरांव ने गुमला आ कर लिखित आवेदन दे कर कहा है कि मेरे पुत्र मनीष उरांव उम्र लगभग 9 साल को जोन डियर ट्रेक्टर के चालक सुरज उरांव ने जान बुझ कर कुचला है जिसे मेरे बेटे का मौत हो गया। लेकिन अब तक ना ही चालक वा मालिक बिनोद गोप जो डाड़टोली के ऊपर जिला प्रशासन किसी तरह का सहयोग नहीं कर रहा है और ना ही चालक या ट्रेक्टर बिनोद गोप के ऊपर किसी तरह का कानुनी करवाईं नहीं किये गए हैं। दाह संस्कार में आपदा विभाग से मिलने वाली किसी तरह का कोई सहयोग नहीं किया गया है।

आज इस मामले को लेकर मृतक नाबालिग के पिता मनिया उरांव गांव भंडरिया तेतरटोली अपने कुछ ग्रामीणों के साथ उचित मुआवजा तथा चालक सहित मालिक वा गाड़ी को जल्द जिला प्रशासन पकड़ने में सहयोग करें। साथ चालक सुरज उरांव भी नाबालिग है।

इस पुरे घटनाक्रम को सुनने के बाद मजदूर संघ सीएफ टी यु आई प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने तत्काल इस मामले से जुड़े केस आयु रबिंद्र मि?श्रा पुलिस पदाधिकारी से बात चीत किया तथा डी -टी -ओ विभाग गुमला के सड़क सुरक्षा समिति के जिला प्रभारी प्रभाष कुमार से बात करते हुए इस मामले में मृतक नाबालिग के पिता मनिया उरांव का सहयोग करने तथा ट्रेक्टर चालक सहित गाड़ी मालिक के ऊपर बाल मजदूरी का भी करवाई करने की मांग किया है साथ ही कहा है कि अगर चालक सच में नाबालिग है तो इस पर एक लिखित आवेदन मजदूर संघ सीएफटीयुआई गुमला जिला वा झारखंड प्रदेश द्वारा गाड़ी मालिक पर बाल मजदूरी कराने का लिखित आवेदन दे कर गाड़ी मालिक बिनोद गोप के ऊपर बाल मजदूरी कराने का मामला दर्ज कराया जायेगा।

उज्ज्वला योजना के तहत 30 लाभुकों के बीच गैस कनेक्शन वितरित

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के गांवों के 30 लाभुकों के बीच इंडेन गैस का नया कनेक्शन वितरण किया गया। इसमें लाभुकों को एक एक भरा सिलेंडर,रेगुलेटर,चूल्हा दिया गया। सीता इंडेन ग्रामीण वितरक रायडीह के द्वारा दिया गया है।वितरण भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा,जिला महामंत्री अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, नगर अध्यक्ष शंभू सिंह, गैस संचालक अविनाश कुमार अप्पू, अनूप मिंज,मुनेश्वर गोप,सूरज सिंह आदि उपस्थित थे।

आधिकारियों से सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। थाना रोड में अतिक्रमण के कारण अक्सर सड़क जाम की समस्या का मुद्दा शांति समिति की बैठक में जोर शोर से उठाते हुए लोगों ने सीओ नितेश रौशन खलखो, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, व थानेदार मीनकेतन कुमार से अतिक्रमण मुक्त करने की मांग किया।

अतिक्रमण व जाम से निजात पाने का लोगों ने प्रशासन को सुझाव भी दिया।जिसमें कहा सड़क व नाली के एरिया में दुकान का बोर्ड, खूंटा, एस्बेस्टस शेड और सामान सजाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाने,वाहनों को अन्यत्र खड़ा करने वालों का वाहन जब्त कर चालान काटने का सलाह दिया। वहीं लोगों ने सड़क के किनारे नाली के पार तक अतिक्रमण मुक्त करने का आग्रह किया। जिससे ग्राहक अपना वाहन को नाली के किनारे खड़ा कर सकें। साप्ताहिक बाजार के दिन थाना रोड को वनवे करने, कॉलेज रोड़ व छारदा रोड से आने वाले ऑटो को थाना मैदान में पार्किंग कराने और नगर व डाडहा रोड से आने वाले ऑटो के लिए तालाब स्थित कृषि फार्म में पार्किंग बनाने की सलाह दिया। महमूद आलम, मनोज वर्मा, लक्ष्मी नारायण यादव, रहमान अंसारी, निरंजन सिंह, उमर फारुख अंसारी सहित बैठक में उपस्थित सभी ने एक सुर में कहा कि शांति समिति प्रत्येक बैठक में थाना रोड़ के अतिक्रमण व जाम का मुद्दा उठाया जाता है फिर भी प्रशासन इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठती है।

सीओ ने कहा कि लाउडस्पीकर लगाकर लोगों को अपना अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया जायेगा। गुरुवार से सामान जब्ती व जुमार्ना लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

अबुआ आवास में अनियमितता को लेकर सौंपा आवेदन

सिसई (आजाद सिपाही)। अबुआ आवास योजना में अनियमितता को लेकर मंगलवार को मुखिया संघ सिसई के द्वारा बीडीओ को आवेदन सौंपा गया। आवेदन में कहा गया है कि अबुआ आवास योजना में ग्राम सभा में प्राथमिकता के आधार पर चयनित सूची तैयार कर प्रखंड में सौंपा गया था, इसके बावजूद ग्राम सभा सूची में छेड़छाड़ करते हुए योग्य लाभुकों का नाम हटाकर अयोग्य लाभुकों के नाम को शामिल किया गया है। इस संबंध में बीडीओ से संज्ञान लेते हुए उचित निर्णय लेने की बात कही गयी है।

थाना प्रभारी के स्थानांतरण पर पुलिस कर्मियों ने कार्यालय कक्ष में दी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। थाना प्रभारी विनोद कुमार के स्थानांतरण पर पुलिस कर्मियों ने उन्हें विदाई दी बता दे की विनोद कुमार का स्थानांतरण हजारीबाग में हो गया है। वही उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहा लोगों ने बुके देकर उन्हें विदाई दिया। पुलिस कर्मियों ने संयुक्त रूप से थाना प्रभारी को बुके देकर व शाल ओढ़ाकर उन्हें विदाई दी। वहीं थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा गुमला वासियों का प्यार और स्नेह हमेशा याद रहेगा। यहां काम करने के दौरान लोगों ने मुझे काफी सहयोग किया। वही अपने अधीनस्थ कर्मियों से गले मिलकर विदाई ली। बता दें कि विनोद कुमार को गुमला में बेहतर विधि व्यवस्था को लेकर एसपी के द्वारा पूर्व में सम्मानित भी किया जा चुका है। वही विनोद कुमार ने शहर में कई जटिल केस को भी सुलझाया है। कार्यक्रम में सुदामा राम, विवेक चौधरी, खुशबू वर्मा, रमाकांत सिंह, आकाश पांडे, रवि शंकर सिंह, बुलेट गोराई, दिलीप टुडू , कुंदन वर्मा, संचित दुबे, इंद्रजीत कुमार, दीपक रोशन सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी नहीं आयेंगे, यात्रा जारी रहेगी : कृष्ण सिंह

न्याय यात्रा और लोकसभा चुनाव को लेकर थाना प्रभारी ने होटल संचालकों के साथ बैठक कर दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

वाहनों की जांच करते पुलिसकर्मी और कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार सिंह का फाइल फोटो

हरिहरगंज/पलामू। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने शहरी क्षेत्र के होटल सह रेस्टोरेंट संचालकों के साथ मंगलवार को थाना में बैठक की। बैठक में थाना प्रभारी ने होटल संचालकों को कई निर्देश दिए। इस दौरान होटल में सीसीटीवी कैमरा लगाने, होटल में ठहरने वालों का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर लेने और होटल में संदिग्ध व्यक्तियों के आने पर पुलिस को अविलंब सुचना देने का निर्देश दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर होटल संचालकों के साथ बैठक किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी होटल सह रेस्टोरेंट संचालकों को ठहरने वाले व्यक्तियों का रजिस्टर में नाम अंकित करने का निर्देश दिया गया है। थाना प्रभारी ने बैठक के बाद शहरी क्षेत्र में संचालित सभी होटल सह रेस्टोरेंट में जाकर औचक निरीक्षण भी किया और रजिस्टर की जांच की। वहीं भारत जोड़ो न्याय यात्रा और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर थाना के पास बने अंतर्राज्यीय चेकनाका पर सभी वाहनों कि सख्ती से जांच भी की जा रही है। उधर कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने फोन पर बताया कि आगामी 15 फरवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में नेता राहुल गांधी की उपस्थिति की संभावना कम है, पर कार्यक्रम जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि हमारे नेता राहुल गांधी की माता सोनिया गांधी की अचानक स्वास्थ्य खराब होने की सूचना मिल रही है। फिलहाल उनकी उपस्थिति की संभावना पर सवाल है।

राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित की गयीं नारी शक्तियां

आजाद सिपाही संवाददाता

सतबरवा /पलामू। राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर सतबरवा प्रखंड सभागार में देश की प्रथम महिला सरोजिनी नायडू का जन्म दिवस राष्ट्रीय महिला दिवस के तौर पर मनाया गया। आज ही के दिन सरोजिनी नायडू का जन्म 13 फरवरी 1879 ई को हैदराबाद में हुआ था। इन्होंने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कार्य किया। उनके जन्म दिवस के अवसर पर सतबरवा प्रखंड के महिला जनप्रतिनिधियों को शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी हुई महिलाओं को, स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़ी हुई महिलाओं को और सामाजिक क्षेत्र में अपना नाम रोशन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर सीओ कृष्ण कुमार तिर्की उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सतबरवा प्रखंड की प्रमुख रीमा देवी, सतबरवा प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, धावाडीह की मुखिया रिंकी यादव, बोहिता की मुखिया कलावती देवी, पंचायत समिति सदस्य मधु कुमारी, बकोरिया पंचायत समिति सदस्य कविता देवी, बारी पंचायत की मुखिया निरोतमा देवी, पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी, राजकृत उच्च महाविद्यालय की प्रधान अध्यापिका प्रफुल्लित लकड़ा, सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी प्रीति गुप्ता, रोजगार सेवक संजू कुमारी, रीता देवी, शांति कुमारी, पुष्पा कुमारी, कुमारी रूपमाला, सोनी कुमारी को साल, पेन और डायरी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्य पति अजय उरांव, पूर्व मुखिया पप्पू सिंह, यादव महासभा के अशोक यादव, वार्ड सदस्य संदीप यादव, प्रदीप कुमार यादव, विकास मिंज, राजस्व कर्मचारी यमुना पांडा,अंचल अमीन सुनील कुमार, सिकंदर, आशीष कुमार सिंह, मुखिया पति लाल बिहारी प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शिविर संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी और अन्य

हुसैनाबाद । हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में मंगलवार को नगर पंचायत द्वारा आयोजित छः दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त शिविर में 65 उद्यमियों को प्रशिक्षण के माध्यम से सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने कहा कि यह प्रशिक्षण विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में उन महिलाओं व पुरुषों को दिया गया है, जिनको बैंक के द्वारा स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट लिंकेज व व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पाने के बाद वह और अधिक कुशल होगी और अपनी आजीविका को आगे बढ़ाने में यह प्रशिक्षण काफी लाभप्रद होगा। उन्होंने कहा कि शहरी आजीविका मिशन शहरी गरीबी उन्मूलन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत सरकार द्वारा उद्यमिता विकास के लिए शहरी छोटे दुकानदारों को अत्यंत कम दर पर बैंकों द्वारा ऋण प्रदान किया जाता है। मौके पर नगर प्रबंधक राकेश सिंह, शिक्षा और कल्याण समिति के कॉर्डिनेटर सह प्रशिक्षक प्रवीण कुमार, रीता लता, सोनी कुमारी, अनुराधा गुप्ता, अनिता कुमारी, गीता देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

संत मरियम स्कूल के रौशन कुमार ने किया झारखंड का नाम रौशन : अविनाश देव

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में 4 से 7 फरवरी को स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 67 वां नेशनल खेल का आयोजन किया गया था

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में 4 से 7 फरवरी को स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 67 वां नेशनल खेल का आयोजन किया गया था जिसमें मेदिनीनगर स्थित संत मरियम स्कूल के रौशन कुमार ने अंडर 17 में टीम फैरी सोती खेलते हुए दिल्ली और गुजरात के गतका खिलाड़ियों को हराते हुए कांस्य पदक जीता। जीत के पश्चात अपने मातृभूमि लौटने पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रबंधक कमिटी और सभी शिक्षकों ने विद्यालय प्रार्थना सभा में रौशन कुमार को सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि पलामू जैसे अति पिछड़े जिलों से निकलकर भारत के मानस पटल पर छा जाना वाकई काबिल ए तारीफ है। अब वह दिन दूर नहीं जब पलामू जैसे जिलों से भी राष्ट्रीय स्तर के भिन्न-भिन्न खेलों में खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे और पलामू की प्रतिभा को विश्व के मानस पटल पर लहरायेंगे। संत मरियम स्कूल अपने स्कूल में अध्यनरत छात्रों को विभिन्न विधाओं में पारंगत करने हेतू प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में स्कूल के शिक्षक के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के कड़ी मेहनत से स्कूल विभिन्न क्षेत्र में एक नई मुकाम हासिल करेगा।

उक्त मौके पर खेल प्रशिक्षक सुमित वर्मन,समन्वयक अमरेंद्र श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

बच्चों की सुविधा के मद्देनजर संत मरियम विद्यालय का विस्तार है संत मरियम किड्स स्कूल : अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रारंभिक जांच परीक्षा में बच्चों के बढ़ती भीड़ को देखते हुए संत मरियम विद्यालय प्रबंधन ने निर्णय लिया है की शहर में ट्रैफिक असुविधा और जाम से निजात बच्चों के दूरी से उत्पन्न थकान सुरक्षा सुविधा को देखते हुए बहुतायत संख्या के रास्ते चैनपुर में संत मरियम किड्स स्कूल की एक शाखा दिया गया है। इस शाखा की जवाबदेही प्रबंध निदेशक के रूप में आनंद कुमार को दी गई जो संत मरियम विद्यालय के प्रधान कार्यालय मेदिनीनगर के नियम शर्तो को पूर्णतः अनुपालन करते विद्यालय को संचालित रखेंगे। संत मरियम विद्यालय के शाखा चैनपुर में हो जाने से इस प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाके से आने वाले बच्चों को हर तरह से सुविधा मिलेगी।

आप तमाम बुद्धिजीवी, किसान मजदूर दुकानदार भाइयों को सादर सूचित करते अपार खुशी हो रही है कि नर्सरी से पांचवें वर्ग तक के बच्चों के नामांकन के लिए बसंत पंचमी के शुभ अवसर सरस्वती पूजा के दिन से नामांकन फार्म उपलब्ध है आये और अपने बच्चों को नामांकन के लिए फॉर्म खरीदें। विशेष जानकारी कार्यालय से प्राप्त करें, सीमित सीट को ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र अपने बच्चों को नामांकन करायें।

स्वयं सहायता समूह कार्डधारियों से अंगूठा लगवाने के बाद भी नहीं दे रहा राशन

फरवरी माह का राशन वितरण करने के एवज में पुनः दो माह का अंगूठा ईपॉश मशीन में लगवा रही है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

आजाद सिपाही संवाददाता

उंटारी रोड (पलामू)। जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत डेवडर के कार्डधारी का आरोप है कि जनवितरण प्रणाली गंगा मिलन महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा जनवरी माह का खाद्यान्न उठाव कर और लोगों से अंगूठा लगवाकर वितरण नहीं किया गया है। फरवरी माह का राशन वितरण करने के एवज में पुनः दो माह का अंगूठा ईपॉश मशीन में लगवा रही है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व हीं कार्डधारियों ने इस डीलर पर राशन घोटाले का आरोप लगाया था, जिसका खबर अखबारों में प्रकाशित भी किया गया था। लेकीन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि उक्त डीलर की शिकायत पहले भी आते रही है इसकी निलंबन की प्रक्रिया जारी है। अब देखना यह होगा कि क्या संबंधित डीलर पर कोई कारवाई होती है या यूं ही संबंधित पदाधिकारियों द्वारा डीलरों को बचाने का प्रक्रिया जारी रहेगा।

विद्या मंदिर जपला में नये प्रधानाचार्य के रूप में कुशजी पांडेय ने पदभार ग्रहण किया

प्रधानाचार्य का स्वागत करते सचिव व प्रभारी प्रधानाचार्य

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में नवीन प्रधानाचार्य के रुप में कुशजी पांडेय ने योगदान देते हुए पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नये प्रधानाचार्य का स्वागत विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के सचिव राकेश कुमार तिवारी, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र प्रदान कर किया। प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने कहा कि इस विद्यालय में आगमन के पूर्व जैना मोड़, बोकारो में कार्यरत थे। मैं इस विद्यालय के शैक्षिक उन्नयन और विद्यालय विकास हेतु प्रयत्नशील रहूंगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले यह मेरा पूरा प्रयास रहेगा। योगदान के बाद शिक्षक व स्कूल के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। वहीं प्रभारी प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रधानाचार्य जी कुशल प्रशासक और अनुशासन प्रेमी हैं। इस मौके पर राजेश्वर सिंह यादव, जयनारायण सिंह, मृत्युंजय प्रसाद, रंजीत मिश्र, दीपक पांडेय, मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक सहित सभी आचार्य, दीदी जी उपस्थित थे।

सरस्वती पूजा पर आकर्षण का केंद्र होगा केदारनाथ की लुक में बना पूजा पंडाल

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। अखंड ज्योति नवयुवक क्लब द्वारा सरस्वती पूजा केदारनाथ ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा की तैयारी पूरी कर ली गयी है।बुधवार को ज्ञान की देवी की विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में पूजा की तैयारी की गयी है। इसके अलावा दर्जनों जगहों पर कई संगठनों द्वारा पूजा की जा रही है। इस बार शहर में केदारनाथ की लूक के पंडाल में माता सरस्वती की मूर्ति स्थापना आकर्षण का केंद्र होगा। यह भव्य पंडाल का निर्माण अखंड ज्योति नवयुवक संघ गांधी चौक जपला द्वारा की गयी है। पूजा को शांति पूर्ण संचालन के लिये संघ के संरक्षक मदन प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार, अमित गुप्ता, प्रिज्म, अध्यक्ष रवि चंदेल, उपाध्यक्ष शनि चंदेल, गोपाल, राज, मनीष, पंकज, राजू, छोटू, अमित, मनीष, राजन, कृशु, गोलू आदि सक्रिय हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूजा की जा रही है। इस अवसर पर कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
• Hindi	₹ 140	• Hindi	₹ 140
• English	₹ 140	• English	₹ 140
• Mathematics	₹ 140	• Mathematics	₹ 140
• Science	₹ 140	• Science	₹ 140
• Social Science	₹ 140	• Social Science	₹ 140
• Sanskrit	₹ 120	• Sanskrit	₹ 120
• Hindi – B	₹ 140	• Hindi – B	₹ 80
• Hindi Vyakaran– II	₹ 120	• Hindi Vyakaran– II	₹ 120
• English Grammar– II	₹ 120	• English Grammar– II	₹ 120
• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
• Hindi Practical	₹ 55	• Hindi Practical	₹ 55
• English Practical	₹ 55	• English Practical	₹ 55
• Maths. Practical	₹ 65	• Maths. Practical	₹ 55
• Science Practical	₹ 65	• Science Practical	₹ 70
• S. Science Practical	₹ 65	• S. Science Practical	₹ 65
• Sanskrit Practical	₹ 55	• Sanskrit Practical	₹ 55
• Maths. Practical (Combined)	₹ 90	• Maths. Practical (Combined)	₹ 75
• Science Practical (Combined)	₹ 90	• Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
• Mathematics	₹ 200	• Mathematics	₹ 130
• Science	₹ 200	• Science	₹ 200
• Social Science	₹ 200	• Social Science	₹ 130
• Maths. Practical	₹ 80	• Maths. Practical	₹ 80
• Science Practical	₹ 80	• Science Practical	₹ 80
• S. Science Practical	₹ 80	• S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

जेइइ मैंस 2024: रांची डीपीएस के छात्रों ने लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत मेधा शक्ति के बल पर जेइइ मेन 2024 के प्रथम सेशन की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। 12वीं कक्षा की तमन्ना कुमारी ने 99.95 पर्सेंटाइल और प्रियदर्शी शेखर ने 99.94 पर्सेंटाइल अर्जित कर स्टेट टॉपर्स की सूची में अपना नाम दर्ज करा कर सफलता का परचम लहराया है।

16 से अधिक छात्रों ने हासिल किये 99 पर्सेंटाइल : विद्यालय के 16 से अधिक विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करते हुर 99 पर्सेंटाइल अर्जित किया है। 35 से ज्यादा बच्चों ने 95 पर्सेंटाइल हासिल किया है। यह भी संभावित है कि 100 से अधिक बच्चों ने 90 पर्सेंटाइल अर्जित किया हो, क्योंकि विद्यार्थियों द्वारा परिणाम साझा करने का क्रम अब भी जारी है।

प्राचार्य राम सिंह ने सफल छात्रों को दी बधाई : विद्यालय के प्राचार्य डॉ। राम सिंह ने बच्चों की अभूतपूर्व सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय चुनौतियों के अनुरुप छात्रों को विश्वस्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। यही कारण है कि शिक्षा के क्षेत्र में डीपीएस के छात्रों ने अपनी मेधा शक्ति के बल पर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
11

कोयला टावर पुनर्निर्मित परिसर का उद्घाटन

बोकारो(आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील प्लांट के कार्मिकों के लिए कल्याणकारी गतिविधि के रूप में कोक ओवन विभाग के बैटरी संख्या 07 और 08 के कोयला टावर चार के पुनर्निर्मित परिसर का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा किया गया. ग्रेट प्लेस टू वर्क स्कीम के तहत इस पुनर्निर्मित परिसर में कर्मचारियों के उपयोग में आने वाले विश्राम कक्षों , तथा सभी शिफ्ट ऑफिस को सीईडी विभाग द्वारा पुनर्निर्मित किया गया है। क्रमश: कोयला टावर एक और दो के लिए उपयोग में आने वाले विश्राम कक्षों तथा शिफ्ट ऑफिस के नवीनीकरण का कार्य भी अग्रिम चरण में है और इसे आने वाले एक महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

धनसार बस्ती में चोरों का तांडव लगातार जारी

धनसार(आजाद सिपाही)। चांदमारी वर्क शोप मे सोमवार की रात सशस्त्र केबल चोरों का दल घूस गए।चोरों के हलचल को देख चांदमारी आठ नंबर बस्ती के लोग जाग गये। लोगों ने इसकी सूचना सीआईएसएफ और धनसार पुलिस को दी।सूचना मिलते ही धनसार पुलिस और सीआईएसएफ की गश्ती टीम पहुंची। इसकी भनक लगते ही सभी चोर वर्क शोप के दिवाल फांदकर फरार हो गए। इधर चोरों के हरकत से स्थानीय लोगों मे आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर वर्क शोप के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला जाय तो चोरों की पहचान हो सकती हैं। और वर्क शोप मे केबल और लोहा चोरी की घटना को अंजाम देते है।

जाधव विजया नारायण राव बनीं बोकारो डीसी

बोकारो(आजाद सिपाही)। डीसी कुलदीप कुमार से पदभार ग्रहण करती है जाधव विजया नारायण राव बोकारो जिले के डीसी बनने वाली पहली महिला अधिकारी हैं ।

धनबाद में बैठक कर बनी हिंदी को लेकर रणनीति

धनबाद(आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुशांत कुमार शर्मा को चुना गया है। सुशांत कुमार शर्मा धनबाद निवासी हैं उन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के क्षेत्र में अब तक काफी पहल की है। उनके संगठन मंत्री बनने पर धनबाद वासियों ने उन्हें बधाई दी है इसको लेकर मंगलवार को धनबाद के विज्ञान विहार कॉलोनी में अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद की एक बैठक भी हुई प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद तिवारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की रणनीति तय की गई। बैठक में बताया गया की 19 राज्यों सहित राष्ट्रीय स्तर पर 9.50,000 सदस्य इसके लिए युद्ध स्तरीय प्रयास कर रहे हैं। बैठक में राधेश्याम गोस्वामी भवानी, बंदोपाध्याय, डॉ नीलम मिश्रा, बॉबी पांडेय ,रविंद्र तिवारी, किशोर कुमार पांडेय ,भगवत प्रसाद पांडेय ,मिथिलेश कुमार पांडेय ,राजीव रंजन त्रिवेदी तथा शारदानंद ओझा सहित अन्य ने भी परिषद के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुशांत कुमार शर्मा को बधाई दी है।

निर्देश के बाद भी देर से कर्मियों के आने पर लगा ताला

गिरिडीह(आजाद सिपाही)। मंगलवार को पपरवाटांड़ स्थित न्यू समाहरणालय में एक अलग सा ही नजारा देखने को मिला। जहां समाहरणालय के मेन गेट में ताला लगा हुआ था और करीब करीब सभी विभाग के कार्यालय कर्मी बाहर खड़े थे। इस दौरान दोनो गेट को बंद कर दिया गया। जिसके कारण कर्मी अंदर नही जा पा रहे थे। करीब दो घंटे तक सभी को बाहर खड़ा रहना पड़ा। इसी बीच हुई मुसलाधार बारीश ने कर्मियों को काफी परेशान किया। बताया जाता है कि समाहरणालय के मुख्य गेट में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर ही ताला लगाया था। जानकारी के अनुसार मंगलवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में मुख्य बैठक होनी थी। जिसे देखते हुए उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी कर्मियों को नौ बजे तक कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया था,आदत से मजबूर सभी कर्मी लेट से पहुंचे थे। उपायुक्त जब कार्यालय पहुंचे तो उनके कार्यालय में भी ताला लटका हुआ था और कई विभागीय कर्मी भी अनुपस्थित थे, जिससे उपायुक्त नाराज हो गए और समाहरणालय के मुख्य गेट में ही ताला लगवा दिया। परिणाम स्वरूप करीब दो घंटे तक कार्यालय कर्मी मुख्य गेट से बाहर खड़े रहे और बारीश में भी भीगते रहे।

ट्रेन लाइटिंग और वातानुकूल विभाग के कर्मचारियों के बीच खुशी की लहर

धनबाद(आजाद सिपाही)। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के संघर्ष तथा रेलकर्मियों के सतत आंदोलन के फलस्वरूप जोनल रेलवे प्रशासन ने ट्रेन लाईटिंग और वातानुकूलित विभाग को विद्युत सामान्य विभाग के अन्तर्गत करने के आदेश मंगलवार को जारी कर दिया गया। लेकिन बाद में रेलवे बोर्ड ने इस विभाग को विद्युत सामान्य से हटा कर मैकेनिकल शाखा के सवारी एवं मालडिब्बा के नियंत्रण में करने के निर्देश दिए थे। इस प्रकार विभाग परिवर्तन कर दिए जाने से ट्रेन लाईटिंग और वाताकूलन विभाग के कर्मचारियों को जहाँ एक ओर अपने दैनिक कार्यों को करने में काफी परेशानी हो रही थी वहीं दूसरी ओर मैकेनिकल के सुपरवाइजर्स के लिए विद्युत के कार्यों के तकनीकी दक्षता नहीं होने के कारण ट्रेन लाईटिंग और वाताकूलन विभाग के कर्मचारियों को अनुदेशित और कार्य नियंत्रण करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने उक्त जोनल आदेश के जारी होने पर संबंधित विभाग के कर्मचारियों को बधाई दी।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में जनाक्रोश रैली

टुंडी के ऐतिहासिक प्रदर्शन में उमड़ा जनसैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

टुंडी। टुंडी प्रखंड के द्वारा मंगलवार को अपने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में एक ऐतिहासिक जनाक्रोश रैली का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। उन्होंने इस रैली के माध्यम से उपस्थित जनसमूहों को संबोधित करते हुए टुंडी विधायक ने कहा कि केंद्र के इशारे पर बराबर झारखंड सरकार को तंग करने का काम किया गया और इडी का दुरुपयोग कर वर्तमान सरकार के मुखिया को जेल में डाल दिया गया। अपने सभी समर्थकों के साथ जनाक्रोश रैली का आयोजन किया गया जो कि काफी ऐतिहासिक रहा लोग बढ़ चढ़ कर इस रैली में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। इस रैली के माध्यम से उपस्थित झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा समेत विभिन्न प्रकार के नारों से पूरा टुंडी गुंजायमान हो उठा लोग अपने पारंपरिक हरवे हथियारों के साथ डुगडुगियां बजाते हुए हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे थे।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, जगदीश चौधरी, कामेश्वर सिंह, मदन महतो, श्रवण टुडू, फूलचंद किस्कू, संतूलाल किस्कू, रविलाल बास्की, समेत हजारों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बीएमएस की 93वीं कार्यसमिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश कार्य समिति के दो दिवसीय सत्र आगा नगरी के जुबली हॉल में उत्तम कुमार सिंह वरीय डाक अधीक्षक, क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ। बीएमएस के 93वीं कार्यसमिति की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई। बैठक में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की कैसे रक्षा हो। ऐसे मजदूर जो दैनिक ठेका पर काम करते हैं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रिक्शा चालक, ठेला चालक सबके हितों की रक्षा की बात पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बली राम यादव ने कहा भारतीय मजदूर संघ हमेशा से मजदूरों के हित की रक्षा की बात करता रहा है। वहीं महामंत्री राजीव रंजन ने कार्य समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर के हक की बात का मतलब हर व्यक्ति है जो काम कर रहा है वही प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश कुमार ने कहा की बीएमसी का एक ही नारा है राष्ट्रीय हित, उद्योग हित, मजदूर हित को हम अपने काम का पूरा दाम लेकर करेंगे।

इस मौके पर महामंत्री राजीव रंजन सिंह, मंत्री संजय चक्रवर्ती, अंगद उपाध्याय, वित्त सचिव प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य सत्यनारायण सिंह, झारखंड प्रदेश में मीडिया प्रभारी सरोज कुमार आचार्य, प्रभात रंजन, धर्मजीत चौधरी, सुशील कुमार, नवनीत सिंह पिंकू महतो, माधव सिंह, राज्य भर से कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

पुलिस कप्तान एचपी जनार्दनन और उनके सहयोगी की चोरों पर दबिश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास धनबाद। के वरीय पुलिस कप्तान एचपी जनार्दनन के आदेशानुसार कतरास और तेतुलमारी पुलिस ने अवैध धंधेबाजों पर नकेल कसते हुए कई अवैध धंधेबाज को दबोच कर जेल भेजा तथा भारी मात्रा में कोयला और 1 लोहा लोड चारपहिया वाहन को जब्त किया। बताया जाता है कि मंगलवार को कतरास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कतरास भटमुरना मुख्य मार्ग के कैलूडीह में अवैध लोहा लदे पिकप वैन सहित चालक को पकड़ने में सफलता हासिल किया वही धंधेबाज गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा जप्त किया गया अवैध लोहा कतरास थाना क्षेत्र के श्यामडीह निवासी राजा खान का बताया जा रहा है पुलिस ने कतरास थाना कांड संख्या 39/24 के तहत मामला दर्ज कर चालक मतारी बस्ती निवासी मोहम्मद आशिक अंसारी को जेल भेज दिया ।

हाई कोक कारोबारी मनीष अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

धनबाद (आजाद सिपाही)। कैलाश अग्रवाल जगदंबा निवास धैया के पुत्र मनीष अग्रवाल (जगदंबा हार्ड कोक के निदेशक) के ऊपर महेंद्र सिंह (धनबाद) ने 10 लाख विस्वास मे लेकर धोखाधडी कर गबन करने का केस धनबाद थाना से किया था। उस केस में एडीजे 16 ने मनीष अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की। उन पर और भी लोगों से धोखाधड़ी कर लाखो रुपया गबन करने का आरोप है। बता दें कि महेंद्र सिंह की लिखित शिकायत पर धनबाद थाना में आइपीसी की धारा 406, 420, 506 के तहत कांड संख्या 296/23 दर्ज कर मनीष अग्रवाल को अभियुक्त बनाया गया है। शिकायत पत्र में महेंद्र सिंह ने कहा है कि मनीष अग्रवाल से उनके दोस्ताना संबंध थे। इसी संबंध के आधार पर मनीष ने उनसे तीन महीने के लिए दस लाख रुपये का सहयोग मागा था। श्री सिंह ने कहा है कि मुझे विश्वास में लेने के लिए मनीष ने अपने फर्म एम के ट्रांसपोर्ट के एकाउंट में पैसा लिया था, जो आरटीजीएस के द्वारा भेजा गया था।

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

63वीं औपबंधिक सूची जिला–रामगढ़ (पार्ट–02)

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी कोलेश्वर महतो , किषुन महतो एवं भुनेश्वर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष दिये गये बयान तथा पहचान के आधार पर।		
47.	1. आवेदन क्र0– 81 / 24 2. आवेदक–दिनेष कुमार , पिता–स्व0 लाल बाबु महथा 3. ग्राम–कुम्हरदगा , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में घाव का निषान।	कंडिका–2(ix)
48.	1. आवेदन क्र0– 82 / 24 2. आवेदक–दुर्गा दास माझी , पिता–स्व0 श्रवण मांझी 3. ग्राम–परसा टोला , रोला पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
49.	1. आवेदन क्र0– 83 / 24 2. आवेदक–रघुनाथ माझी , पिता–होपा मांझी 3. ग्राम–भुईया संगातु , पोस्ट–सुतरी , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
50.	1. आवेदन क्र0– 84 / 24 2. आवेदक–श्रीकांत महतो (आश्रित पुत्र) , पिता–स्व0 बृजलाल महतो (मुल आन्दोलनकारी) 3. ग्राम–चौकादर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
51.	1. आवेदन क्र0– 85 / 24 2. आवेदक–जासो देवी, पति–देवासी महथा 3. ग्राम–कुम्हरदगा , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
52.	1. आवेदन क्र0– 86 / 24 2. आवेदक–सोरोधर मांझी , पिता–दुबई मांझी 3. ग्राम–ओराडीह, पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
विवरण :–आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष जाँच तथा स्थानीय चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री किषुन महतो , कोलेश्वर महतो एवं भुनेश्वर महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष बयान तथा पहचान के आधार पर।		
53.	1. आवेदन क्र0–691 / 24 2. आवेदक–मुंषी मांझी , पिता–रतिया मांझी 3. ग्राम–धोवैया , पोस्ट–कण्डेर , थाना–गोमिया , प्रखण्ड–गोमिया (बोकारो) 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
54.	1. आवेदन क्र0–692 / 24 2. आवेदक–धनेश्वर मांझी , पिता–चरण मांझी 3. ग्राम–लीपिया , पोस्ट–हेसापाड़ा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
55.	1. आवेदन क्र0–693 / 24 2. आवेदक–चान्दमुनी देवी, पति–धनेश्वर मांझी 3. ग्राम–लीपिया , पोस्ट–हेसापाड़ा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
56.	1. आवेदन क्र0–694 / 24 2. आवेदक–बुधनी देवी, पति–बनालाल महतो 3. ग्राम–कुम्हरदगा , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
57.	1. आवेदन क्र0–695 / 24 2. आवेदक–संगीता देवी, पति–झुलन महथा 3. ग्राम–कुम्हरदगा , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
58.	1. आवेदन क्र0–696 / 24 2. आवेदक–गोमती देवी, पति–रघुवीर मुण्डा 3. ग्राम–महलीडीह , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
59.	1. आवेदन क्र0–697 / 24 2. आवेदक–साबीर अंसारी , पिता–युसुफ अंसारी 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
60.	1. आवेदन क्र0–698 / 24 2. आवेदक–मुनेष्वर महतो (आश्रित पौत्र), पिता–सुधु महतो, दादा–स्व0 राजु महतो(मुल आन्दोलनकारी) 3. ग्राम–संघोय चोपादारू , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
61.	1. आवेदन क्र0–699 / 24 2. आवेदक–कुंती देवी, पति–सुधु महतो 3. ग्राम–चोपादारू , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
62.	1. आवेदन क्र0–700 / 24 2. आवेदक–रघुवीर मुण्डा , पिता–स्व0 कन्दु मुण्डा 3. ग्राम–महलीडीह , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
63.	1. आवेदन क्र0–701 / 24 2. आवेदक–सूरजनाथ मुण्डा , पिता–चुड़का मुण्डा 3. ग्राम–महलीडीह , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
64.	1. आवेदन क्र0–702 / 24 2. आवेदक–राजेन्द्र प्रसाद , पिता–स्व0 जगेष्वर साव 3. ग्राम–चक्रवाली , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हथेली में चोट का निषान।	कंडिका–2(ix)
65.	1. आवेदन क्र0–488 / 24 2. आवेदक–गंगामुनी देवी, पति–मुंषी मांझी 3. ग्राम–धवैया , पोस्ट–कण्डेर , थाना–गोमिया , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–महिला, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
विवरण :–आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष जाँच तथा स्थानीय चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री किषुन महतो , कोलेश्वर महतो एवं भुनेश्वर महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष बयान तथा पहचान के आधार पर।		
66.	1. आवेदन क्र0–747 / 24 2. आवेदक–ललकु महतो , पिता–स्व0 बैजनाथ महतो 3. ग्राम–पतरातु , पोस्ट–बेटुलकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
67.	1. आवेदन क्र0–748 / 24 2. आवेदक–हरिनन्दन गोस्वामी , पिता–परमानन्द गोस्वामी 3. ग्राम–पतरातु , पोस्ट–बेटुलकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुनेष्वर महतो एवं निवारण प्रसाद द्वारा आयोग के सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर द जे बयान एवं पहचान के आधार पर।		
68.	1. आवेदन क्र0–197 / 24 2. आवेदक–बिरजलाल महतो , पिता–रघुनाथ महतो 3. ग्राम–डुन्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–83 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
69.	1. आवेदन क्र0–198 / 24 2. आवेदक–श्यामकिषोर महतो (आश्रित पुत्र), पिता–प्रेमचन्द महतो (आन्दोलनकारी) 3. ग्राम–डुन्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
70.	1. आवेदन क्र0–199 / 24 2. आवेदक–मसो0 सहचरी , पति–स्व0 फलहाली महतो 3. ग्राम–डुन्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला, आयु–81 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
71.	1. आवेदन क्र0–200 / 24 2. आवेदक–विमला देवी , पति–बिरजलाल महतो 3. ग्राम–डुन्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
72.	1. आवेदन क्र0–201 / 24 2. आवेदक–रेवती देवी , माता–सहचरी देवी 3. ग्राम–डुन्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटा का निषान।	कंडिका–2(ix)
73.	1. आवेदन क्र0–202 / 24 2. आवेदक–महिपाल महतो , पिता–स्व0 गोविन्द महतो 3. ग्राम–चोकादर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कंधे पर तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
74.	1. आवेदन क्र0–203 / 24 2. आवेदक–काली पोदो करमाली , पिता–स्व0 बाबुलाल करमाली 3. ग्राम–चोकादर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में कटा का निषान।	कंडिका–2(ix)
75.	1. आवेदन क्र0–204 / 24 2. आवेदक–जनक करमाली , पिता–स्व0 षिबनारायण करमाली 3. ग्राम–चोकादर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
76.	1. आवेदन क्र0–205 / 24 2. आवेदक–बिरबल महतो , पिता–बिसराम महतो 3. ग्राम–चोकादर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
77.	1. आवेदन क्र0–206 / 24 2. आवेदक–रामदास महतो , पिता–किषुन महतो 3. ग्राम–चोकादर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
78.	1. आवेदन क्र0–207 / 24 2. आवेदक–मनोज रजक , पिता–मनधुर रजक 3. ग्राम–चोकादर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में खोदा।	कंडिका–2(ix)
79.	1. आवेदन क्र0–208 / 24 2. आवेदक–प्यासो देवी , पति–महीपाल महतो 3. ग्राम–चोकादर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–मुह में तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
80.	1. आवेदन क्र0–209 / 24 2. आवेदक–झालो देवी , पति–रामदास महतो 3. ग्राम–चोकादर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
81.	1. आवेदन क्र0–210 / 24 2. आवेदक–अलोमनी देवी , पति–भुनेश्वर महतो 3. ग्राम–चोकादर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
82.	1. आवेदन क्र0–211 / 24 2. आवेदक–मोहन करमाली , पिता–स्व0 कार्तिक करमाली 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में चोट का निषान।	कंडिका–2(ix)
83.	1. आवेदन क्र0–212 / 24 2. आवेदक–सुधीर प्रसाद , पिता–मेंहदी साव 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
84.	1. आवेदन क्र0–213 / 24 2. आवेदक–फुलेष्वर महतो , पिता–राम मोहन महतो 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
85.	1. आवेदन क्र0–214 / 24 2. आवेदक–मुनेष्वर महतो , पिता–जानकी महतो 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में घाव का निषान।	कंडिका–2(ix)
86.	1. आवेदन क्र0–215 / 24 2. आवेदक–प्रमोद महतो , पिता–बैजनाथ महतो 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
87.	1. आवेदन क्र0–216 / 24 2. आवेदक–मनोज कुमार रजक , पिता–सहदेव रजक 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
88.	1. आवेदन क्र0–217 / 24 2. आवेदक–संतोष कुमार महतो , पिता–बनू महतो 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल पर मासा का निषान।	कंडिका–2(ix)
89.	1. आवेदन क्र0–218 / 24 2. आवेदक–विनय कुमार स्वर्णकार , पिता–संगी साव 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में कटा का निषान।	कंडिका–2(ix)
90.	1. आवेदन क्र0–219 / 24 2. आवेदक–नायडू महतो , पिता–सुखदेव महतो 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
91.	1. आवेदन क्र0–220 / 24 2. आवेदक–कमरूद्दीन अंसारी , पिता–कुर्बान अली 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–84 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर तिल का निषान।	कंडिका–2(ix)
92.	1. आवेदन क्र0–221 / 24 2. आवेदक–कालीचरण महतो , पिता–अमरू महतो 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कट का निषान।	कंडिका–2(ix)
93.	1. आवेदन क्र0–222 / 24 2. आवेदक–लगनू महतो , पिता–लालधारी महतो 3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में कटा का निषान।	कंडिका–2(ix)

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 318882 (Home)23-24*D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 14 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in

एमसीएल में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2023-24 का समापन समारोह

नवीन सुरक्षित खनन प्रथाओं का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) मुख्यालय में आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2023-24 के समापन समारोह पर आयोजित एक प्रदर्शनी में नवीन और सुरक्षित खनन प्रथाओं को प्रदर्शित किया गया। खनन सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) भुवनेश्वर क्षेत्र-I और II के तहत तकनीकी स्टार्टअप, विनिर्माण और खनन संगठनों सहित बड़ी संख्या में संगठनों ने शनिवार को वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़े 2023-24 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह के साथ-साथ आयोजित प्रदर्शनी में भाग लिया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रभात कुमार महानिदेशक, डीजीएमएस धनबाद ने उदय ए काओले अध्यक्ष-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) एमसीएल की उपस्थिति में किया, जिसमें अभूतपूर्व अंतर्दृष्टि, उपकरण प्रदर्शन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरण प्रदर्शित किये गये, जो खनन कार्यों में सुरक्षा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। अपने संबोधन में श्री प्रभात कुमार ने सुरक्षा मानकों को बढ़ाने में निरंतर प्रयासों के लिए एमसीएल की सराहना की।

सीएमडी श्री काओले ने सभी चीजों से ऊपर सुरक्षा को प्राथमिकता देने की कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। सुरक्षा पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया, जो सुरक्षा ध्वज फहराने के साथ शुरू हुआ। गणमान्य व्यक्तियों ने उन कोयला खनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान करते हुए कर्तव्य की पंक्ति में अपने जीवन का बलिदान दिया।

भाजपा के मिलन समारोह में सैकड़ों ने ली सदस्यता

भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

गावां, गिरिडीह। गावां प्रखंड स्थित भाजपा माल्डा मंडल की ओर से माल्डा पंचायत के राणा टोला में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आनंदी यादव व संचालन संयोजक अमरदीप निराला ने की। कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। लक्ष्मण सिंह ने सभी लोगों को पार्टी का अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजना से प्रभावित होकर यहां आज काफी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली है। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तरक्की की ओर बढ़ रहा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। महिलाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें निशुल्क में गैस सिलेंडर, चूल्हा दिया जा रहा है। सरकार की महत्वकांक्षी योजना घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। सभी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे इसे भी सुनिश्चित बनाया जा रहा है। कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत, विश्वकर्मा योजना, जनधन योजना, कृषि योजना से लोग काफी लाभान्वित हो रहे हैं। इन योजनाओं का लाभ लेकर लोग खुद से सशक्त बन रहे हैं।

बैठक कर योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने पर दिया जोर : बाद में उन्होंने खरसान पंचायत में भाजपा कार्यकताओं के साथ बैठक कर केंद्र सरकार की ओर से संचालित सभी योजनाओं से आम लोगों को आच्छादित कराने पर जोर दिया। कहा कि कार्यकर्ता सभी लोगों के घर-घर जाकर केंद्र सरकार की योजना से अवगत कराते हुए उसे लाभ दिलाने का काम करें। पूरा देश प्रधानमंत्री के विकास कार्यों से काफी उत्साहित है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि उदय यादव, अमरदीप निराला, अजीत राउत, विनोद मिष्टकार, अजीत तिवारी, अजय कुमार, रिंकू राणा, शंकर राणा, रेणु कुमारी, सुखदेव राणा समेत कई लोग उपस्थित थे।

एएसीसीआइ के तीन दिनी सम्मेलन का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एशियन अफ्रीकन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एएसीसीआइ) ओड़िशा चैप्टर का अंतरराष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन और एक्सपो भुवनेश्वर के फेयर लैगून बाटिका में शुरू हुआ है। इथियोपिया के राजदूत देमेके आटनाफू अंबुलो ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन में भाग लिया और इसका उद्घाटन किया।

अमर पटनायक सम्मानित अतिथि के रूप में और एमएसएमइ के संयुक्त निदेशक पवन कुमार गुप्ता सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। केन्या बोर्ड के अध्यक्ष जेम्स मुरू सम्मानित अतिथि और वक्ता थे।

एसीसीआइ ओड़िशा की अध्यक्ष डॉ लिता महापात्र, एसीसीआइ के संस्थापक और अध्यक्ष जीडी सिंह, ओडिशा सरकार के उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव आइएएस हेमंत शर्मा, स्टेट अप ओड़िशा के कार्यकारी निदेशक ओंकार राय प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन अगले तीन दिनों तक चलेगा।

एम्स-फिजियोमीट कार्यशाला का आयोजन

फिजियोलॉजी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी

- देश के 17 एम्स के विख्यात 40 फिजियोलॉजिस्ट ने हिस्सा लिया
- सैन्य फिजियोलॉजी को मजबूत करने के लिए एम्स और डीआरडीओ के बीच सहयोग समय की मांग है

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। जीवनशैली संबंधी विकारों के प्रबंधन में फिजियोलॉजी का दायरा और स्थानीय और वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने के लिए बहु-केंद्रित सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रमों का निर्माण समय की मांग है। फिजियोलॉजी एम्स भुवनेश्वर विभाग द्वारा आयोजित एम्स-फिजियोमीट कार्यशाला में फिजियोलॉजी शिक्षा और अनुसंधान में उभरते मुद्दे, फिजियोलॉजी में चिकित्सा पाठ्यक्रम से संबंधित पहलू विश्व स्तर पर एक प्रमुख चर्चा बिंदु रहे हैं। उद्घाटन समारोह में प्रतिष्ठित फिजियोलॉजिस्ट और एम्स कल्याणी के कार्यकारी निदेशक डॉ रामजी सिंह, एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास, एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ जीके पाल, एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ माधवानंद कर, जोधपुर, डॉ पीआर महापात्र, डीइएएन और डॉ डीके परिदा, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ प्रणति नंदा, एचओडी, फिजियोलॉजी विभाग, एम्स भुवनेश्वर उपस्थित थे।

कार्यशाला में फिजियोलॉजी शिक्षा और अनुसंधान में उभरते मुद्दों पर एक पैनल चर्चा हुई, जिसकी अध्यक्षता डॉ आशुतोष विश्वास ने की। डॉ बिस्वास ने उनके नेतृत्व में शुरू किये गये विभाग के कई शोध कार्यक्रमों का हवाला देते हुए फिजियोलॉजी शिक्षा और अनुसंधान को आगे बढ़ाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। अतिरिक्त प्रोफेसर और कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ कल्पना बरहवाल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह कार्यशाला अपनी तरह की पहली कार्यशाला थी, जो एम्स के सभी फिजियोलॉजी संकाय के लिए शैक्षणिक तालमेल पर चर्चा करने और पीएमएसएसवाइ संस्थानों के बीच अनुसंधान संघ बनाने के लिए एक मंच तैयार कर रही थी।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोलॉजी एंड अलाइड साइंसेज (डीआइपीएएस), डीआरडीओ के निदेशक डॉ राजीव वार्ष्णेय की मेजबानी करने का सम्मान प्राप्त हुआ।

छात्रा संध्या रानी दास के निधन पर ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शोक व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सोमवार, 12 फरवरी को गणित विभाग की दूसरे सेमेस्टर की छात्रा स्वर्गीय संध्यारानी दास की स्मृति को सम्मानित करने के लिए परिसर में अकादमिक ब्लॉक-3 के पास एक शोक सभा आयोजित की। कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय समुदाय ने एकजुट होकर उनकी स्मृति को याद करते हुए उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर कुलपति प्रो त्रिपाठी के साथ प्रभारी कुलसचीब प्रो एनसी पांडा, सलाहकार-अकादमिक और प्रशासन प्रो. वीसी झा, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण स्कूल के डीन प्रो शरत कुमार पालिता, राजभाषा प्रकोष्ठ के प्रभारी निदेशक प्रो. हेमराज मीणा, शिक्षक, अधिकारी, शोधकर्ता और छात्र भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

विश्वविद्यालय समुदाय को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो त्रिपाठी ने कहा कि हमारी छात्रा संध्या रानी दास आज हमारे बीच नहीं रहीं। ओड़िशा केंद्रपाड़ा जिले के तपन कुमार दास और स्वप्ना रानी दास की बेटी संध्या रानी दास, ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट के गणित विभाग में एक प्रतिभाशाली छात्रा थीं। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. फगुनाथ भोई ने कहा कि 10 फरवरी को उनके दुखद निधन ने विश्वविद्यालय समुदाय, रिश्तेदारों और उन्हें जानने वाले सभी लोगों को बहुत दुखी किया है।

+3 और पीजी छात्रों को नुआ-ओ स्कॉलरशिप

- लड़कों के लिए 9 हजार और लड़कियों के लिए 10 हजार रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। जाजपुर में मंगलवार को नुआ-ओ कार्यक्रम में 5टी अधक्ष वी के पांडियन ने बड़ी घोषणा की कि +3 और पीजी छात्रों के मिलेगा छात्रवृत्ति। मुख्यमंत्री के फैसले की जानकारी 5टी अध्यक्ष वीके पांडियन ने छात्रों को दी। कॉलेज के 95%+3 छात्रों को नुआ-ओ स्कॉलरशिप मिलेगी। लड़कियों को 10,000 रुपये और लड़कों को 9,000 रुपये मिलेंगे। यह नयी स्कॉलरशिप करीब 4.5 लाख छात्रों को मिलेगी। इसी तरह करीब 35 हजार पीजी छात्रों को भी यह स्कॉलरशिप मिलेगी। यह छात्रवृत्ति हर साल मिलेगी। छात्रवृत्ति 20 से 25 तारीख के बीच छात्र के खाते में जमा कर दी जायेगी। आयकर का भुगतान करने वाले सरकारी कर्मचारियों और माता-पिता के बच्चों को यह छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी।

बता दें कि ओड़िशा सभी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने वाला भारत का पहला राज्य है। छात्रों को छात्रवृत्ति के साथ अधिक पैसा भी मिल सकता है। नुआ - ओ कार्यक्रमों के लिए 300 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड रखा गया है। इसलिए छात्रों को कॉलेज में अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने से कुछ अंक मिलेंगे। अधिक अंक वाले छात्र अधिक पैसा कमा सकते हैं। वीके पांडियन ने कहा कि यह मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक फैसला है।

सीएम नवीन पटनायक शीतलापल्ली में आज सम अस्पताल का उद्घाटन करेंगे

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। गंजाम जिला स्वास्थ्य सेवाओं में एक और अभूतपूर्व कदम है। अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्य में ख्याति अर्जित करने वाले सम हॉस्पिटल का उद्घाटन बुधवार को ब्रह्मपुर शीतलापल्ली में किया जायेगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक इसका शुभारंभ करनेवाले हैं। इससे पहले मंगलवार को गंजाम जिला कलेक्टर ने इस अस्पताल का दौरा किया और स्थिति का निरीक्षण किया। 200 बिस्तरों वाले नए सम अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं, आघात ट्रमा केयर, महिला और बच्चों की स्वास्थ्य सेवाएं, तंत्रिका विज्ञान और महत्वपूर्ण देखभाल शामिल होंगी। चिकित्सा अधिकारियों ने कहा कि 24 घंटे आपातकालीन उपचार भी उपलब्ध है। यह अस्पताल पहले ही भुवनेश्वर में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए ख्याति अर्जित कर चुका है।

श्रीश्री बजरंगबली मंदिर सिरका नयाटोली के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए जैलेंद्र कुमार

रांची। सिरका नयाटोली स्थित श्रीश्री बजरंगबली मंदिर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के समापन पर जैलेंद्र कुमार शामिल हुए। उनके साथ कामेश्वर महतो अध्यक्ष जगेसर महतो, राजेश सिंह,धर्मेंद्र सिंह, प्रकाश महतो, करमलाल महतो,फलींद्र महतो,सुखराम सिंह,धर्मनाथ महतो, लखी सिंह,रामजीत महतो,दिलीप कुमारहतो,जगनू महतो आदि भी मौजूद थे।

देवाशिष और शुभाशिष ने बीजेडी के राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कटक-बारबाटी की पूर्व विधायक देवाशिष सामंतराय और पुरी के युवा बीजेडी नेता शुभाशिष खुंटिया ने बीजेडी राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में बीजेडी के दो नेताओं ने अपना नामांकन भरा है। इस मौके पर पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे। देबाशीष सामंतराय ने अपना नामांकन दाखिल करने से पहले प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह संसद में राज्य के हितों का मुद्दा उठायेंगे। देवाशीष ने कहा कि विधानसभा से राज्यसभा जाना उनके लिए पदोन्नति थी। विधायक या सांसद बनना मेरी पसंद नहीं है, बल्कि यह मुख्यमंत्री की पसंद है। इसी तरह नामांकन दाखिल करने से पहले शुभाशीष खुंटिया ने कहा कि भगवान के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री ने मुझे यह जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेदारी दी है, मैंने उसे पूरा किया है। मैं इस जिम्मेदारी को भी निभाऊंगा।

ओआइआरसी ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में कटौती की

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बीजू जनता दल बीजेडी सरकार ने मतदाताओं को लुभाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की है। ओआइआरसी ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरें कम कर दी हैं। हर स्लैब में कीमतों में 10 पैसे की कटौती की गयी है। हालांकि, घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़ कर अन्य श्रेणियों में दरें अपरिवर्तित रहेंगी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बिजली की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी।

बता दें कि बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए मासिक शुल्क भी कम कर दिया गया है। पहले इसके लिए मासिक शुल्क 80 रुपये था, लेकिन अब इसे घटा कर 70 रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा अगर उपभोक्ता कागज के बजाय ई - बिल लेते हैं तो उन्हें 10 रुपये की छूट मिलेगी। वहीं प्रति इवी चार्जिंग यूनिट पर 5 रुपये 50 पैसे से घटाकर 5 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह कोल्ड स्टोरेज के लिए प्रति यूनिट 1 रुपये 60 पैसे की कटौती की गयी है और समय पर बिल का भुगतान करने पर 10 पैसे की छूट दी जाएगी। प्रीपेड मीटर यूजर्स को 4 फीसदी की छूट भी मिलेगी।

पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक ने किया खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना के सोनपुर-बौध रेलवे खंड का निरीक्षण

- खुर्दा रोड-बलांगीर नयी लाइन की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को लक्ष्य अवधि के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने हाल ही में चल रहे खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना के सोनपुर और बौध के बीच निर्माणाधीन रेल लाइन खंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्व तट रेलवे मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और संबलपुर रेलवे डिवीजन के अधिकारियों के साथ परियोजना के निर्माण कार्यों में लगे अधिकारी भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा ने बुनियादी ढांचे के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को लक्ष्य अवधि के भीतर कार्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी। सार्वजनिक केंद्रित खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना का निर्माण दूरदराज के इलाकों में है और यह रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की बारीकी से निगरानी वाली परियोजनाओं का एक हिस्सा है।

इस परियोजना की कुल लंबाई 301 किलोमीटर में से कुल मिलाकर 152.805 किलोमीटर रेल लाइन का काम शुरू हो चुका है। परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए रेलवे इस लाइन का निर्माण दोनों तरफ से कर रहा है, यानी खुर्दा रोड और बलांगीर से। खुर्दा रोड से दसपल्ला तक 105.8 किलोमीटर और बलांगीर से सोनपुर तक 47 किलोमीटर का काम पहले ही पूरा हो चुका है। सोनपुर से पुरुणाकटक तक लगभग 73 किलोमीटर का काम कुछ महीनों में पूरा होने की उम्मीद है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

आम सूचना

हर आम वो खास को सूचित किया जाता है कि मौजा पुन्दाग, थाना-जगरनाथपुर, थाना न०-228, खाता न०-141, प्लॉट न0-1648 से संबंधित इस्तिफा पट्टा एवं कबुलियत पट्टा का ओरिजनल प्रति खो गया है, जिसके संबंध में मैंने दिनांक 12.02.2024 ई० को पुन्दाग ओ०पी० में एक प्राथमिकी दर्ज कराया हूं। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज मिलता है तो मुझसे सम्पर्क करें। जिसके लिए उचित इनाम दिया जायेगा।

कमलेश कुमार
पिता स्व० गणेश महतो
ग्राम-पुन्दाग, थाना-जगरनाथपुर
जिला-रांची, झारखण्ड
मो.-7992484421

विद्या कोचिंग सेंटर आदर्श नगर

निर्मल कुमार सिन्हा
बालूमाथ
मो.:-7004088789

यूनिवर्सल प्लानेट पब्लिक स्कूल

रवि कुमार
प्रधानाचार्य सह निदेशक
करमा (रामगढ)

बिरसा सरस्वती विद्या मंदिर

मनोज कुमार
प्राचार्य
बड़कीडुंडी (छोटकीडुंडी)

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**